हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, बुधवार 23 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 200, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### वोटिंग के दिन सार्जनिक अवकाश घोषित, आदेश जारी

रांची : राज्य सरकार ने 13 नवंबर और 20 नवंबर को वोटिंग के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है. कार्मिक ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया. बताते चलें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होना है. पहले चरण के लिए 13 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. पहले चरण में 43 और दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए चुनाव होगा.

### धनबाद में कांट्रेक्टर बाबला पर चली गोली, हालत चिंताजनक, जमीन विवाद में वारदात

धनबाद : 20 दिनों के अंदर गोलीबारी की दूसरी घटना ने कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल. कोयलांचल में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। 20 दिनों के अंदर गोलीबारी की दूसरी घटना कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। मंगलवार को एक बार फिर अपराधियों ने निगम कांट्रेक्टर और कभी गैंग्स ऑफ वासेपुर के "डॉन फहीम खान" को चुनौती देने वाले नया बाजार के बाबला खान पर गोली चलाई। गोली उनके पेट में लगी है। अपराधियों ने जिस पिस्टल से घटना को अंजाम दिया है, वह पिस्टल भागने के क्रम में घटनास्थल में ही गिर गयी। जिससे साफ जाहिर होता है फायरिंग करने वाले नौसिखुआ थे। गोली की आवाज सुनते ही लोगों में भगदड़ मच गयी। वहां मौजूद व्यवसाइयों ने बबला को फौरन एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जिस वक्त इस वारदात को अंजाम दिया गया बाबला अपने घर से रोजाना की तरह धनबाद के गया पुल के समीप चाय पिने बैठे ही थे की अपराधी उनपर फायर कर दी बाबला को बेहद करीब से गोली मारी गई. लोगो की माने तो यह पूरा घटना जमीन विवाद से जुड़ा है, बाबला पिछले दिनों धनबाद ट्रांसपोर्ट से एक जमीन खरीदी थी उसी जमीन के कारण ही नया बाजार के एक बिल्डर से उनका अदावत चल रहा था हालांकि मौके वरदात पर धनबाद के सीटी और रूरल एसपी, डीएसपी सहित धनबाद और बैंक मोड़ पुलिस पहुंच पुरे घटना की तहकीकात में जुट गए और अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए रेड की जा रही है.

### दूसरे चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी, 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 29 अक्टूबर तक होंगे नामांकन

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तीथि 29 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र मांडू है। जबकि, झरिया सबसे छोटा है। वहीं जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा बोकारो विधानसभा क्षेत्र है और सबसे छोटा सिल्ली है। उसी तरह सर्वाधिक मतदाता के दृष्टिकोण से बोकारो सबसे बड़ा और लिट्टीपाड़ा सबसे सबसे कम मतदाता वाला क्षेत्र है। इन 38 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष मतदाता 62,79,029 और महिला मतदातओं की संख्या 60,79,019 है। जबकि, थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 14,218 है। इनमें 2,414 केंद्र शहरी क्षेत्र में और 11,804 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाके में हैं। जबकि, थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए अब तक कुल 57 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा है। मंगलवार को 32 लोगों ने नामांकन किया है। अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 12 मामले दर्ज हुए हैं।

### हाईकोर्ट में हाजिर हुए राज्य के सभी विवि के वीसी और रजिस्ट्रार, कोर्ट ने रिक्तियों के बारे में पूछा

रांची(ईएमएस)।घंटी आधारित शिक्षक प्रसिला सोरेन की याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।सुनवाई के दौरान अदालत के आदेश के आलोक में राज्य के सभी यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार हाईकोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए।कोर्ट ने सभी वीसी से एक-एक कर यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति की जानकारी मांगी।अदालत में दी गई जानकारी के मुताबिक, ज्यादातर यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर का पद रिक्त है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2018 से नियुक्ति नहीं हुई है और 2023 से नियुक्ति के लिए कहा जा रहा है, ऐसे में नियुक्ति नहीं होना बेहद गंभीर विषय है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राज्य के सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की एडहॉक नियुक्ति की जाती है। पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए।इस मामले में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की।

### पुलिस और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड में करोड़ों की नकदी और सोना बरामद

कोडरमा (ईएमएस)। कोडरमा जिला मुख्यालय के निकट स्थित वृंदा गांव में एक होटल कारोबारी सुखदेव रजक के आवास पर पुलिस और आयकर विभाग की संयुक्त छापेमारी में करोड़ों रुपये की नकद राशि और भारी मात्रा में सोना मिला है। इस छापेमारी के दौरान नोटों की गिनती के लिए विशेष मशीन भी आई है। जानकारी के अनुसार, रजक छापेमारी के पहले ही अपने घर से फरार हो गया। रात करीब दो बजे मादक पदार्थों के कारोबार की सूचना पर पुलिस ने सुखदेव के आवास पर छापेमारी की। तलाशी अभियान मंगलवार दोपहर तक जारी रहा, जिसमें पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, सुखदेव के घर से भारी मात्रा में अफीम भी बरामद की गई है। इंकोम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम मंगलवार सुबह मौके पर पहुंची और बरामद की गई नकद राशि की गिनती शुरू की। बताया गया है कि रजक हजारीबाग जिले के बरही में एक होटल का संचालन करता है और उस पर मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप भी हैं।

### झारखंड चुनाव के लिए आरजेडी ने जारी की 6 उम्मीदवारों की लिस्ट

पटनाः झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए आरजेडी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है. आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का दावा किया था कि नहेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे और विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है. झारखंड के चुनावी मैदान में आरजेडी अपने 6 उम्मीदावरों का उतारा है. देवघर से सुरेंद्र पासवान, गोड्डा से संजय प्रसाद यादव, कोडरमा से सुभाष यादव, चतरा से रश्मी प्रकाश, विश्राम से नरेश प्रकाश सिंह, हुसैनाबाद से संजय कुमार सिंह यादव को आरजेडी ने टिकट दिया है. वहीं, झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सोमवार देर रात 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी थी. इनमें पांच महिलाएं शामिल हैं. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक से किनारा करते हुए 15 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है.

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

# राज्य में फिर से बनेगी झामुमो की सरकार

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जो अपने राज्य में यहां के आदिवासियों को आदिवासी का दर्जा नहीं दिला सके, वे झारखंड में आकर आदिवासियों के विकास की बात करते हैं। यह ताज्जुब की बात है। जब-जब चुनाव आता है, भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ जनता को छलने का काम करती है। लोगों को ऐसे मौकापरस्त राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है।मुख्यमंत्री मंगलवार को चांडिल प्रखंड के गांगुडीह फुटबॉल मैदान में ईचागढ़ से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो उम्मीदवार सविता महतो के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में झारखंड सरकार ने देश के अलग-अलग राज्यों से विशेष हवाई जहाजों और ट्रेनों से मजदूरों को घर लाने का काम किया।महामारी के दौरान विकास का काम ठप पड़ गया था।बावजूद इसके उन्होंने राज्य में किसी को भूखा मरने नहीं दिया।विपक्षी दलों ने सरकार को अस्थिर करने का प्रयास जारी रखा।राज्य में विकास का काम बाधित हो, इसलिए उन्हें जेल में भी डाला गया।बावजूद इसके राज्य में विकास की गंगा बही है।उन्होंने कहा कि आने वाली सरकार में ऐसी व्यवस्था बनाएंगे कि सरकारी कर्मी घर-घर जाकर आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र के अलावा जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन आदि के कागज बनाएंगे। गांव मजबूत होगा, तो पंचायतों का विकास होगा. पंचायतें मजबूत होंगी, तो प्रखंड मजबूत होगा, प्रखंड मजबूत होने से जिला मजबूत होगा और जिला मजबूत होता है, तो निश्चित रूप से राज्य मजबूत होगा।हेमंत सोरेन ने कहा कि विरोधी दल के दर्जन भर मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री को लगाकर राज्य की खनिज संपदा लूटने की प्रयास कर रहा है।

इसके लिए भाजपा ने पूरे देश के नेताओं को झारखंड भेजा है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के गरीबों के लिए इतना काम कर उन्हें इस कदर मजबूत करेंगे कि राज्य से गरीबी का नामोनिशान मिट जाएगा।विरोधी दलों ने उनकी सरकार को बंटी-बबली की सरकार बताया है, लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिए कि बंटी-बबली एक सुपरहिट फिल्म है और यह सरकार भी सुपरहिट रही।अगली सरकार राज्य में निश्चित रूप से झामुमो के नेतृत्व में बनेगी।डबल इंजन की सरकार सिर्फ हवा हवाई बात करती है. अगर केंद्र सरकार वास्तव में गरीबों का विकास चाहती है, तो झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया का भुगतान करे।उन्होंने एनडीए प्रत्याशी को नकली आंदोलनकारी बताया है।



## झारखंड विधानसभा चुनाव : प्रथम चरण के लिए अब तक 57 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रांची : निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर चुनाव से संबंधित जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा चुनाव के लिए अब तक कुल 57 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा है. मंगलवार को 32 लोगों ने नामांकन किया है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कर दी गयी है. इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है. उन्होंने बताया कि इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र मांडू है. जबकि झरिया सबसे छोटा है. वहीं जनसंख्या की दृष्टिकोण से सबसे बड़ा बोकारो विधानसभा क्षेत्र है और



सबसे छोटा सिल्ली है. उसी तरह सर्वाधिक मतदाता के दृष्टिकोण से बोकारो सबसे बड़ा और लिट्टीपाड़ा सबसे सबसे कम मतदाता वाला क्षेत्र है. इन 38 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष मतदाता 62,79,029 और महिला मतदाताओं की संख्या 60,79,019 है. जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है. कुल मतदान केंद्रों की संख्या 14,218 है. इनमें 2,414 केंद्र शहरी क्षेत्र में और 11,804 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाके में हैं. जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है.

#### अब तक 12 एफआईआर दर्ज

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 12 मामले दर्ज हुए हैं. उनपर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है. सर्वाधिक आठ मामले गढ़वा जिला में दर्ज हुए हैं. वहीं एक-एक मामले रांची, सरायकेला खरसांवा, धनबाद और सिमडेगा जिला में दर्ज हुए हैं. उन्होंने बताया कि चुनावी गतिविधि को प्रभावित करनेवाले तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है.
राज्य में कुल 290 चेकपोस्ट बनाये गये हैं. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 11.7 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं. सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस ने की है. प्रेसवार्ता के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित भोजपुरी गीत का वीडियो भी जारी किया गया.

## चक्रवाती तूफान "दाना" के कारण कई ट्रेनें रद्द

रांची : दाना तूफान को लेकर बंगाल और झारखंड में अलर्ट जारी किया गया है. दरअसल बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवात का असर झारखंड में भी दिखेगा. 23 से 25 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होगी. हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है. इसे देखते हुए चक्रवाती तूफान (साइक्लोन) "दाना" के कारण कई ट्रेनों को रद्द किया गया है. रद्द ट्रेनों की सूची इस प्रकार है.

1. ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली – भुवनेश्वर राजधानी (वाया – मूरी) 23 अक्टूबर को रद्द रहेगी
2. ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर – नई दिल्ली राजधानी (वाया – मूरी) 25 अक्टूबर को रद्द रहेगी
3. ट्रेन संख्या 18451 हटिया – पूरी तपस्विनी एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी



4. ट्रेन संख्या 18452 पूरी – हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी
5. ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर – धनबाद गरीबरथ एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी
6. ट्रेन संख्या 02831 धनबाद – भुवनेश्वर गरीबरथ एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी
7. ट्रेन संख्या 12875 पूरी – आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस (वाया – मूरी) 25 अक्टूबर को रद्द रहेगी

## झामुमो ने हेमंत सोरेन, कल्पना सहित 33 स्टार प्रचारकों की जारी की सूची

#### शिबू करेंगे लीड

रांची : विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की अगुवाई अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे। जबकि, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन समेत पार्टी के 33 स्टार प्रचारक होंगे। स्टार प्रचारकों की सूची सोमवार को झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने जारी की। इसे चुनाव आयोग को प्रेषित किया गया है। आयोग से आग्रह किया गया है कि इसकी अनुमति देते हुए वाहनों का पास निर्गत किया जाए।



#### स्टार प्रचारकों में इन नेताओं के नाम


स्टार प्रचारकों में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, नलिन सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद पांडेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू का नाम शामिल है।
इसके अलावा, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मोहन कर्मकार, अभिषेक कुमार पिंटू, जोबा मांझी, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफिजुल हसन का भी नाम शामिल है। इसके अलावा, वबेबी महतो, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, राजू गिरी, हेमलाल मुर्मू एवं सुनील श्रीवास्तव शामिल हैं। ये सारे नेता केंद्रीय नेतृत्व के साथ राज्य में वायु, सड़क और रेल मार्ग से यात्राएं करेंगे।

## आ रहा "दाना" तूफान, 23-25 अक्टूबर तक झारखंड में होगी बारिश

रांची : दाना तूफान को लेकर बेगाल और झारखंड में अलर्ट जारी किया गया है. दरअसल बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवात का असर झारखंड में भी दिखेगा. 23 से 25 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होगी. हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है.
मौसम केंद्र के अनुसार, 23 अक्टूबर को रांची सहित गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, खूंटी, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में बारिश की संभावना है. इन जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात की भी संभावना है.

#### 24 अक्टूबर को चार जिलों में होगी बारिश

24 अक्टूबर को राज्य के चार जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है. चक्रवात का असर सरायकेला-खरसांवा,



खूंटी, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा.

#### 25 अक्टूबर को रांची सहित आठ जिलों में बारिश

25 अक्टूबर को रांची सहित खूंटी, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा में बारिश की संभावना जताई गई है.

# पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से की मुलाकात, द्विपक्षीय सहयोग पर वार्ता शुरू

कजान : द्विपक्षीय बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। 15 वर्षों में ब्रिक्स ने अपनी विशेष पहचान बनाई है और अब विश्व के सफल देश इससे जुड़ना चाहते हैं। कल मैं ब्रिक्स सम्मलेन में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।

#### पुतिन ने जताया पीएम मोदी का आभार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि, मुझे याद है कि जुलाई में हमारी मुलाकात हुई थी और कई मुद्दों पर हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हमने कई बार टेलीफोन पर भी बात कर चुके हैं। कजान आने का निमंत्रण स्वीकार करने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। आज हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और उसके बाद रात्रिभोज करेंगे। आज होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अन्य नेताओं के साथ मिलकर हमें कुछ बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लेने चाहिए।

#### कजान में खुलेगा भारत का नया दूतावास : पीएम मोदी

रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस खूबसूरत शहर में आने का मुझे मौका मिला है। कजान में भारत का नया दूतावास खुलने से रूस और भारत के संबंध और मजबूत होंगे।

#### रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधः मोदी

द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रूस के साथ हमारे



ऐतिहासिक संबंध हैं। हमारी गहरी मित्रता है। हमारे संबंध और मजबूत होंगे। पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर बधाई दी। पीएम ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर हमारा संपर्क बना हुआ है। हर समस्या का हल शांति से ही हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम ने कहा कि भारत अपने रुख पर कायम है और शांति को लेकर हर संभव सहयोग करेगा। हम शांति और स्थिरता की बहाली का समर्थन करते हैं।

#### रूस के राष्ट्रपति के साथ चल रही बैठक

कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय वार्ता शुरू की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के कज़ान में होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर भारतीय प्रवासी समुदाय द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उनसे बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी रूस की अध्यक्षता में आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आए हैं। प्रधानमंत्री के ब्रिक्स सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है।
वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के हेरिटेज शहर कज़ान पहुंचे। उनके आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव ने गर्मजोशी से स्वागत किया।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कज़ान के होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर रूसी समुदाय के कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति से उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी रूस की अध्यक्षता में आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां पहुंचे हैं। रूस के कज़ान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत रूसी समुदाय के लोगों ने कृष्ण भजन के साथ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस के कज़ान पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वे रूस की अध्यक्षता में आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## गुमला में वेंटिलेटर का ग्रिल तोड़कर भाग गए दो बाल कैदी

गुमला(ईएमएस)।सदर अस्पताल गुमला में इलाज कराने आया बाल कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।पुलिस उसे तलाशने में जुटी है।बता दें कि सोमवार को बाल कैदी अस्पताल में लाया गया था। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे, बाल कैदी शौच के बहाने बाथरूम गया और वहां वेंटिलेटर का ग्रिल तोड़कर दो मंजिल से कूद गया।घटना की जानकारी मिलते ही रिमांड होम के कर्मियों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।इसके बाद मामले की सूचना गुमला थाना को दी गई। यह बाल कैदी सिमडेगा जिले के कुरडेग प्रखंड से चोरी के मामले में गुमला रिमांड होम में लाया गया था। 20 अक्टूबर को, रिमांड होम के अन्य बाल कैदियों के साथ उसकी लड़ाई हो गई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए सोमवार शाम को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिमांड होम के कर्मी प्रदीप साहू ने पुष्टि की है कि बाल कैदी की खोजबीन जारी है।

## गिरिनाथ सिंह सपा में शामिल करेंगे साइकिल की सवारी

रांची : गढ़वा की राजनीति में पिछले चार-पांच महीने से हलचल पैदा करने वाले पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह मंगलवार की शाम अचानक समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए. अब वह साइकिल की सवारी करेंगे. गढ़वा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों की मौजूदगी में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की. गिरिनाथ सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और उन्होंने इसकी घोषणा भी की थी. लेकिन समझा जा रहा है कि सिंबल के चक्कर में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है. समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद अब उन्हें साइकिल चुनाव चिन्ह मिल जाएगा. बताया जाता है कि अखिलेश यादव भी प्रचार में आ सकते हैं. बता दें कि गिरिनाथ सिंह पिछले 4 महीने से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा निकाल कर एक-एक गांव में घूम रहे हैं. सिंह के मैदान में आने के बाद गढ़वा का राजनीतिक परिदृश्य बदला-बदला सा है. यहां जेएमएम प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र तिवारी और गिरिनाथ सिंह के बीच ही चुनावी मुकाबला होने वाला है. गिरिनाथ सिंह लगातार पांच बार गढ़वा से विधायक चुने जा चुके हैं. लोकसभा चुनाव के पहले चतरा से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुए थे. लेकिन यह सीट कांग्रेस के खाते में थी इसलिए वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे.

## गढ़वा में 200 से अधिक लोगों ने थामा झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन

गढ़वा(ईएमएस)।विधानसभा चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है राजनीतिक दलों में भगदड़ मच गई है। भारतीय जनता पार्टी, भारतीय समाज पार्टी, राजद सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों सहित 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। मंगलवार को पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया।पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भारतीय समाजवादी पार्टी के प्रमुख याकुब इकबाल, राजद के डंडा प्रखंड सचिव उपेंद्र चौधरी, नवादा पंचायत के मुखिया आषा देवी, उप मुखिया लक्ष्मण राम, वार्ड सदस्य विरेंद्र राम, अनिता देवी, तौफीक अंसारी, सलीका खातुन, दिनेश कुमार, रेणु देवी, चैतु भुईयां, सरिता देवी, माया देवी, सरोज देवी, मेराल प्रखंड के पढुआ से भाजपा छोड़कर मनोज ठाकुर एवं संतोष कुमार यादव सहित राजू यादव, विनोद ठाकुर, विमलेश गुप्ता, सोनू कुमार यादव, मिथिलेश रवि, गोल्डेन चंद्रवंशी, सुभाष चंद्रवंशी, विनय ठाकुर, राहुल यादव, राजेंद्र यादव सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

## स्वीप के तहत प्रखंडों में रंगोली के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

खूंटी(ईएमएस)।विधानसभा निर्वाचन को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज खूँटी जिला के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य स्थानों पर सहिया समेत अन्य द्वारा रंगोली के माध्यम से क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर आमजनों को खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मतदान की विशेषता बताते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## हाईकोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले पर ठोका एक लाख जुर्माना

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाईकोर्ट ने रामगढ़ जिला के भुरकुंडा और उसके आसपास के इलाके में कोयला,लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन व अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए जनहित याचिका दायर करने वाले प्रार्थी संतोष पाठक पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।इसके साथ ही अदालत ने मंगलवार को प्रार्थी की दलील सुनने के बाद जनहित याचिका खारिज कर दी।हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों के जनहित याचिका में जो आरोप लगाए गए हैं, उसकी पुख्ता जानकारी प्रार्थी की ओर से नहीं दी गई है।जबकि प्रार्थी की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर के ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग और 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा है।

## लातेहार में रघुपाल ने थामा बसपा का दामन मनिका में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

लातेहार। मनिका विधानसभा क्षेत्र में इस बार चुनाव दिलचस्प होने की संभावना है।भाजपा और कांग्रेस के बाद अब मनिका में बसपा की भी इंट्री हो चुकी है। बसपा ने रघुपाल सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है।जबकि भाजपा से हरिकृष्ण सिंह व कांग्रेस से विधायक रामचंद्र सिह मैदान में हैं। रघुपाल सिंह का खरवार एवं अन्य समुदायों में खासी पकड़ है। कहना गलत नहीं होगा कि इस बार मनिका में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।बता दें कि रघुपाल सिंह वहीं है जिन्होने वर्ष 2019 में भाजपा के सिबंल पर चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे।कांग्रेस के रामचंद्र सिंह ने उन्हें हराया था।रामचंद्र सिंह को 74000 और रघुपाल सिंह को 57760 वोट मिले थे। रघुपाल सिंह 16240 वोटों से पीछे रह गये थे।दो बार के सीटिंग विधायक हरिकृष्णा सिंह का टिकट काट कर भाजपा ने रघुपाल सिंह पर दांव खेला था और यह दांव उल्टा पड़ गया था। इसके बाद रघुपाल सिंह पिछले साल राजद में शामिल हो गये।उन्हें उम्मीद थी कि इस चुनाव में यह सीट राजद को मिलेगी। लेकिन गठबंधन के तहत मनिका विधानसभा सीट कांग्रेस के पाले में चली गयी है।यहां से कांग्रेस के सीटिंग विधायक रामचंद्र सिह के लिए यह सीट राजद को छोड़नी पड़ी।

## नक्सलियों का तीन एसएलआर मैगजीन व 125 पीस गोली बरामद

चाईबासा : चाईबासा पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान दल ने सर्च अभियान में मंगलवार को कराईकेला थानान्तर्गत केराबीर पहाड़ी की उत्तरी तलहटी में कुर्जुली गांव के बांद्रागाड़ा टोला के समीप दो नक्सल डम्प से तीन पीस एसएलआर मैगजीन और 125 पीस 7.62 एमएम एसएलआर की गोली बरामद किया है. यह जानकारी चाईबासा पुलिस ने दी है. चाईबासा पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान, सारंडा, पोड़ाहाट क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं.

इन्हें पकड़ने के लिए चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन. 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 157 बटालियन 134 बटालियन, 26 बटालियन,11 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त दल गठित कर लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है.

# विधानसभा उपचुनाव : 13 राज्यों की 47 सीटें कई दिग्गजों के भविष्य का करेंगी फैसला




रांची(ईएमएस)। देश के 13 राज्यों में विधानसभा की 47 सीटों पर उपचुनाव होना है। ये वो सीटें हैं जिनमें से अधिकांश सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने के कारण रिक्त हुई हैं। बिहार में 4, उत्तर प्रदेश में 10 और पश्चिम बंगाल में 6 सीटें शामिल हैं। बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की अहमियत बढ़ गई है, खासकर लोकसभा चुनाव में भाजपा की अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के कारण। ममता बनर्जी की टीएमसी ने बंगाल में भाजपा को नुकसान पहुंचाया, वहीं उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्ष ने भी भाजपा के खिलाफ प्रभावी रणनीति अपनाई। बिहार में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान हुआ, जबकि एनडीए की सहयोगी जेडीयू की भी 4 सीटें कम हुईं। तेजस्वी यादव, जो पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बूते विपक्षी गठबंधन के विधायकों की संख्या 110 तक ले गए थे, उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं। जबकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने विकास कार्यों पर भरोसा रखते हैं।

बिहार में अगले साल यानी 2025 में विधानसभा का पूर्णकालिक चुनाव होना है, जबकि पश्चिम बंगाल में 2026 और उत्तर प्रदेश में 2027 में चुनाव होंगे। इन उपचुनावों को महत्वपूर्ण इसलिए माना जा रहा है क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति कमजोर रही है। इन नतीजों को सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सीएम योगी, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर की प्रतिष्ठा दांव पर है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने भाजपा को भारी नुकसान पहुंचाया है, और भाजपा को अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। ममता बनर्जी को भी कई मुद्दों पर जवाब देना होगा, जिसमें भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार के खिलाफ बने माहौल को लेकर भाजपा द्वारा उठाए गए सवाल शामिल हैं। इस प्रकार, उपचुनाव सभी राजनीतिक दलों के लिए अग्निपरीक्षा साबित होने वाले हैं, और नतीजे आगामी विधानसभा चुनावों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज भी इस समय एक नया सियासी ध्रुव बनकर उभरी है। उन्होंने बिहार में बदलाव का माहौल तैयार करने के लिए कई नए चेहरे मैदान में उतारे हैं, जिसमें सेना के रिटायर्ड जेनरल एसके सिंह का नाम भी शामिल है। उत्तर प्रदेश में, भाजपा ने उम्मीदवार चयन में खुली छूट दी है और अंतर्कलह को खत्म करने की कोशिश कर रही है। अगर योगी आदित्यनाथ उपचुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, तो यह लोकसभा चुनाव में पार्टी की खस्ताहाली के कारणों को स्पष्ट कर सकता है।

## एसबीपीएस में इंटर हाउस प्रदर्शनी 'एफर्वेसेन्स-2024'



रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) रांची ने 'एफर्वेसेन्स-2024' इंटर हाउस प्रदर्शनी का आयोजन किया. इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने किया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके विचारों को प्रदर्शित करने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्रदान करना था. प्रत्येक हाउस ने अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, सामान्य ज्ञान, फ्रेंच और जर्मन जैसे विषयों से जुड़े प्रोजेक्ट्स को कार्यशील मॉडल जैसे स्मार्ट सिटी, सेंसर ऑपरेटेड फ्यूचर वर्ल्ड, मार्सियन्स, नैनोबोट्स, कठपुतली शो और लाइव प्रदर्शनों के रूप में प्रस्तुत किया. छात्रों ने अपनी रुचि और ज्ञान के आधार पर विभिन्न खेलों का भी प्रदर्शन किया.

### रोबोट डस्टबिन को निर्णायकों ने बहुत सराहा

वहीं आर्ट इंस्टॉलेशन में प्लास्टिक कचरे से बने मॉडल भी प्रस्तुत किए गए. जिसका थीम था 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट'. रोबोट डस्टबिन को निर्णायकों ने बहुत सराहा. प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए सभी मॉडलों और प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया गया. छात्रों की रचनात्मकता और मेहनत की सभी ने सराहना की. प्रदर्शनी प्रतियोगिता में यजुर्वेद हाउस को विजेता घोषित किया गया, जबकि दूसरा स्थान ऋग्वेद हाउस ने हासिल किया.

### आर्ट इंस्टॉलेशन में अथर्वेद हाउस बना विजेता

आर्ट इंस्टॉलेशन प्रतियोगिता में अथर्वेद हाउस को विजेता घोषित किया गया तथा दूसरा स्थान सामवेद हाउस ने हासिल किया. परमजीत कौर ने कहा कि शिक्षा में कला का समावेश न केवल अध्ययन को रोचक बनाता है, बल्कि यह छात्रों के तनाव को भी कम करता है. उन्होंने कहा कि सीबीएसई मौजूदा पाठ्यक्रम में एनईपी 2020 के उद्देश्यों को एकीकृत करने का प्रयास कर रहा है. उन्होंने कक्षाओं में समावेश को बढ़ावा देने वाले 'करके सीखने' के महत्व पर भी जोर दिया.

## समय पूर्व चुनाव भाजपा की सोची समझी साजिश : कल्पना



गिरिडीह (ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगा दिए हैं। कल्पना का कहना है कि बीजेपी ने सोची समझी साजिश के तहत चुनाव समय से पहले करवा रही है। कल्पना ने कहा कि बीजेपी चुनाव आयोग पर दबाव बनाकर अपने हिसाब से चुनाव करा रही है। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का उदाहरण देकर कहा कि वहां समय पर चुनाव हो रहे हैं, जबकि झारखंड में जल्दबाजी में चुनाव कराए जा रहे है।

सीएम सोरेन की पत्नी कल्पना ने चुनाव के चरण घटाकर पांच से दो करने पर भी सवाल उठाए। साथ ही कल्पना ने ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का समय एक घंटा कम करने के फैसले की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण मतदाताओं, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं को परेशानी होगी। कल्पना ने कहा, कई ग्रामीण मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह गरीबों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं को वोट देने से वंचित करने का एक प्रयास है, जो हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं।

बीजेपी पर निशाना साधकर कल्पना ने आरोप लगाया कि पार्टी ने हेमंत को मुख्यमंत्री रहते हुए जेल भेजने की कोशिश की।

## बाइक से नक्सलियों के गढ़ पहुंचे डीआईजी सुरेन्द्र, की अपील- बिना डरे करें मतदान

रांची : विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है. इसी दौरान मंगलवार को खुद बाइक चलाकर बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा सुदूर नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंचे. इस दौरान डीआईजी ने सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ललपनिया, जागेश्वर विहार, तिलैया, दनिया, रहावन और झुमरा पहाड़ स्थित बूथों, फ़ोर्स आवासन स्थान, फ़ोर्स मूवमेंट, नक्सलियों के छुपने के स्थान आदि की समीक्षा की. इस दौरान डीआईजी ने सूदरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत पदाधिकारी और जवानों के मनोबल को बढ़ाते हुए सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जवानों को उत्साहित किया.

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर काम करती है भाजपा : बाबूलाल



रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करती है. पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाया. मोदी सरकार महिलाओं को लखपति बना रही है. वे मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे. इस दौरान काफी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

### भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें

मरांडी ने कहा कि चुनाव का समय है. इस चुनाव में अपने पड़ोस के लोगों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें. पिछले 5 साल में हेमंत सरकार ने झारखंड के लोगों को ठगा है. भाजपा जो कहती है, वह करती है. इसका प्रमाण है. प्रधानमंत्री ने लोगों से जो वादा किया, उसे पूरा किया. इसलिए किसी के बहकावे में नहीं आए. झारखंड को लूटने वालों के झांसे में नहीं फंसे. भाजपा की सरकार झारखंड में बनाएं.

### इन्होंने थामा भाजपा का दामन

इरफान अंसारी, साबिर, मजलूम अंसारी, अहमद अंसारी, सकीना खातून, गुड़िया परवीन, तरन्नुम परवीन, प्रीति कुमारी, बीर वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी का हाथ थामा. इसके अलावा चाईबासा जिला परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता राजश्री सवईयां अपने पति नवीन सवईयां ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

## उत्पाद विभाग ने अवैध शराब किया बरामद, दो गिरफ्तार

रांची। उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया. साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम ने नामकुम थाना क्षेत्र के राजाउलातू, इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी, अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पिपरटोली और नगड़ी थाना क्षेत्र के जाजपुर में छापामारी की।इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया।साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

झारखण्ड सरकार
उपायुक्त का कार्यालय
(जिला बाल संरक्षण इकाई), धनबाद
मिश्रित भवन, Ground Floor, कमरा नम्बर - 7
दुरभाष - 7903353045, Email ID - dcps-dhanbad@jharkhandmail.gov.in

गुमशुदा बालिका की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमशुदा बालिका के बार में पता लगाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत है–



नाम– मुन्नी कुमारी
उम्र– 07 वर्ष
लिंग– स्त्री
पिता का नाम– भोला हेम्ब्रम
माता का नाम– टुडु हांसदा
पता– सरिया, गिरीडीह।

बालिका मुन्नी कुमारी, उम्र–07, वर्ष, पिता–भोला हेम्ब्रम, माता–टुडु हांसदा, भाई– मुन्ना,पता–सरिया, गिरीडीह है।

उक्त बालिका को बाल कल्याण समिति, धनबाद के आदेशानुसार आश्रय हेतु बालिका गृह, धनबाद में रखा गया है।

आम जनता से अपील है कि इस बालिका के संबंध में अगर कोई जानकारी उपलब्ध हो तो जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद के संपर्क नम्बर–7903353045 पर जानकारी दे सकते है अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, धनबाद के कार्यालय मिश्रित भवन के कमरा नम्बर–7 में जानकारी दे सकते है।

**कार्यालय का पता:–**
जिला बाल संरक्षण इकाई,
मिश्रित भवन के कमरा नं0–7, धनबाद। संपर्क नं0–7903353045

(साधना कुमारी)
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद
PR 339410 Social Welfare,Women and Child Development (24-25)_D

## कांग्रेस पार्टी के हुए राधा कृष्ण किशोर
### प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ मिलन समारोह




रांची(ईएमएस)।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित मिलन समारोह में पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। श्री किशोर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश कांग्रेस के वरीय को ऑर्डिनेटर मोहन मार्क्रम ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई।इस अवसर पर श्री कमलेश ने कहा कि राधा कृष्ण किशोर के कांग्रेस में आने से झारखंड में कांग्रेस को निश्चित रूप से नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया। अपने क्षेत्र के विकास के लिए यह सतत प्रयत्नशील रहे। लंबे राजनीतिक जीवन में इन्होंने हमेशा जनता के हितों के बारे में चिंता जाहिर की तथा झारखंड की आर्थिक समृद्धि के बारे में चिंतित रहे।कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राधा कृष्ण किशोर आर्थिक मामलों के अच्छे जानकार हैं और क्षेत्र के विकास के लिए विशेष रूप से हमेशा वित्तीय प्रबंधन की सिफारिश किया करते थे। विगत चार दशक से व्यक्तिगत और राजनीतिक रूप से किशोर जी के साथ आर्थिक और राजनीतिक मसलों पर विमर्श होता रहा। इन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के कई कार्य किया तथा उग्रवाद प्रभावित छतरपुर विधानसभा को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया।सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्री किशोर ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मुझे कांग्रेस से दूर होना पड़ा था लेकिन मैं जहां भी रहा कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों से बंधा रहा। अपने राजनीतिक जीवन में मैने इंदिरा जी को अपना आदर्श माना था और आज भी कांग्रेस के साथ मेरा अटूट रिश्ता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में सिर्फ छतरपुर विधानसभा ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल और राज्य स्तर पर महागठबंधन और कांग्रेस की मजबूती दिखेगी। मिलन समारोह के पश्चात कांग्रेस द्वारा घोषित उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल प्रदान किया गया।

सिंबल लेने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव,बन्ना गुप्ता, रामचंद्र सिंह नमन विक्सल कौन गाड़ी,भूषण बाड़ा,जेपी भाई पटेल,अजय नाथ शाहदेव के अलावा अन्य उम्मीदवारों के प्रतिनिधि शामिल थे।श्री केशव महतो कमलेश एवं डॉ रामेश्वर उरांव ने सभी प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस प्रत्याशी जयमंगल बेरमो से 24 को करेंगे नामांकन,किया जनसंपर्क

बोकारो। बेरमो विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। अनूप सिंह जनता का आशीर्वाद लेने के लिए जन आशीर्वाद यात्रा के तहत मंगलवार को जारंगडीह पहुंचे। यहां वॉलीबॉल ग्राउंड के पास कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

"सुदृढ़ प्रजातन्त्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,धनबाद
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail id:- electiondhanbad@gmail.com)

–:: आम सूचना ::–

जिलान्तर्गत सभी प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों/राजनीतिक दलों हेतु सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के प्रेस नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु तारीखों की घोषणा दिनांक 15.10.2024 को कर दी गई है जिसके उपरांत संपूर्ण जिलें में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इस निमित्त जिलें में संचालित सभी प्रिंटिंग प्रेस/राजनैतिक दलों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पंपलेट, पोस्टर, हेण्डबिल, होर्डिंग्स मुद्रण संबंधित अनुदेशों 127 "क" का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिससे संबंधित विस्तृत निदेश जिला के वेबसाईट www.dhanbad.nic.in पर उपलब्ध है। सभी प्रिन्टिंग प्रेस पंपलेट, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम और पता मुद्रित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुद्रित सामग्री की दो प्रति, एपेन्डिक्स 'ए' एवं 'बी' आदर्श आचार संहिता कोषांग (अनुमंडल कार्यालय, धनबाद) को तथा अनुसूची 2 लेखा दल को मुद्रण के तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के पोस्टर, पंपलेट, होर्डिंग्स मुद्रण संबंधी अनुदेशों के अवहेलना की स्थिति में विधि–सम्मत् कार्रवाई की जाएगी।

"मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें। मतदाता सूची में निबंधन करायें, मतदान का अधिकार पायें।"

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, धनबाद
PR 339401 Election(24-25).D

## संक्षिप्त खबरें

### सेल प्रतिष्ठित एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित



बोकारो : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन -2024 में 'समावेश, समानता और विविधता में उत्कृष्टता' और 'डिस्ट्रीब्यूटेड वर्कफोर्स प्रबंधन में उत्कृष्टता' श्रेणियों में एसएचआरएम-एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. ये पुरस्कार सेल द्वारा देश भर में फैले अपने विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में, संगठन के कार्यबल के समावेशी विकास के लिए अपनाई जा रही अग्रणी मानव संसाधन प्रणालियों और पहलों का प्रमाण हैं. कंपनी अपने कार्मिकों को अपनी सफलता का मूल आधार और अपने सभी परिचालनों का केंद्रबिन्दु मानती है. कंपनी बेहतर कार्मिक प्रेरणा और जुड़ाव के लिए, लगातार विभिन्न कदम उठा रही है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयंत चौधरी ने उपरोक्त सम्मेलन के दौरान श्रोताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उद्योग जगत के कई दिग्गजों ने भी अपने विचार और अंतर्दृष्टि साझा किए। एक संवाद सत्र के दौरान, सेल निदेशक (कार्मिक) श्री के. के. सिंह ने सेल द्वारा अपनाए गए अभिनव मानव संसाधन प्रणालियों को साझा किया और समकालीन 'प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण' में एक रिजिलिअन्ट वर्कफोर्स बनाने में मानव संसाधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला.

# अशोक रजक को खोरठा भाषा से जेआरएफ में मिली सफलता

धनबादः स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग से खोरठा भाषा में पीएच.डी कर रहे छात्र अशोक कुमार रजक ने यूजीसी नेट/जेआरएफ - 24 की परीक्षा में जेआरएफ में सफलता पाया है । जिला बोकारो चास प्रखंड , बिजुलिया पंचायत के टुघरी गांव के निवासी साधु चरण रजक व पुतुल देवी के सबसे छोटे पुत्र है । अशोक कुमार रजक का शोध विषय है -"खोरठा भाषा के विकास में कोयलांचल के साहित्यकारों का योगदान । इनके शोध निदेशक है डॉ आशीष कुमार ,सहायक प्राध्यापक ,कतरास कॉलेज कतरास । महावीर उच्च विद्यालय बिजुलिया बोकारो से मैट्रिक , इंटर व स्नातक चास कॉलेज चास बीएसटी कॉलेज बोकारो से बीएड तथा ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,रांची से M.A(खोरठा) किया है । अशोक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ ,कोयलांचल विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह , डॉ. रीता सिंह सहित डॉ. मुकुंद रविदास को दिया है । पिछले दो वर्षों से लगातार डॉ.मुकुंद रविदास के दिशा निर्देश में इसकी तैयारी कर रहा था । अशोक के इस सफलता से उसके बड़े भाई मुकेश कुमार रजक तथा बड़ी भाभी संगीता



कुमारी के साथ-साथ सधर्मिणी लक्ष्मी कुमारी ने खुशी व्यक्त किया है । अशोक गरीब परिवार से है तथा काफी कठिनाई से अब तक की शिक्षा प्राप्त किया ।उनका मानना है कि मंजिल प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी निरंतर व दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी करते रहना चाहिए । एक दो बार की असफलता से निराश नहीं होना चाहिए । पढ़ाई में गरीबी या अमीरी मायने नहीं रखता है । अशोक ने इस सफलता से चंदनक्यारी सहित झारखंड के सभी खोरठा भाषियों का नाम रोशन किया है । इस वर्ष खोरठा भाषा में मात्र एक ही प्रतिभागी का चयन हुआ है । खोरठा भाषा के सभी शिक्षकों ने कहा है कि इसकी सफलता से प्रेरित होकर अन्य विद्यार्थी भी अपने सपनों को पूरा करेंगे । बधाई देने वालों में रांची विश्वविद्यालय खोरठा भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शशि कुमारी ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी से विभागाध्यक्ष डॉ.विनोद कुमार, डॉ. अनाम ओहदार विभागाध्यक्ष राधा गोविंद विश्वविद्यालय ,डॉ. दिनेश दिनमणि , डॉ. रितु घासी, डॉ.रिया डे (सभी रांची विश्विद्यालय के सहायक प्राध्यापक ) संदीप कुमार महतो , पांडव कुमार महतो, चंद्रदेव महतो, आनंद महतो,विनय तिवारी खोरठा गीतकार , डॉ. कृष्णा गोप,श्याम सुंदर महतो , शांति भारत , महेंद्र प्रबुद्ध,गजाधर महतो,प्रयाग महतो,नेतलाल यादव, शिरोमणि महतो ।

## पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

रांचीः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित मिलन समारोह में पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। किशोर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव प्रदेश कांग्रेस के वरीय को ऑर्डिनेटर मोहन मार्क्रम ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर श्री कमलेश ने कहा कि श्री किशोर के कांग्रेस में आने से झारखंड में कांग्रेस को निश्चित रूप से नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। विधायिका के अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया। अपने क्षेत्र के विकास के लिए यह सतत पर्यत्नशील रहे। लंबे राजनीतिक जीवन में इन्होंने हमेशा जनता के हितों के बारे में चिंता जाहिर की तथा झारखंड की आर्थिक समृद्धि के बारे में चिंतित रहे। कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राधा कृष्ण किशोर आर्थिक मामलों के अच्छे जानकार हैं और क्षेत्र के विकास के लिए विशेष रूप से हमेशा वित्तीय प्रबंधन की सिफारिश किया करते थे। विगत चार दशक से व्यक्तिगत और राजनीतिक रूप से किशोर जी के साथ आर्थिक और राजनीतिक मसलों पर विमर्श होता रहा। इन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के कई कार्य किया तथा उग्रवाद प्रभावित छतरपुर विधानसभा को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्री किशोर ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मुझे कांग्रेस से दूर होना पड़ा था लेकिन मैं जहां भी रहा कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों से बंधा रहा। अपने राजनीतिक जीवन में मैने इंदिरा जी को अपना आदर्श माना था और आज भी कांग्रेस के साथ मेरा अटूट रिश्ता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में सिर्फ छतरपुर विधानसभा ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल और राज्य स्तर पर महागठबंधन और कांग्रेस की मजबूती दिखेगी।

मिलन समारोह के पश्चात कांग्रेस द्वारा घोषित उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल प्रदान किया गया। सिंबल लेने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव श्री बन्ना गुप्ता, रामचंद्र सिंह नमन विक्सल कौन गाड़ी,भूषण बाड़ा,जेपी भाई पटेल,अजय नाथ शाहदेव के अलावा अन्य उम्मीदवारों के प्रतिनिधि शामिल थे । श्री केशव महतो कमलेश एवं डॉ रामेश्वर उरांव ने सभी प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस के वरीय कोऑर्डिनेटर मोहन मार्क्रम स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा,सोनाल शांति, मदन मोहन शर्मा,कमल ठाकुर गौतम उपाध्याय, राजन वर्मा उपस्थित थे।

### बी एस एल के सतर्कता विभाग के द्वारा बांसगोड़ा में सतर्कता जागरूकता सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



बोकारो : 22 अक्टूबर को बी एस एल के सतर्कता विभाग के द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा के सामुदायिक केंद्र में सतर्कता जागरूकता सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बोकारो जिला स्वीप कोषांग के प्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमे लगभग 70 महिलाओं को जीवन के व्यक्तिगत और सामाजिक क्षेत्र में सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ श्री ज्ञानेश झा के साथ , परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा की मुखिया श्रीमती सावित्री मुर्मू , बोकारो जिला स्वीप कोषांग के श्री बसंत कुमार, श्री ए के अविनाश महा प्रबंधक (नगर प्रशासन), बी एस एल के सी एस आर विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे. परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य शिकायत निवारण तंत्र और सतर्कता का महत्व तथा राष्ट्र की प्रगति में सतर्कता प्रशासन के प्रति जागरूकता फैलाना था. तत्पश्चात जिला स्वीप कोषांग के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की प्रगति में उनके मतदान के अधिकार और उसमें उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री अशोक कुमार , प्रबंधक (एल &ए) के द्वारा किया गया.

### स्कूली छात्रों के बीच चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो : सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत 22 अक्टूबर को डीएवी इस्पात विद्यालय, सेक्टर 12/ई स्कूल के कुल 90 विद्यार्थियों के बीच चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ श्री ज्ञानेश झा के साथ सतर्कता विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री शनि रंजन, स्कूल के प्रधानाचार्य श्री योगेंद्र प्रताप तथा शिक्षक श्री मनोज कुमार मिश्रा उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागत गीत से किया गया. स्कूली छात्रों के बीच आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके प्रारंभिक शिक्षा में नैतिक मूल्यों और अखंडता को विकसित करने के लिए जागरूकता फैलाना था. कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता (सीनियर विंग) और ड्राइंग प्रतियोगिता (जूनियर विंग) के दो समूहों में "राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति" विषय पर आयोजित किया गया.बच्चों ने विभिन्न क्षेत्रों में एआई के बारे में विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के विजेताओं को दिनाँक 02.11.2024 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की शिक्षिका श्रीमती प्रिया सिंह के द्वारा किया गया.

### लाइफलॉन्ग कंपनी ने अपने उत्पाद को झारखण्ड में उतारा

रांचीः कचहरी रोड स्थित होटल गंगा रेसिडेंसी में आयोजित प्रेस वार्ता में अपने संबोधन में लाइफलॉन्ग कंपनी के झारखण्ड बिहार बिज़नेस प्रभारी अंजनी कुमार झा ने कहा की यह कंपनी अपने ग्राहकों को घरेलु उपकरण के साथ साथ हेल्थ वेलनेस की भी सभी उत्पाद उपलब्ध करा रही है।यह आई.एस.ओ. प्रमाणित कंपनी है जो उच्च गुणवता मानकों के साथ नवीनतम तकनीक से सुसज्जित है । पहले लाइफलॉन्ग कंपनी अपने उत्पाद सिर्फ ऑनलाइन द्वारा ही अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा रही थी लेकिन अब यह उत्पाद झारखण्ड के वितरक मेसर्स रेनबो मार्केटिंगस के द्वारा सभी प्रमुख स्टोर्स में उपलब्ध रहेगी। रेनबो मार्केटिंग्स के द्वारा ही कंपनी के सभी प्रोडक्ट्स डीलर के माध्यम से उपभोक्ता तक पहुंचाई जाएगी जिससे अब ग्राहक अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स हांथो हाथ देख समझ कर खरीद सकेंगे । अब कंपनी के मुख्य उत्पाद मिक्सर ग्राइंडर,आयरन,इंडक्शन चूल्हा,गैस चूल्हा,एयर फ्रायर,साइकिल,हेल्थ वेलनेस के उत्पाद के साथ लगभग 200 प्रोडक्ट्स अपने डीलर के माध्यम से उपभोगताओं को उपलब्ध कराई जाएगी| मौके पर रेनबो मार्केटिंग के पार्टनर अनूप आनन्द ने कहा कि आने वाले समय में कंपनी और भी प्रोडक्ट्स अपने उपभोगताओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार उपलब्ध कराएगी वहीं कंपनी के जनरल मेनेजर मिस्टर बी.एन.झा ने कहा की लाइफलॉन्ग के प्रोडक्ट्स उच्च गुणवता के साथ सस्ते मूल्य पर आपलोंगो तक सहजता से पहुंचाई जा सके यही कंपनी का मुख्य उद्देश्य है।

आज के प्रेसवार्ता में मुख्यरूप से कनक मार्केटिंग के निदेशक ममता मिश्रा,प्रशांत कुमार सहित रेनबो मार्केटिंग की पार्टनर रिया केडिया,शिव किशोर शर्मा आदि मौजूद थे।

### 350 लीटर अवैध महुआ शराब और 6000 किलो जावा महुआ जब्त

गिरिडीह (ईएमएस)। चुनाव के मद्देनजर जिले के लोकायनयनपुर थाना के थानसिंहडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत कारी पहाड़ी के घने जंगल में ड्रोन के मदद से छापामारी की गई। छापामारी के दौरान जावा महुआ 6000 किग्रा एवं 350 लीटर अवैध महुआ शराब के अलावे काफी संख्या में शराब बनाने वाले उपकरण को जब्त किया गया। वहीं शराब भट्टी को नष्ट किया गया। इस छापामारी का नेतृत्व उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक रवि रंजन कर रहे थे। उन्होंने बताया की इस मामले में 5 अवैध शराब कारोबारी को अभियुक्त बनाते हुए उनके विरुद्ध फ़रार अभियोग दर्ज किया गया है। छापामारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक रवि रंजन के अलावे, पुलिस अवर निरीक्षक, लोकायनयनपुर थाना अमित कु० चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक, थानसिंहडीह थाना निरज कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद, नवादा ज़िला, बिहार शशिभूषन कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद, नवादा ज़िला, बिहार नीतिश कुमार, एव सशस्त्र बल के जवान एव अन्य शामिल थे।

## जिले के 20,57, 317 मतदाता करेंगे चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग : जिला निर्वाचन पदाधिकारी




### चुनाव के लिये नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई शुरू, पहले दिन किसी ने नहीं किया नामांकन : उपायुक्त

गिरिडीह (ईएमएस)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आज से नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन नहीं किया गया। हालांकि पहले दिन कुल 26 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई है। जिनमे धनवार विधानसभा से 9, बगोदर से 7. डुमरी से चार तथा जमुआ, गांडेय और गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में दो-दो नामांकन पत्रों की बिक्री की गई है। मंगलवार की शाम समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त श्री लकड़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव में जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिये कुल 20,57, 317 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें पुरुष मतदाता 10, 52,707 तथा 10,02,750 महिला मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 नवंबर को 2393 बूथ पर जिले के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बताया कि गिरिडीह में 1675 भवन में 2204 बूथ बनाए गए हैं। बाकी के बूथ सीमावर्ती जिले में स्थित है। उपायुक्त ने ने बताया कि सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी। बताया कि मतदान में 10, 500 हजार मतदान कर्मी को लगाया जाएगा। वहीं प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि जिले के 14 नक्सल प्रभावित बूथ में जहां सुबह 7 से शाम 4:00 बजे तक मतदान का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा गया है। इन 14 बूथों में गांवा प्रखंड के चार, भेलवाघाटी के खुखरा के एक तथा हरलाडीह के चार बूथ प्रस्तावित है। एसपी ने बताया कि जिले में सात स्थान पर इंटरस्टेट चेक नाका बनाया गया है। जहां सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए 80 कंपनी फोर्स की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद 3.62 लाख मूल्य के 2729 लीटर लिकर जब्त कर उसे नष्ट किया गया है, वहीं 19.35 लाख मूल्य का जावा महुआ बरामद की गई है। जबकि एक लाख रुपये नगदी भी जब्त किया गया है। बताया कि एसएसटी चेक नाका मंगलवार से शुरू कर दी गई है। प्रेसवार्ता में अपर समाहर्ता बिजय सिंह बिरुआ, डीएसओ गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रँथु महतो, जिलाजनसम्पर्क पदाधिकार अंजना भारती आदि मौजूद थे।

### बी एस एल के कोक एंड केमिकल विभाग में ई. एस. जी. पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट डी- कार्बोनाइजेशन के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल हरित इस्पात का उत्पादन, सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा के तहत अपशिष्ट पदार्थों की री-साइकिलिंग सहित पर्यावरण अनुकूल संरक्षण हेतु कई अभिनव पहल कर रही है. इसी क्रम में 22 अक्टूबर को बी एस एल के कोक एंड केमिकल विभाग में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग तथा पर्यावरण नियंत्रण विभाग के द्वारा ई. एस. जी. पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सी & सी सी) श्री राकेश कुमार के साथ महा प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा, महा प्रबंधक (ई सी एस ) श्री एन पी श्रीवास्तव, महा प्रबंधक (ई सी एस) श्रीमती प्रीति झा, सहायक महा प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री अमित आनंद उपस्थित थे. कार्यशाला में सहायक महा प्रबंधक (ई सी एस) श्री नितेश रंजन के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ई. एस. जी. के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी तथा पर्यावरण-अनुकूल हरित इस्पात का उत्पादन तथा पर्यावरण अनुकूल संरक्षण विषय पर एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया.

## विधानसभा चुनाव : नामांकन के पहले दिन जिले के किसी भी विस क्षेत्र के लिये किसी ने नहीं किया नामांकन

### बाबूलाल मरांडी, कल्पना सोरेन, सुदिव्य कुमार एवं बेबी देवी समेत 26 अभ्यर्थियों ने खरीदा नाम निर्देशन प्रपत्र



गिरिडीह (ईएमएस)। विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिये नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करने का कार्य आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो गया। नामांकन के पहले दिन आज किसी भी अभ्यर्थी ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जबकि पहले दिन विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए 26 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीददारी किया। जिसमे धनवार विधानसभा से 9, बगोदर से 7. डुमरी से चार तथा जमुआ, गांडेय और गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में दो-दो नामांकन पत्रों की बिक्री की गई है। जिनमे गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के लिये विधायक सुदिव्य कुमार एवं रामेश्वर दुसाध कुल 02 (दो) अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की खरीददारी किया। वहीं गांडेय से विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं मुनिया देवी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। जबकि जमुआ विधानसभा के लिये विधायक केदार हाजरा एवं मंजू देवी ने नाम निर्देशन प्राप्त की ख़रीदादारी की। वहीं डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये कुल 04 (चार) अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्रों की खरीददारी की। जिनमें विधायक बेबी देवी, ग्रामः अलारगो, चन्द्रपुरा, बोकारो, दुर्योधन महतो, ग्रामः अम्बाटोला, नारायणपुर, बोकारो, हरि प्रसाद महतो, ग्रामः चडरी, तरंगा, बोकारो एवं जयराम कुमार महतो, ग्रामः चितरपुर, तोपचांची, धनबाद के द्वारा नाम निर्देशन शुल्क जमा कर नाम निर्देशन पत्र खरीदा। जबकि धनवार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सर्वाधिक 09 (नौ) अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की खरीद की गई। जिनमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी, पिता स्व. छोटू मरांडी, ग्राम कोदाईबांक, पोस्ट चंदौरी, थाना तिसरी, जिला गिरिडीह, भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव पिता स्व. प्रतीम महतो, ग्राम विशनीटीकर, पोस्ट चरकी, थाना गावां, जिला गिरिडीह देवेन्द्र कुमार गुप्ता पिता लक्ष्मी नारायण गुप्ता, ग्राम गुमगी, पोस्ट गुमगी, थाना तिसरी, जिला गिरिडीह, सन्तू ठाकुर, पिता चुटारी ठाकुर, ग्राम बसडुबिया, पोस्ट अरखांगो, थाना धनवार, जिला गिरिडीह, अभिषेक कुमार पिता अशोक कुमार, ग्राम नवडीहा, पोस्ट गादी नवडीहा, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह, पवन कुमार राम पिता मदन राम, ग्राम गावां, पोस्ट गावां, थाना गावां, जिला गिरिडीह, संजय कुमार पिता बह्मदेव प्रसाद यादव, ग्राम कामता, पोस्ट+थाना गावां, जिला गिरिडीह, इमरान अंसारी पिता इस्माईल अंसारी, ग्राम चरकी, पोस्ट चरकी, थाना गावां, जिला गिरिडीह, राजदेश रतन पिता शत्रुधन प्रसाद सिंह, साकिन जेरूवाडीह, पोस्ट अम्बाटांड़, थाना धनवार, जिला गिरिडीह ने नाम निर्देशन शुल्क जमा कर नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीदादारी किया। वहीं बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिये 07 (सात) प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। जिनमें विधायक विनोद कुमार सिंह, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जगदीश महतो, चंदशेखर मण्डल, जीतन साव, संतोष कुमार, आशीष कुमार ने नामांकन प्रपत्र की ख़रीदादारी किया।

### मिट्टी से ही बने दीपक जलाएं दीपावली में : स्वामी दिव्यानंद जी महाराज

रांचीः भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा, कि सुख समृद्धि और आरोग्य से संबंधित हमारा सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार धनतेरस दीपावली है जहां सनातनी लगातार 5 दिनों तक दीप प्रज्वलित करते हैं और यह दीपक हमारी आत्मा हमारा जीवन, मन, बुद्धि और भविष्य को प्रकाशित करता है, इस प्रकाशमयि दीपक में सनातन का भी भाव आना चाहिए, भारतवर्ष देवों - ऋषियों की भूमि रही है, हमारी परंपरा विश्व में प्रख्यात है, ऐसे में हमारे त्यौहार में हमारी ही सामग्री का उपयोग होना चाहिए। स्वामी जी ने बताया कि भारत का सबसे बड़ा शत्रु चाइना है, चीन स्वभाव से ही और अधार्मिक, विस्तारवादी एवं दुष्ट प्रवृत्ति का रहा है, चीन ही मात्र एक ऐसा देश है जो किसी भी धर्म - संप्रदाय, पूजा पद्धति को नहीं मानता है, अमानवीय कृत्य और राक्षसी प्रवृत्ति से परिपूर्ण है, किंतु विज्ञान के क्षेत्र में दक्षता हासिल किया है, वह भी बहुत ही धूर्तता (यूज़ एंड थ्रो) के साथ। स्वामी जी ने यह भी बताया कि चीन का सबसे बड़ा बाजार भारतवर्ष है, वह समझ चुका है कि भारत के लोग सीधे, सरल और आध्यात्मिक हैं, हमारी रुचि के अनुसार वह सस्ती वस्तुओं का निर्माण कर हमें निर्यात करता है और हम जाने-अनजाने उसकी वस्तुओं को खरीदते हैं, हमें ज्ञात होनी चाहिए कि भारत से कमाए हुए धन को वह अपने रक्षा मद में खर्च करता है। स्पष्ट है कि चीन का शत्रु सीधा-सीधी भारतीय सैनिक हैं, अब यह स्पष्ट है कि हमारे सैनिक भाइयों को मारने की मंशा से वह हथियार पर खर्च करता है, हमारे ही पैसे को लेकर। स्वामी जी ने कहा कि जाने अनजाने में हम भी देशद्रोह कर रहे हैं, इस पाप से बचने के लिए हमें चीनी उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए, साथ ही साथ हम स्वतः स्वदेशी को भी बढ़ावा दे पाएंगे।

वैसे भी पूजा पाठ से संबंधित वस्तुएं शत्रु के द्वारा निर्मित करना तो अपराध है ही। अतः हमें भारत के द्वारा ही निर्मित वस्तु खरीदनी चाहिये, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग से हम जुड़े भी रहे। तभी भारत के सभी लोग दिवाली मना पाएंगे।

### ओवरलोड कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की हुई मौत

गिरिडीह (ईएमएस)। जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के घंघरी में सोमवार की देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी के देवराडीह के कंरबा गांव निवासी हीरा लाल महतो के रूप में हुई। बताया गया कि हीरालाल महतो देर रात अपनी बाइक से बगोदर से वापस इसरी अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान एक ओवरलोडेड कंटेनर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बगोदर थाना प्रभारी सदल बल घटनास्थल पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया।

### पुलिस ने अंग्रेजी शराब लदे कार को किया जप्त

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लदे हुंडई कार को पकड़ा है। सोमवार की देर रात्रि गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने वाहन जांच के दौरान कार्रवाई किया।पुलिस ने बगोदर की ओर से आ रही हुंडई कार नंबर जेएच 01 बीई 7426 को पकड़ा है। जिसमें पुलिस ने अलग-अलग कार्टून में रखें मेक डबल्स, आईकॉन और सिग्नेचर कंपनी के अंग्रेजी शराब कि बोतल को जप्त किया है।पुलिस वाहन जांच करते हुए देख चालक गाड़ी को छोड़कर रात्रि का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस बाबत गोरहर थाना में कांड संख्या 45/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जागरूकता रथ एलईडी स्क्रीन युक्त वाहन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

## संक्षिप्त ख़बरें

### एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक 28 अक्टूबर को

पटना (ईएमएस)। बिहार की राजनीतिक हलचल के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 28 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास पर एनडीए की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। इस बैठक में एनडीए के सभी प्रमुख नेता, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा सांसद, विधायक, एमएलसी और संगठन से जुड़े अन्य लोग शामिल होंगे। यह बैठक कई मायनों में खास मानी जा रही है, खासकर आगामी चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव के संदर्भ में, जिसे विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल माना जा रहा है। बैठक का एक प्रमुख उद्देश्य उपचुनाव के लिए रणनीति बनाना है, जिसमें जमीनी स्तर पर एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक समय-समय पर बैठकें आयोजित हों, जिससे किसी भी प्रकार की गलतफहमी को दूर किया जा सके और विरोधियों के आरोपों का प्रभावी जवाब दिया जा सके। बैठक में यह भी चर्चा की जाएगी कि राज्य सरकार द्वारा विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी सही तरीके से जनता के बीच पहुंचाई जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिकारियों को नेताओं और कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त, एनडीए में एक कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाने की भी चर्चा हो रही है, जिसका उद्देश्य गठबंधन के सहयोगियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इस बैठक में कई प्रमुख नेता अपने विचार रखेंगे और अंत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी बात रखकर एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। इस बैठक के बाद एनडीए का उद्देश्य आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करना और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना होगा।

### चार बड़े नेताओं की सुरक्षा बढ़ी

पटना, (ईएमएस)। बिहार के गृह विभाग ने राज्य के चार बड़े नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक तथा अपर पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा) को गृह विभाग ने पत्र लिखा है। जिनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है उनके नाम इस प्रकार है- बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रदीप कुमार सिंह तथा जदयू एमएलसी संजय कुमार सिंह। बताया गया है कि विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह को भी वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। जबकि अररिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रदीप कुमार सिंह को वाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके अलावा बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय कुमार सिंह को वाय श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। आपको बता दें कि बीते कुछ महीने पहले ही बिहार में कई सांसद और मंत्री की सुरक्षा बढ़ाई गई थी। बिहार सरकार की सुरक्षा समिति समन्वय की बैठक में यह फैसला लिया गया था। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर और नवादा सांसद विवेक ठाकुर को वाय श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। मंत्री लेसी सिंह को जेड सुरक्षा दी गई थी। इसके साथ ही लेसी सिंह प्रदेश की ऐसी पहली मंत्री हो गईं जिन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। इनके अलावा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा को भी जेड सुरक्षा दी गई है। जबकि हम के विधायक अनिल कुमार को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। बीजेपी विधायक तारकिशोर प्रसाद, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कई अन्य नेताओं को भी वीआईपी सुरक्षा मिली हुई है। नीतीश सरकार में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा को जेड प्लस की सुरक्षा दी गई है।

### युवक की निर्मम हत्या के बाद शव रेलवे ट्रैक के पास फेंका, मामले की जांच में जुटी पुलिस

पटना : पटना के फुलवारी शरीफ इलाके में मंगलवार को एक युवक की निर्मम हत्या कर उसका शव रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया। मृतक की पहचान हरे कृष्णा शर्मा (31) के रूप में हुई, जो मूल रूप से औरंगाबाद के निवासी थे। वह खगौल थानाक्षेत्र के लोको कॉलोनी में अपने भाई और परिवार के साथ रहते थे। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने दोपहर में रेलवे ट्रैक के पास शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के गले पर जख्मों के निशान पाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हत्या के बाद शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हत्या प्रतीत होती है। मामले की पूरी जांच के लिए परिवार से आवेदन मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि हरे कृष्णा शर्मा का दो दिन पहले खगौल के लोको कॉलोनी में एक व्यक्ति से विवाद हुआ था। प्रारंभिक जांच में यह विवाद हत्या का संभावित कारण माना जा रहा है।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस अब हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने और अपराधियों को पकड़ने के लिए गहन जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

गोपालगंज : गोपालगंज जिले के कुचायकोट थानाक्षेत्र के एनएच-27 पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया है। पहली घटना में, ढोढ़वलिया गांव के निवासी अमित राम मकान शटरिंग का काम करते थे। वह उत्तर प्रदेश के बहादुरपुर गांव में कामगारों की तलाश में गए हुए थे। लौटते समय अमवा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि अमित राम घर के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार पर गंभीर संकट आ गया है। दूसरी दुर्घटना में, मंगलवार की सुबह सिरसिया मोड़ के पास एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बेलवा गांव के निवासी मोहन तिवारी की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से गोपालगंज जा रहे थे, जब अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों घटनाओं से संबंधित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और स्थानीय लोग शोक में डूबे हैं।


### नीट पेपर लीक मामले में ईओयू की बड़ी कार्रवाई



पटना : देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पेपर लीक के मामले में पटना पुलिस और आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। 25 सदस्यीय ईओयू की विशेष टीम ने कुख्यात परीक्षा माफिया संजीव मुखिया के नालंदा स्थित आवास पर छापामारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज और सबूत बरामद किए हैं। यह छापेमारी नीट पेपर लीक मामले की जांच के सिलसिले में की गई थी, जिसमें परीक्षा से जुड़े कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि प्रति छात्र 40 लाख रुपये की मोटी रकम लेकर नीट का प्रश्न पत्र लीक किया गया था। एक प्रोफेसर के माध्यम से प्रश्न पत्र को मोबाइल के जरिए संजीव मुखिया तक पहुंचाया गया था। संजीव मुखिया नूरसराय हॉर्टिकल्चर कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत है। उसका परीक्षा घोटालों से पुराना नाता रहा है। वर्ष 2016 में सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में भी मुखिया का नाम सामने आया था। बीएससी शिक्षक बहाली के पेपर लीक मामले में वह जेल भी जा चुका है। मुखिया का बेटा डॉ. शिव कुमार पीएमसीएच से एमबीबीएस है, जो वर्तमान में जेल में बंद है। इस परिवार का परीक्षा घोटालों में लंबे समय से संबंध रहा है। मुखिया की पत्नी ममता कुमारी भी राजनीति में सक्रिय रही हैं। वह हरनौत विधानसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। इस बड़ी कार्रवाई के बाद ईओयू और पुलिस अन्य जुड़े लोगों की तलाश में जुटी हुई है, जिससे पेपर लीक के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके।

# विघ्ननेश्वर गणपति मंदिर में पंडित के साथ रोबोट होगा पुजारी

### बिहार के सोनपुर में 14 हजार स्क्वायर फीट में बन रहा मंदिर



पटना (ईएमएस)। सोनपुर के हरिहरनाथ तीर्थ क्षेत्र में एआई तकनीक से लैस राज्य के पहले सुपकर्ण विघ्ननेश्वर गणपति मंदिर का निर्माण की तैयारी हो रही है। इसमें पंडित के साथ रोबोट पुजारी होगा। यह मंदिर यशस्वी भव ट्रस्ट द्वारा बनाया जा रहा है। निर्माण जनवरी 2025 से होगा। वर्ष 2030 तक बनकर तैयार होगा। इसपर करीब 300 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। मंदिर 14 हजार स्क्वायर फीट में बनेगा। मंदिर की चारों तरफ हरियाली रहेगी। तीन मंजिले मंदिर के निर्माण में लकड़ी का इस्तेमाल होगा। इस मंदिर को पैगोडा शैली में बनाया जाएगा। इस प्रकार के मंदिर नेपाल, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित हैं। इसके पहले तल पर गणेश दीर्घा रहेगा। इसमें भगवान गणेश के बाल रूपों की तस्वीर लगाई जाएगी।ग्रहों पर आधारित पेड़-पौधे लगाए जाएंगेइतना नहीं मंदिर परिसर में शांति वन की स्थापना होगी, इसमें अलग-अलग ग्रहों पर आधारित पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। यहां श्रद्धालु आकर बैठ सकते हैं। इसमें वाटर फाउंटेन लगेगा जिसके बीच में लेजर शो द्वारा गणेश भगवान की पौराणिक कथाओं का चित्रण होगा। इस मंदिर में रोबोट पंडित की भूमिका के साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शन, प्रसाद वितरण में सहायता, भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई, बिजली प्रबंधन आदि का काम करेगा।

#### धर्मशाला और अस्पताल भी बनेगा

यहां भगवान गणेश के नाम पर मंडप होगा। वहीं मंदिर प्रागंण में 3 मंजिली धर्मशाला बनेगी जिसमें 108 कमरे बनाए जा रहे है। सभी कमरे वातानुकूलित बनाए जा रहे है। इसमें साधु-संतों के साथ ही बाहर से पूजा करने आने वाले श्रद्धालु रह सकते हैं। विवाह मंडप भी बनेगा जिसमें लोग शादी, उपनयन संस्कार, मुंडन आदि करा सकते है। मंदिर में अस्पताल भी खोला जाएगा।मंदिर में बच्चों के लिए सेल्फी जोन बनाया जाएगा। दूसरे तल पर गणेश जी की मूर्ति स्थापित होगी। इसका निर्माण मिट्टी और गोबर से होगा। इसके निर्माण के लिए द्वादश ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घुश्मेश्वर से मिट्टी लाई जाएगी। यह मूर्ति पर्यावरण के अनुकूल होगी। मूर्ति का पेंट फूलों से प्राप्त रंगों से किया जाएगा। सबसे ऊपरी तल पर शिवलिंग स्थापित होगा, जहां श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकते है। यह पहला मंदिर होगा जो पूरी तरह से सोलर की बिजली पर निर्भर होगा। मंदिर में जाने के लिए स्वचालित सीढ़ियां बनाई जाएगी। ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. श्रीपति त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर प्रागंण में वेद विद्यालय की स्थापना होगी, जिसमें प्रथमा से 10वीं तक की शिक्षा दी जाएगी। इस विद्यालय में मंदिर के सेवक के साथ बाहर के बच्चे भी नामाकंन करा पाएंगे।

### पाक, चीन सहित कई देशों के वाट्सएप-टेलीग्राम ग्रुप से मनी लॉन्ड्रिंग, साइबर अपराधी गिरफ्तार

गोपालगंज : गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थानाक्षेत्र के कृतपुरा गांव से पुलिस ने एक ऐसे साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग का काम करता था। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम अतुल कुमार सिंह है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, पासबुक और 24,000 रुपये नकदी बरामद की हैं। यह अपराधी चीन, रूस, पाकिस्तान, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे कई देशों के वाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से जुड़कर भारतीय डाटा विदेशों में भेजता था और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल था। गोपालगंज साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क साधा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि अपराधी क्रिप्टो करेंसी और बिटकॉइन के जरिए विभिन्न देशों में पैसे का लेन-देन करता था।

# लालू का प्लान तैयार, नीतिश की महागठबंधन में वापसी कराओ



पटना (ईएमएस)। बिहार की राजनीति में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपराध, बेरोजगारी, पलायन और आरक्षण जैसे मुद्दों को उठाकर फिर से सक्रियता दिखाई है। लेकिन पार्टी की ये गतिविधियां केवल चुनावी रणनीति तक सीमित नहीं रह गई हैं; इसके पीछे एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में वापस लाना है।राजद नेताओं ने नीतीश को भाजपा की नीतियों से भयभीत कर उन्हें महागठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। सांसद मीसा भारती ने नीतीश के बयान पर प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने कहा था कि वह भाजपा के साथ ही रहने वाले है। मीसा ने सवाल उठाया, नीतीश की गारंटी कौन लेगा? इस तरह के बयानों से यह स्पष्ट होता है कि राजद के भीतर नीतीश की नीतियों पर संदेह कायम है। राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने नीतीश के प्रति सकारात्मकता दिखाकर कहा कि वे देशद्रोहियों के साथ नहीं रहने वाले हैं, और विधानसभा चुनाव 2025 से पहले महागठबंधन में लौट आने वाले है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नीतीश को भाजपा के साथ रहने के कारण रात में नींद नहीं आती और वह अपनी गलती पर विचार करते हैं।राजद सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव भी बिहार के चुनावी गणित को अच्छी तरह समझते हैं। उनका मानना है कि वर्तमान में जीत उसी दिशा में होगी जहां नीतीश कुमार रहने वाले है। नीतीश के पास कुर्मी, कुशवाहा, धानुक मतों के साथ-साथ अतिपिछड़ों का एक महत्वपूर्ण वोट बैंक है। इसकारण लालू का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नीतीश महागठबंधन में शामिल हों। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने यह तय किया है कि यदि नीतीश आते हैं, तब उनकी शर्तों पर चर्चा की जाएगी। इससे भाजपा की राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। आने वाले चुनावों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नीतीश कुमार भाजपा के साथ रहते हैं, या फिर महागठबंधन में लौटते है। राजद की सक्रियता और नीतीश के प्रति उनकी उम्मीदें इस बात का संकेत देती हैं कि बिहार की राजनीति में आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं।

# मैसेंजर से हुआ था प्यार, फिर हुई मुलाकात



जहानाबाद : एक शादीशुदा महिला को बंधक बनाकर पिछले करीब एक सप्ताह से जबरन यौन शोषण किया गया। पीड़ित महिला का इलाज पुलिस अभिरक्षा में जहानाबाद जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में किया जा रहा है। महिला के साथ हुए दुष्कर्म के बाद महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पीड़ित महिला ने जहानाबाद जिले के देवचंद बिगहा गांव के रहने वाले एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। फिलहाल महिला का इलाज जारी है।

#### मैसेंजर से हुई थी प्यार की शुरुआत

इस संबंध में इलाजरत महिला का कहना है कि पिछले लगभग 2 साल से मैसेंजर के माध्यम से देवचंद बीघा गांव निवासी रोशन कुमार से वह बातचीत करती थी। इस दौरान रोशन कुमार से उसे प्यार हो गया। रोशन कुमार के बुलावे पर महिला जहानाबाद पहुंची। करीब एक सप्ताह पहले महिला अपने गांव से रोशन कुमार से मिलने के लिए जहानाबाद जिला मुख्यालय के कोर्ट एरिया में पहुंची। वहां दोनों की मुलाकात हुई और रोशन कुमार ने उक्त महिला को एक निजी अस्पताल नुमा घर में ले गया। वहां उसने पीड़िता का हाथ-पैर बांधकर उसके साथ जबरन रेप किया। लगभग 7 दिनों तक यह सिलसिला चलता रहा।

#### आरोपी के दोस्तों ने भी आरोपी का दिया साथ

पीड़िता का आरोप है कि इस घटना को अंजाम देने में रोशन के तीन दोस्तों ने रोशन को सहयोग किया। मंगलवार को जब महिला के साथ दुष्कर्म किया जा रहा था, तब उसके चीख-पुकार को सुनकर आस-पास के लोग वहां जमा हो गये। लोगों को जमा होते देख आरोपी वहां से फरार हो गया। फिर पीड़िता वहां से भाग कर नगर थाना पहुंची। नगर थाना की पुलिस पीड़िता को सदर अस्पताल ले गई, जहां उसका इलाज चल रहा है।

#### जांच में जुटी पुलिस

इस संबंध में सदर अस्पताल के डॉक्टर डॉक्टर एन के नंदा का कहना है कि महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला का पति बाहर काम करने के लिए गया हुआ है। फिलहाल महिला के पूरे शरीर में दर्द है और रुटीन चेकअप किए जाने के बाद ही यह पता लगेगा कि आखिर मामला क्या है। महिला डॉक्टर से मामले की जांच कराई जानी है।

# सीएम नीतीश ने किया ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर-2024 का उद्घाटन



पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मंगलवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर-2024 का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर फेयर का शुभारंभ किया और विभिन्न प्रदर्शनी का निरीक्षण कर संबंधित उत्पाद और सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा सहित अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

#### 'टूरिज्म कैपिटल बनने की पूरी क्षमता है'

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के पास देश का टूरिज्म कैपिटल बनने की पूरी क्षमता है। बिहार की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर इसे देश में पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बना सकती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गया, बोधगया, राजगीर और नालंदा के विकास के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा कर रही है। आने वाले पांच सालों में भारत का पर्यटन उद्योग 500 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

#### 'बिहार सरकार कर रही है पर्यटन का सतत विकास'

बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार लगातार पर्यटन के क्षेत्र को समृद्ध कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के तहत नालंदा, गया, बोधगया और राजगीर जैसे स्थलों का विकास किया जा रहा है। साथ ही, मेरा प्रखंड, मेरा गौरव जैसी योजनाओं के जरिए ग्रामीण पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जा रहा है।उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार आत्मज्ञान का केंद्र रहा है और यहां का भ्रमण ज्ञान में वृद्धि का माध्यम है।इस कार्यक्रम में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर राज्य के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कारगर माध्यम साबित होगा। इस मौके पर कई राज्यों के प्रतिनिधि, पर्यटन उद्योग से जुड़े संगठन और कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जो आने वाले दो दिनों तक फेयर में हिस्सा लेंगे।

### ट्रक ने बाइक सवार राम जानकी मठ के मठाधीश को कुचला, मौके पर मौत



गोपालगंज : गोपालगंज जिले के मीरगंज थानाक्षेत्र के सेलार बथुआ मुख्य पथ पर लाइन बाजार के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार पिता और पुत्र को कुचल दिया। इस हृदयविदारक घटना में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे की सूचना पाकर पहुंची मीरगंज थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, घायल युवक को भी इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देख-रेख में उसका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के कटेया थानाक्षेत्र के सेमरिया गांव निवासी हजारी दास के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक हजारी दास बाइक पर सवार होकर जमीन विवाद मामले में तारीख पर बेटे प्राण के साथ हथुआ अनुमंडल कार्यालय गए हुए थे। हथुआ से घर वापस लौटने के दौरान जैसे ही वह मीरगंज थानाक्षेत्र के लाइन बाजार के पास पहुंचे कि एक अनियंत्रित ट्रक उन्हें रौंदकर मौके से फरार हो गया। वहीं, बाइक सहित सड़क पर गिरे हजारी दास की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्राण भी जख्मी हो गए। इस हादसे की सूचना मृतक के जख्मी बेटे ने पुलिस को दी। मीरगंज थाना पुलिस सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची। फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के दो बेटी और दो बेटे हैं। मृतक कटेया थानाक्षेत्र सेमरिया गांव स्थित राम जानकी मठ के मठाधीश थे। वहीं, इस मामले में मीरगंज थाना अध्यक्ष किशोरी चौधरी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बोरे से मिला सिर कटा शव

बेगूसराय : बेगूसराय जिले के चकिया थानाक्षेत्र के कसहा वार्ड-14 से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। अपराधियों ने एक युवक की बेरहमी से हत्या कर उसके शव को प्लास्टिक के बोरे में बंदकर गांव के एक पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान कसहा वार्ड-14 निवासी देवेंद्र यादव के बेटे बिट्टू कुमार (19) के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि बिट्टू कुमार 19 अक्तूबर को घर से कोचिंग पढ़ने के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद भी बिट्टू का कोई पता नहीं चला। दोस्तों से पूछने पर पता चला कि बिट्टू ने उनसे 600 रुपये उधार लेकर पटना जाने की बात कही थी। लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने चकिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# तीन बच्चों समेत विवाहिता की हुई हत्या या लापता! जांच में जुटी पुलिस





औरंगाबाद : औरंगाबाद में तीन बच्चों के साथ एक विवाहिता के मंगलवार को अहले सुबह लापता हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला सामने आने पर ससुराल वालों की शिकायत पर पुलिस विवाहिता का पता लगाने में जुटी है। उधर, मायके वालों ने ससुराल वालों पर विवाहिता और तीनों बच्चों की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। दरअसल, घटना रफीगंज प्रखंड में पौथू थानाक्षेत्र के परसियां गांव का है।

#### ऐसे मिली मायके वालों को जानकारी

ओबरा प्रखंड में खुदवां थानाक्षेत्र के मोमिनपुर निवासी विवाहिता के पिता रंजीत सिंह ने बताया कि बेटी की गोतनी ने मंगलवार को सुबह फोन कर बताया कि मेरी बेटी के दो बच्चे बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती थे। वहीं से उनकी बेटी संध्या कुमारी (30), नतनी सृष्टि (10), नाती शिवम (7) और सौरभ (5) सुबह चार बजे लापता हो गए हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चल पा रहा है।

#### दहेज के कारण ससुराल वालों ने की हत्या

विवाहिता के पिता ने आरोप लगाया कि बेटी के ससुराल वाले उनसे दहेज की मांग करते थे। दहेज न देने के कारण ही ससुराल वालों ने उनकी बेटी और बच्चों की हत्या कर शवों को गायब कर दिया है तथा लापता हो जाने की कहानी गढ़ी है।इधर, पौथू थानाध्यक्ष आकाश राज ने बताया कि विवाहिता संध्या का पति सुधीर यादव राजस्थान के जयपुर में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। मामले में ससुर चनेश्वर यादव ने विवाहिता के तीन बच्चों के साथ लापता होने की शिकायत की है। साथ ही विवाहिता के पिता मोमिनपुर गांव निवासी रंजीत सिंह और चाचा चंद्रमा सिंह ने तीनों बच्चों और विवाहिता की ससुराल वालों द्वारा हत्या कर शव को गायब कर देने की शिकायत की है। पुलिस ने दोनों शिकायत को गंभीरता से लिया है। पुलिस चारों की खोजबीन में जुटी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वास्तव में विवाहिता बच्चों के साथ गायब हो गई है या बच्चों समेत उसकी हत्या कर दी गई है। मामले में अभी जल्दबाजी में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। लापता और हत्या दोनों ही एंगल से पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।उन्होंने कहा कि जब तक शव बरामद नहीं होता है या सभी सकुशल बरामद नहीं किए जाते है, तब तक मामले में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। मामले में पुलिस ने एक वाहन चालक को हिरासत में लिया है। इसी चालक ने विवाहिता को बच्चों के साथ इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था।

#### मायके वाले हत्या किए जाने की बात पर अड़े

विवाहिता के मायके वालों का कहना है कि संध्या की गोतनी धंनजय कुमार की पत्नी ने ही उन्हें फोन पर कहा कि संध्या नहीं रही। उसके बच्चों के बारे में भी पता चल रहा कि वे नहीं रहे। शव नहीं मिला है। वे दावे के साथ कह रहे है कि गोतनी की बात से ही स्पष्ट है कि सब ने मिलकर संध्या और बच्चों को मार डाला है।संध्या के चाचा चंद्रमा सिंह ने कहा कि संध्या के ससुर चनेश्वर यादव, सास, ननद, देवर और गोतनी उसके साथ हमेशा मारपीट करते थे। बच्चों को पढ़ाने के लिए पैसे मांगने पर मारपीट की जाती थी। दहेज लाने के लिए दबाव डालते थे। घर में संध्या, उसके तीन बच्चे, सास-ससुर, ननद, गोतनी और देवर साथ रहती थे। सबने मिलकर संध्या और बच्चों को मार दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने केंद्रीय मंत्री शाह से मांगी मदद

नई दिल्ली (ईएमएस)। बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने एक्स पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि उनका भारतीय रेजिडेंस परमिट जुलाई में खत्म हो गया है और गृह-मंत्रालय उस परमिट को रिन्यू नहीं कर रहा है। तसलीमा ने कहा कि भारत उनका दूसरा घर है और 22 जुलाई के बाद से परमिट रिन्यू न होने से वे परेशान हैं । उन्होंने कहा कि अगर सरकार उन्हें भारत में रहने की इजाजत देती हैं, तब वे शुक्रगुजार होंगी। बांग्लादेश इनदिनों गंभीर सत्ता संघर्ष से जूझ रहा है। कुछ महीने पहले पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से स्थिति अस्थिर है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस वक्त लोकतांत्रिक संस्थाओं को फिर से बहाल करने की चुनौती का सामना कर रही है।
नसरीन 2011 से भारत में रह रही हैं और उनके पास स्वीडन की नागरिकता है। वे पहले भी कई बार अपने रेजिडेंस परमिट के स्टेटस को लेकर भारत सरकार के अधिकारियों से कोई जानकारी न मिलने पर चिंता जता चुकी हैं।

### गोपाल राय का उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा को खत, दिल्ली में डीजल बसें न भेजें

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के संकट के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली से सटे बीजेपी शासित राज्यों को पत्र लिखा है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के परिवहन मंत्रियों को लिखे पत्र में राय ने दिल्ली आने वाली बसों के संबंध में कुछ बातें कही हैं। उन्होंने पत्र में लिखा, दिल्ली में डीजल बसें न भेजें, दिल्ली की तरह सीएनजी और ईवी सार्वजनिक बसों की व्यवस्था करें। दिवाली और सर्दी आने से पहले ही दिल्ली की हवा प्रदूषित होने लगी है। जहरीली होती हवा के बीच कहा जा रहा है कि दिल्ली में जल्द ही ग्रैप-2 लागू किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है दिल्ली में उन कामों पर रोक लग जाएगी, जिससे प्रदूषण बढ़ने की आशंका रहती है। क्या होता है ग्रैप? ग्रैप का मतलब ग्रैप से है। ग्रैप का फुल फॉर्म ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान है। ये दिल्ली सरकार की एक योजना है, जिसे दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ बनाया गया है। इस प्लान के द्वारा प्रदूषण को कंट्रोल किया जाता है। दरअसल, इसके कई चरण हैं और ये चरण भी बढ़ते प्रदूषण के साथ बढ़ते जाते हैं. जैसे जैसे चरण बढ़ते हैं, वैसे वैसे दिल्ली में पाबंदियां भी बढ़ती जाती है।

### गुरमीत राम रहीम की मुश्किलें बढ़ीं, मान सरकार ने केस चलाने की मूंज़री दी

चंडीगढ़ (ईएमएस)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। पंजाब सरकार ने राम रहीम के खिलाफ 2015 के बेअदबी के तीन मामलों में केस चलाने की मंजूरी दे दी है। बेअदबी की इन घटनाओं के बाद सिख समुदाय ने व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किया था, इस दौरान झड़प में पुलिस की फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई थी।
2015 के गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी मामले में मुकदमा चलाने पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मार्च 2024 में बेअदबी के आरोप में चल रहे तीन मामलों की जांच पर रोक लगाई थी। इस आदेश को पंजाब की भगवंत मान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से लगाई गई रोक को हटाकर राम रहीम को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब राम रहीम के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल शुरू होगा। पंजाब सरकार ने डेरा सच्चा समिति के तीन सदस्यों प्रदीप क्लेर, हर्ष धुरी और संदीप बरेटा के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंजाब के फरीदकोट के थाने में दर्ज तीन मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है।

### देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों में बम की धमकी, दहशत फैलाने की मंशा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली के रोहिणी इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के करीब बम विस्फोट के बाद देशभर के अन्य राज्यों में सीआरपीएफ स्कूलों में बम विस्फोट को लेकर धमकी दी गई है। बताया जा रहा हैं कि देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों को ईमेल के द्वारा धमकी दी गई है। इसमें दो स्कूल दिल्ली और एक हैदराबाद में हैं। हालांकि ईमेल के फर्जी होने का भी संदेह है। इसके बावजूद ताजा धमकी ने दिल्ली सहित सभी स्कूलों में दहशत फैला दी है। माना जा रहा है कि यह ईमेल किसी ने दहशत फैलाने के इरादे से किया गया है। खास बात है कि ई-मेल भेजने वालों ने मेल को लिस्टेड स्कूल के कमरों में नाइट्रेट आधारित आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही है। ईमेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे से पहले सभी स्कूलों को खाली करने को कह दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि वे रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल में हुए विस्फोट के लिए खालिस्तानी लिंक की जांच कर रहे हैं।

### घाटी में टीएलएम सक्रिय, सीआईके ने किया ऑपरेशन शुरु

जम्मू,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को नए आतंकवादी संगठन तहरीक लब्बैक या मुस्लिम (टीएलएम) का खुलासा हुआ है। काउंटर इंटेलिजेंस विंग (सीआईके) और पुलिस ने श्रीनगर, गांदरबल, बांदीपोरा, कुलगाम, अनंतनाग और पुलवामा में कई लोकेशन पर छापा मारा। पुलिस ने बताया कि टीएलएम बैन आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक अलग ग्रुप है। सूत्रों ने बताया कि टीएलएम आतंकवादियों की भर्ती करने का एक मॉड्यूल है, जिसे पाकिस्तान का हैंडलर बाबा हमास चला रहा था। सीआईके और पुलिस का ऑपरेशन जारी है। टीएलएम के बारे में और ज्यादा जानकारी सामने आएगी। गांदरबल अटैक में एक डॉक्टर समेत सात मजदूरों की जान चली गई थी।

### गांदरबल आतंकी हमले में मारे गए डॉक्टर अपनी बेटी को लेने जाने वाले थे ससुराल

- छह दिन पहले ही मजदूरों के इलाज के लिए हुए थे नियुक्त

जम्मू,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में सात लोगों की जान चली गई थी उसमें डॉक्टर शाहनवाज अहमद डार भी मारे गए थे। उन्होंने 12 दिन पहले ही अपनी बेटी की शादी की थी और वह अपनी बेटी को मायके लाने के लिए उसकी ससुराल जाने वाले थे। डॉक्टर शाहनवाज के बेटे ने बताया कि उनके पिता इस सुरंग में काम करने के लिए छह दिन पहले ही गए थे। डॉक्टर शाहनवाज का शव जब बड़गाम के नदिगाम गांव में पहुंचा तो यहां पूरा गांव उन्हें श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा। उनकी बेटी भी पहुंची, जिसे लाने वह उसकी ससुराल जाने वाले थे। उनके गांव के लोग डॉक्टर शाहनवाज को भगवान की तरह पूजते थे। वह बहुत ही मिलसार और अच्छे इंसान थे। वह इस गांव के इकलौते डॉक्टर थे, जो लोगों का इलाज करते थे। डॉक्टर के बेटे मोहसिन ने बताया कि उनके पापा को गांदरबल की इस सुरंग में मजदूरों का इलाज करने के लिए छह दिन पहले ही रखा गया था। बता दें गांदरबल के सोनमर्ग में निर्माणाधीण सुरंग की साइट पर रविवार रात को आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले में एक डॉक्टर और तीन गैर कश्मीरी मजदूर शामिल थे। पांच अन्य घायल हुए थे। ये हमला तब हुआ जब गांदरबल के गुंड में सुरंग परियोजना पर काम कर रहे मजदूर और अन्य कर्मचारी देर शाम अपने शिविर में लौट आए थे।

### प्रदेश में शुरु हुआ गुलाबी ठंड का दौर, धीरे-धीरे बढ़ेगा असर

भोपाल (ईएमएस)। मध्यप्रदेश में सर्दी ने दस्तक दे दी है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जबकि ग्वालियर सहित दूसरे शहरों में 18-19 डिग्री के बीच है। पचमढ़ी में दिन-रात दोनों ही समय सबसे ठंडा हैं। मौसम विभाग के अनुसार अब ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ेगा । पिछले 10 साल का ट्रेंड यही रहा है। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में रात का टेम्प्रेचर तेजी से लुढ़कने लगता है। प्रदेश के कई शहरों में रात का तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। पचमढ़ी में रविवार-सोमवार की रात में पारा 14.8 डिग्री सेल्सियस रहा । यहां की रात प्रदेशभर में सबसे ठंडी रही। छतरपुर जिले के नौगांव, रायसेन, छिंदवाड़ा, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, टीकमगढ़, जबलपुर और उमरिया में तापमान 20 डिग्री से कम ही रहा।

# राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में गुजरात को जल प्रबंधन क्षेत्र में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

अहमदाबाद (ईएमएस)। नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार' समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों द्वारा गुजरात और पुडुचेरी को सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में देश में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल करने के लिए अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व और जल संसाधन मंत्री कुंवरजी बावलिया एवं राज्य मंत्री मुकेश पटेल के मार्गदर्शन में गुजरात ने 'जल ही जीवन है' मंत्र को सच्चे अर्थ में साकार किया है। गुजरात, जो कभी जल की कमी वाले राज्य के रूप में जाना जाता था, आज जल सुरक्षित राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। गुजरात सरकार ने राज्य के हर कोने तक शुद्ध पानी पहुंचाने के साथ-साथ राज्य में कुशल जल प्रबंधन प्रथाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया है। इस अवॉर्ड के लिए केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा गहन मूल्यांकन और जमीनी सत्यापन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में ओडिशा ने पहला, उत्तर प्रदेश ने दूसरा और गुजरात एवं पुडुचेरी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। आज नई दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार' समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में गुजरात सरकार के जल संसाधन विभाग के सचिव पी.सी. व्यास को यह अवॉर्ड प्रदान किया।

सुदृढ़ जल प्रबंधन के लिए गुजरात द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम

तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक नई और सफल परियोजनाएं शुरू की हैं। जिनमें सुजलाम सुफलाम जल अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 से अधिक जल संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं को क्रियान्वित किया गया है। इसके साथ ही, जल संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अनुमानित 800 करोड़ रुपए का निवेश किया गया



है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत सिंचाई क्षमता में वृद्धि करने के लिए 2.8 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का विस्तार किया गया है। इतना ही नहीं, पीएमकेएसवाई के तहत टपक और फव्वारा सिंचाई पद्धति के लिए अनुमानित 500 करोड़ रुपए का आवंटन भी किया गया है। पीएमकेएसवाई तथा मुख्यमंत्री किसान सहाय योजना के तहत की गई पहलों के चलते पानी की खपत में लगभग 20 फीसदी की कमी हुई है, जबकि कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में जल कुशल टेक्नोलॉजी और खेडूत तालीम कार्यक्रम (किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम) के लिए 1 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। राज्य संचालित कार्यक्रमों के तहत क्षमता निर्माण और संसाधन प्रबंधन के लिए 200 करोड़ रुपये के बजट के साथ 1,200 गांवों में जल उपयोगकर्ता संघों का गठन किया गया है।

इसके अलावा, राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रबंधन के लिए 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत राज्य के 90 फीसदी ग्रामीण घरों में 3500 करोड़ रुपए के खर्च से नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। योजना के तहत वर्ष 2025 तक 100 फीसदी घरों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य है। अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) जैसी योजनाओं के अंतर्गत 2000 करोड़ रुपए के खर्च से 100 फीसदी शहरी क्षेत्रों में पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

वहीं, भूगर्भ जल प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत 150 करोड़ रुपए के अनुमानित खर्च से अति दोहित क्षेत्र (ओवर-एक्सप्लोइटेड जोन) में 200 भूगर्भ जल रिचार्ज कुओं का विकास भी किया गया है। इसके अलावा, 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत जल शुद्धिकरण परियोजनाओं के लिए 50 करोड़ रुपए आवंटित कर 500 से अधिक गांवों में जल गुणवत्ता में सुधार किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जल शोधन परियोजनाओं के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित कर 500 से अधिक गांवों में जल की गुणवत्ता में सुधार किया गया।

गुजरात की जीवन रेखा कहे जाने वाले सरदार सरोवर बांध के माध्यम से मां नर्मदा का जल पूरे राज्य में पीने और सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड (एसएसएनएनएल) की सहायक कंपनी गुजरात ग्रीन रिवोल्यूशन कंपनी (जीजीआरसी) ने आधुनिक सिंचाई पद्धतियों को अपनाने में मदद की है, जिससे किसानों के बीच जल उपयोग दक्षता में और वृद्धि हुई है। जल संसाधन विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात पूरे देश में जल संसाधान के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में अग्रणी है। इन प्रयासों ने जल संरक्षण, आपूर्ति प्रबंधन और कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार किया है। इसके परिणामस्वरूप गुजरात राष्ट्रीय जल पुरस्कार में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक बना है।

## उपचुनाव : राजस्थान में सात सीटों पर बीजेपी की होगी हार, जनता की यही पुकार: जूली

### नेता प्रतिपक्ष बोले-ईआरसीपी का शिलान्यास करना आचार संहिता का होगा उल्लंघन

जयपुर, (ईएमएस)। राजस्थान विभानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दावा किया है कि सात सीटों पर होने वाले उपचुनावों में बीजेपी एक भी सीट नहीं जीतेगी। सभी सातों सीटों पर वह बुरी तरह हारेगी। जनता बीजेपी को हराने को मन बना चुकी है। बीजेपी सरकार के मंत्री केवल बातें करते हैं, काम नहीं। हिम्मत है तो सरकार के 10 महीने के कामों पर ही चुनाव लड़कर दिखा दें। कुछ काम हुआ ही नहीं, जनता इन्हें जरुरी हार का मजा चखाएगी।
उन्होंने कहा कि उपचुनावों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी यहां दौरे पर आकर ईआरसीपी के शिलान्यास का प्रोग्राम तैयार किया जा रहा है। ईआरसीपी कांग्रेस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है।



हम इसके शिलान्यास के खिलाफ नहीं है। पीएम मोदी 13 नवंबर के बाद ही इसका शिलान्यास करें। उपचुनावों के बीच शिलान्यास करना नैतिक रूप से गलत है। यह आचार संहिता का उल्लंघन होगा। इसे लेकर पीएम मोदी को पत्र भी लिखा गया है। जूली ने कहा कि राज्य की बीजेपी सरकार जयपुर के समीप दादिया गांव में जनसभा की आड़ में 27 अक्टूबर को पीकेसी ईआरसीपी का शिलान्यास कराना चाहती है। जयपुर जिले में आचार संहिता लागू नहीं है, लेकिन जयपुर के पड़ोस के कई जिलों में उपचुनाव होना हैं। इस जनसभा और प्रस्तावित शिलान्यास का मकसद उपचुनाव में राजनीतिक लाभ उठाना है। पीएमओ यदि चुनाव के बीच इसका शिलान्यास करने की इजाजत देता है तो इससे पीएम मोदी की गरिमा पर सवाल खड़ा हो सकता है। मतदान से पहले शिलान्यास नहीं हो। इस बारे में कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग को अवगत कराएगी और दखल की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस पर संज्ञान ले कि राज्य सरकार और बीजेपी राज्य में उपचुनाव के बीच पीएम मोदी से इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास कराकर मतदाताओं को प्रभावित करना चाहते हैं। जूली ने कहा कि बीजेपी कुछ भी कर ले प्रदेश की जनता उसे हराने का मन बना चुकी है। सात सीटों में से बीजेपी एक भी सीट पर नहीं जीत रही है, इसलिए वह कांग्रेस की प्रचंड जीत की स्थिति से घबराकर सत्ता का दुरूपयोग करना चाहती है। पीकेसी-ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण परियोजना जो राजस्थान के एक बड़े भू -भाग में पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान करेगी। ऐसे प्रोजेक्ट को बीजेपी राजनीतिक नजरिये से देख रही है जो पूरी तरह से अनैतिक है।

## सॉफ्टी आइसक्रीम के शौकिनों को शौक पड़ेगा मंहगा

### 18 प्रतिशत जीएसटी लागू

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में सॉफ्टी आइसक्रीम का हर कोई दीवाना हैं। हालांकि, अब सॉफ्टी आइसक्रीम के शौकिनों को आइसक्रीम खरीदने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी, क्योंकि जीएसटी अथॉरिटी ने सॉफ्टी आइसक्रीम को दूध उत्पाद के तहत नहीं माना है। राजस्थान बेंच ने हाल ही में इस मामले में एक निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि सॉफ्टी आइसक्रीम का मुख्य घटक दूध नहीं, बल्कि चीनी है। इसलिए, इस दूध उत्पादों पर लगने वाले 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में नहीं लाया जा सकता। इसके बजाय, इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगी। वीआरबी कंज्यूमर प्रोडक्ट्स नामक कंपनी ने अपने उत्पाद वनीला मिक्स को 5 प्रतिशत जीएसटी वाली श्रेणी में शामिल करवाने के लिए जीएसटी एडवांस रूलिंग अथॉरिटी के पास आवेदन किया था। कंपनी का तर्क था कि यह उत्पाद प्राकृतिक दूध घटकों से बना है और इसकारण इस 5 प्रतिशत जीएसटी पर होना चाहिए। इस मिक्स का उपयोग संस्थागत खरीदारों द्वारा सॉफ्टी आइसक्रीम बनाने में किया जाता है।
हालांकि, जीएसटी अथॉरिटी ने कंपनी के दावे को खारिज कर दिया। उनके अनुसार, उत्पाद में चीनी का अनुपात 61.2 प्रतिशत है, जबकि दूध ठोस केवल 34 प्रतिशत है। जीएसटी अथॉरिटी ने यह निष्कर्ष निकाला कि दूध ठोस चीनी में मिलाया गया है, न कि चीनी दूध ठोस में।
इसके अलावा, सॉफ्टी आइसक्रीम में स्टेबिलाइजर्स और फ्लेवरिंग जैसे एडिटिव्स भी होते हैं, जो सॉफ्टी आइसक्रीम को प्राकृतिक दूध उत्पाद की श्रेणी से बाहर रखते हैं।

## गांदरबल हमला : आतंकवादी शॉल ओढ़कर आए और कर दी अंधाधुंध फायरिंग

### घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताई हमले से जुड़ी बातें

जम्मू, (ईएमएस) | जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गुंड में रविवार को निर्माणाधीन सुरंग में आतंकवादी हमला हुआ। इसमें कश्मीर के एक डॉक्टर और 6 प्रवासी मजदूरों समेत सात लोगों की जान चली गई, जबकि 5 अन्य लोग घायल हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने हमले को लेकर प्रमुख जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने बताया कि धमाकों की आवाज सुनकर ऐसा लगा कि किसी शादी में पटाखे चलाए गए हों। हालांकि, कुछ मिनटों बाद ही साफ हो गया कि यह आतंकवादी हमला है। हमले की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। एक रिपोर्ट के अनुसार कैंप के पास स्टोर चलाने वाले व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी है। उन्होंने बताया, शाम को अंधेरा हो चुका था, तभी अचानक हमने गोलियां चलने की आवाज सुनी। पहले तो हमें ऐसा लगा जैसे कि किसी ने पटाखा जलाया हो। दरअसल, वहां से 100 मीटर की दूरी पर शादी समारोह चल रहा था। ऐसा भी होता है कि सुरंग में काम करने वाले मजदूर पहाड़ तोड़ने के लिए धमाके करते हैं। इसी बीच, हमने देखा कि प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स कैंप की ओर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आतंकी हमला हुआ है। इसके बाद हमने अपनी दुकानें बंद कर दीं और घर की ओर भाग पड़े। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि श्रमिक जब रात का खाना खा रहे थे, उसी समय 2 आतंकवादियों ने शिविर में अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। पुलिस अधिकारी ने जीवित बचे लोगों के हवाले से कहा, वहां दो आदमी शॉल ओढ़कर आए। वे शिविर में पहुंचे और अपनी शॉल उतार दी। इसके तुरंत बाद वे मजदूरों पर गोलियां चलाने लगे। उन्होंने मेस सहित तीन जगहों पर शिविर स्थल को निशाना बनाया। जब आतंकी हमला हुआ, उस वक्त शिविर में बिजली कटी हुई थी। इसे लेकर कुछ लोगों का कहना है कि आतंकियों ने बिजली काट दी थी तो कई लोग यह भी कह रहे हैं कि श्रमिकों ने खुद बिजली बंद की थी।

## जम्मू कश्मीर सीएम का तोहफा, डिप्टी स्पीकर का पद बीजेपी के लिए छोड़ा

### बीजेपी के लिए इस नरमी के पीछे उमर अब्दुल्ला की क्या है रणनीति?

जम्मू,(ईएमएस)। जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सीएम उमर अब्दुल्ला के सुर बदल गए हैं। चुनाव नतीजों के ऐलान से पहले तक उमर अब्दुल्ला बीजेपी और केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। चुनाव नतीजे आने के बाद से ही वह केंद्र के साथ मिलकर काम करने की बात कह रहे हैं।
उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि हम केंद्र के साथ टकराव नहीं चाहते। अब उमर ने जम्मू कश्मीर विधानसभा में डिप्टी स्पीकर का पद बीजेपी के लिए छोड़ दिया है। अब सवाल है कि क्या बीजेपी को डिप्टी स्पीकर का पद देकर उमर अब्दुल्ला ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है? बीजेपी के प्रति इस नरमी के पीछे उमर अब्दुल्ला की रणनीति क्या है?
उमर अब्दुल्ला ने डिप्टी स्पीकर का पद बीजेपी को देने का फैसला लिया तो इसे दोस्ती का नया रास्ता बताया जा रहा है। लोग इसे चुनाव नतीजों के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के रिश्तों में आई तल्खी, कांग्रेस के उमर कैबिनेट से बाहर रहने के फैसले से जोड़कर इसे अब्दुल्ला परिवार के एनडीए में शामिल होने की दिशा में बढ़ाया गया कदम भी बताया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि इसे बीजेपी से दोस्ती नहीं तो दुश्मनी भी नहीं वाली राह पर चलने का संकेत हैं। यह भी कुछ वैसा ही है जैसा उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि हम किसी के साथ टकराव नहीं चाहते। हम जम्मू कश्मीर की जनता की बेहतरी के लिए सभी के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। हालिया चुनाव में महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को 2014 में बीजेपी से गठबंधन कर सरकार बनाने का खामियाजा घाटी में एंटी बीजेपी सेंटीमेंट का नुकसान उठाकर भुगतना पड़ा है।

# दीपावली एवं छठ के अवसर पर यात्री सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

हाजीपुर, (ईएमएस)। दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/पहुंचने वाली 105 जोड़ी स्पेशल ट्रेन तथा पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली 37 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार मुजफ्फरपुर, बरौनी, दरभंगा, जयनगर, सीतामढ़ी, सहरसा स्टेशनों से आनंद विहार/नई दिल्ली/दिल्ली के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है-

1) गाड़ी संख्या 05219/05220 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल- गाड़ी संख्या 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल 31.12.2024 तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 06.00 आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 05220 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल 01.01.2025 तक प्रतिदिन आनंद विहार टर्मिनल से 08.00 बजे खुलकर अगले दिन 00.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

2) गाड़ी संख्या 04057/04058 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल- गाड़ी संख्या 04058 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल 14.11.2024 तक सोमवार एवं गुरूवार को आनंद विहार टर्मिनल से 23.15 बजे खुलकर अगले दिन 21.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04057 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 15.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 23.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

3) गाड़ी संख्या 04021/04022 सीतामढ़ी-आनंद विहार-सीतामढ़ी स्पेशल- गाड़ी संख्या 04022 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी स्पेशल 29.11.2024 तक बुधवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार टर्मिनल से 11.40 बजे खुलकर अगले दिन 15.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04021 सीतामढ़ी-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 30.11.2024 तक गुरूवार



एवं शनिवार को सीतामढ़ी से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 18.05 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

4) गाड़ी संख्या 04031/04032 सहरसा-आनंद विहार-सहरसा स्पेशल- गाड़ी संख्या 04032 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा स्पेशल 30.11.2024 तक सप्ताह के बुधवार एवं शुक्रवार को छोड़कर शेष दिन आनंद विहार टर्मिनल से 05.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04031 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 01.12.2024 तक सप्ताह के गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर शेष दिन सहरसा से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

5) गाड़ी संख्या 04059/04060 जयनगर-आनंद विहार-जयनगर स्पेशल- गाड़ी संख्या 04060 आनंद विहार टर्मिनल-जयनगर स्पेशल 15.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार टर्मिनल से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.15 बजे जयनगर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04059 जयनगर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 16.11.2024 तक बुधवार एवं शनिवार को जयनगर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 19.55 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

6) गाड़ी संख्या 04061/04062 बरौनी-आनंद विहार-बरौनी स्पेशल- गाड़ी संख्या 04062 आनंद विहार टर्मिनल-बरौनी स्पेशल 17.11.2024 तक रविवार को आनंद विहार टर्मिनल से 09.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04061 बरौनी-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 18.11.2024 तक सोमवार को बरौनी से 08.00 बजे खुलकर अगले दिन 10.10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

7) गाड़ी संख्या 04067/04068 दरभंगा-दिल्ली-दरभंगा स्पेशल- गाड़ी संख्या 04068 दिल्ली-दरभंगा स्पेशल 15.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 16.30 बजे दरभंगा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04067 दरभंगा-दिल्ली स्पेशल 16.11.2024 तक बुधवार एवं शनिवार को दरभंगा से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.35 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

8) गाड़ी संख्या 04005/04006 जयनगर-दिल्ली-जयनगर स्पेशल- गाड़ी संख्या 04006 दिल्ली-जयनगर स्पेशल 26.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 23.05 बजे खुलकर अगले दिन 23.45 बजे जयनगर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04005 जयनगर-दिल्ली स्पेशल 28.11.2024 तक गुरूवार एवं रविवार को जयनगर से 01.30 बजे खुलकर अगले दिन 01.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

9) गाड़ी संख्या 02261/02262 दरभंगा-नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल- गाड़ी संख्या 02262 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल 27.11.2024 तक बुधवार एवं रविवार को नई दिल्ली से 00.20 बजे खुलकर उसी दिन 21.15 बजे दरभंगा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02261 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल 27.11.2024 तक बुधवार एवं रविवार को दरभंगा से 23.20 बजे खुलकर अगले दिन 20.15 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# संपादकीय
## कोयलांचल संवाद

## हज़ारों करोड रुपए की ड्रग्स तस्करी ढाई साल में 40000 तस्कर गिरफ्तार

पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पिछले ढाई साल में पंजाब में 2546 किलो हेरोइन 2457 किलो अफीम 1156 किलो पोस्ता 42.99 मिलियन नशे की टैबलेट कैप्सूल और इंजेक्शन जप्त किए गए हैं। पंजाब पुलिस के अनुसार 39840 तस्करों को पिछले ढाई वर्षों में गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने लगभग 31 करोड़ रुपए की नगदी जप्त की है। पंजाब पुलिस के साथ एनआईए की टीम ने खालिस्तान और पाकिस्तानी तस्करों की मिलीभगत और उनके बीच के कनेक्शन का पता लगाया है। पंजाब की सीमा में बीएसएफ के जवान तैनात हैं केंद्र में बड़ी ताकतवर मोदी सरकार है सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं उसके बाद भी ड्रोन से नशीले पदार्थों की तस्करी पंजाब में निर्बाध रूप से जारी है। बीएसएफ के जवानों ने पिछले 4 साल में पाकिस्तान की ओर से आ रहे। 391 ड्रोन को पकड़ने में सफलता भी अर्जित की है। लेकिन यह सारे प्रयास विफल होते हुए, नजर आ रहे हैं। पंजाब के रास्ते अन्य प्रांतो में नशीले पदार्थों की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के रास्ते नशीले पदार्थों का कारोबार अब स्कूल और कॉलेजों तक पहुंच गया है। 2024 में ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 2400 किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन और गांजा की जप्ती हुई है। पंजाब के सुरक्षा बलों की माने तो तस्करी के जरिए जो नशीले पदार्थ पाकिस्तान के रास्ते आ रहे हैं। उसमें केवल 10 फ़ीसदी की ही जप्ती हुई है। 90 फ़ीसदी नशीले पदार्थ पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के रास्ते तस्करों द्वारा प्रतिमाह हजारों करोड़ रुपए का कारोबार किया जा रहा है। पाक के नरोवाल पंजाब के गुरदासपुर जिले से लगा हुआ है। पाकिस्तान का फिरोजपुर, सियालकोट और बहावलपुर पंजाब की सीमा से सटे हुए हैं। सबसे ज्यादा ड्रोन के जरिए इन इलाकों से तस्करी हो रही है। आधुनिकतम ड्रोन जो ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकते हैं। उसके माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है इसके अलावा भारत में गुजरात के जरिए समुद्री मार्ग से हर साल हजारों टन नशीले पदार्थों की तस्करी सुनियोजित रूप से हो रही है। इसकी जानकारी केंद्र सरकार को भलीभांति है। इसके बाद भी देश में नशीले पदार्थों का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है। तस्करी के इस कारोबार में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बीएसएफ के जवान पुलिस के जवान, नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी, राजनेता, अलगाववादी संगठन भी इस कारोबार में शामिल हैं। इस कारोबार में बहुत पैसा है। तस्करी और नशीले पदार्थों के ट्रांसपोर्टेशन में बड़े-बड़े गिरोह शामिल हैं। बराबरी से इसका पैसा सभी लोगों के पास पहुंचता है। जिसके कारण बेखौफ भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी का व्यापार बढ़ता ही जा रहा है। पंजाब को पहले उड़ता हुआ पंजाब कहा गया था। यहां के युवाओं को नशे की लत लग गई थी। ड्रग्स के कारोबारियों ने अब यह कारोबार अन्य प्रांतों में भी बड़ी तेजी के साथ फैला दिया है। नशे का कारोबार पिछले 10 वर्षों में गांव गांव तक फैल चुका है। नशे के कारोबार से अब राजनीतिक गतिविधियां भी संचालित होने लगी हैं। यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है। पिछले 10 वर्ष से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत पूर्ण बहुमत की सरकार है। कई राज्यों में डबल इंजन की सरकारें पहले भी थी, और अभी भी हैं। इसके बाद भी जिस तेजी के साथ भारत में नशीले पदार्थों का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रही है। यदि इसे पिछले 10 वर्षों में नियंत्रित नहीं किया जा सका है तो, आगे क्या होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। सरकार ने नशे के कारोबार को रोकने के लिए बड़े-बड़े सुरक्षा के इंतजाम किए। समय-समय पर बड़े-बड़े दावे भी किए जाते हैं। लेकिन जो खबरें निकाल कर आती हैं। उसमें नशे के कारोबार में लगे छोटे-मोटे सप्लायर जो नशा करने वालों को नशा की सप्लाई करते हैं। उन्हें पकड़ कर राज्यों की पुलिस और नारकोटिक्स विभाग वाह-वाही लूटता है। जमीनी स्तर पर कारोबार पर नियंत्रण लगने के स्थान पर बढ़ता ही जा रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है। इसको लेकर किसी की भी जवाबदेही तय नहीं है। जिसके कारण नशे के कारोबार की बेतरणी में जिसको मौका मिलता है। वही डुबकी मार लेता है। अभी तक पंजाब के रास्ते नशीली पदार्थ का कारोबार पाकिस्तान के रास्ते बड़े पैमाने पर हो रहा था। लेकिन अब इसके पैरेलल गुजरात भी खड़ा हो गया है। गुजरात के समुद्री मार्ग से बड़े सुरक्षित और सुनयोजित तरीके से ड्रग्स का कारोबार भारत में बढ़ रहा है। गुजरात ने अभी तक के सारे रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया है। राजनीतिक और कारोबारी संरक्षण में ड्रग्स का जो कारोबार हो रहा है। उसको लेकर सामाजिक व्यवस्था भी छिन्न भिन्न होने लगी है। नशे के शिकार युवा नशे के लिए घर में चोरी करने लगे हैं। अपराध करने से भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। कॉलेज और हॉस्टल के माध्यम से अब युवतियाँ भी बड़े पैमाने पर नशा का शिकार हो रही है। इस कारण दिनों दिन अपराध बढ़ रहे हैं। ड्रग्स के कारोबार को सख्ती के साथ नियंत्रित करने की जरूरत है। समय रहते इसे रोका नहीं किया गया, तो देश को इसके भारी दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

**ललित गर्ग**

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।


प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं।

# माता तुलसी के पूजन के अनेक लाभ

**संजय गोस्वामी**

ब्रह्माजी कहते हैं–'कार्तिक मास में जो भक्त प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व स्नान कर पवित्र होकर कोमल तुलसी दल से भगवान् दामोदर की पूजा करते हैं, वह निश्चय ही मोक्ष पाते हैं। पूर्वकाल में भक्त विष्णुदास भक्ति पूर्वक तुलसी पूजन से शीघ्र ही भगवान् के धाम को चला गया और राजा चोल उसकी तुलना में गौण हो गए। तुलसी से भगवान् की पूजा, पाप का नाश और पुण्य की वृद्धि करने वाली है। अपनी लगाई हुई तुलसी जितना ही अपने मूल का विस्तार करती है, उतने ही सहस्त्रयुगों तक मनुष्य ब्रह्मलोक में प्रतिष्ठित रहता है। यदि कोई तुलसी संयुक्त जल में स्नान करता है तो वह पापमुक्त हो आनन्द का अनुभव करता है। जिसके घर में तुलसी का पौधा विद्यमान है, उसका घर तीर्थ के समान है, वहाँ यमराज के दूत नहीं जाते। जो मनुष्य तुलसी काष्ठ संयुक्त कण्ठी धारण करता है, क्रियामाण पाप उसके शरीर का स्पर्श नहीं करते। जहाँ तुलसी वन की छाया हो वहीं पर पितरों की तृप्ति के लिए श्राद्ध करना चाहिए। जिसके कान में, मुख में और मस्तक पर तुलसी का पत्ता दिखाई देता है, उसके ऊपर यमराज दृष्टि नहीं डाल सकते।प्राचीन काल में हरिमेधा और सुमेधा नामक दो ब्राह्मण थे। वह जाते-जाते किसी दुर्गम वन में परिश्रम से व्याकुल हो गए, वहाँ उन्होंने एक स्थान पर तुलसी दल देखा। सुमेधा ने तुलसी का महान् वन देखकर उसकी परिक्रमा की और भक्ति पूर्वक प्रणाम किया। यह देख हरिमेधा ने पूछा–'तुमने अन्य सभी देवताओं व तीर्थ-व्रतों के रहते तुलसी वन को प्रणाम क्यों किया ?' सुमेधा ने बताया–'प्राचीन काल में जब दुर्वासा के शाप से इन्द्र का ऐश्वर्य छिन गया तब देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मन्थन किया तो धनवन्तरि रूप भगवान् श्रीहरि और दिव्य औषधियाँ प्रकट हुईं। उन दिव्य औषधियों में मण्डलाकार तुलसी उत्पन्न हुई, जिसे ब्रह्मा आदि देवताओं ने श्रीहरि को समर्पित किया और भगवान् ने उसे ग्रहण कर लिया। भगवान् नारायण संसार के रक्षक और



तुलसी उनकी प्रियतमा है। इसलिए मैंने उन्हें प्रणाम किया है।'सुमेधा इस प्रकार कह ही रहे थे कि सूर्य के समान अत्यन्त तेजस्वी विशाल विमान उनके निकट उतरा। उन दोनों के समक्ष वहाँ एक बरगद का वृक्ष गिर पड़ा और उसमें से दो दिव्य पुरुष प्रकट हुए। उन दोनों ने हरिमेधा और सुमेधा को प्रणाम किया। दोनों ब्राह्मणों ने उनसे पूछा कि आप कौन हैं ? तब उनमें से जो बड़ा था वह बोला, मेरा नाम आस्तिक है। एक दिन मैं नन्दन वन में पर्वत पर क्रीड़ा करने गया था तो देवाङ्गनाओं ने मेरे साथ इच्छानुसार विहार किया।

उस समय उन युवतियों के हार के मोती टूटकर तपस्या करते हुए लोमेश ऋषि पर गिर पड़े। यह देखकर मुनि को क्रोध आया। उन्होंने सोचा कि स्त्रियाँ तो परतन्त्र होती हैं। अतः यह उनका अपराध नहीं, दुराचारी आस्तिक ही शाप के योग्य है। ऐसा सोचकर उन्होंने मुझे शापित किया।लोमेशजी ने कहा–'अरे तू ब्रह्म राक्षस होकर बरगद के पेड़ पर निवास कर।' जब मैंने विनती से उन्हें प्रसन्न किया तो उन्होंने शाप से मुक्ति की विधि सुनिश्चित कर दी कि जब तू किसी ब्राह्मण के मुख से तुलसी दल की महिमा सुनेगा तो तत्काल तुझे उत्तम मोक्ष प्राप्त होगा। इस प्रकार मुक्ति का शाप पाकर मैं चिरकाल से इस वट वृक्ष पर निवास कर रहा था। आज दैववश आपके दर्शन से मेरा छुटकारा हुआ है।

तत्पश्चात् वे दोनों श्रेष्ठ ब्राह्मण परस्पर पुण्यमयी तुलसी की प्रशंसा करते हुए तीर्थ यात्रा को चल दिए। इसलिए भगवान् विष्णु को प्रसन्नता देने वाले इस कार्तिक मास में तुलसी की पूजा अवश्य करनी चाहिए ऐसे सिर्फ कार्तिक मास में ही नहीं हर दिन पूजन करने से आपके चारों ओर सकारात्मक शक्ति का वाश होता है वैज्ञानिक रूप से इसके पौधे से हानिकारक कीटाणु मरते है ओर उनके पत्ते में एंटीबायोटिक गुण है जो अनेक रोगों को ख़त्म करता है।

# हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के संघर्ष का संकल्प

**कुमार कृष्णन**

हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा घोषित किए जाने तक अनवरत संघर्ष के संकल्प के साथ, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 106 वें स्थापना दिवस समारोह और दो दिवसीय 43वें महाधिवेशन का समापन हो गया।बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के दो दिवसीय 106ठे स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए, झारखण्ड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और महानदी जल-विवाद न्यायाधिकरण के सदस्य न्यायमूर्ति रवि रंजन ने कहा कि हिन्दी भाषा और साहित्य के विकास में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अप्रतिम योगदान है। इसके १०५ वर्ष का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, रामवृक्ष बेनीपुरी, राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह, महापंडित राहूल सांकृत्यायन जैसी महान विभूतियों ने इसे अपना रक्त देकर सिंचित और पल्लवित-पुष्पित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य राष्ट्रों की भाँति भारत की भी कोई एक राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। बहुभाषी-राष्ट्र होने का यह अर्थ नहीं है कि उसकी एक राष्ट्रभाषा नहीं हो सकती। देश को एक सूत्र में बांधने के लिए संवाद की कोई एक भाषा नितान्त आवश्यक है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि भारत की गौरव-वृद्धि में हिन्दी साहित्य सम्मेलन का उच्च अवदान रहा है। यह गौरव का विषय है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति ही नहीं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा श्रीकृष्ण सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, वीरचंद पटेल, डा लक्ष्मी नारायण सुधांशु जैसे महापुरुष सम्मेलन के कार्यकर्ता और हिन्दी प्रचारक थे। डा सुलभ ने कहा कि यह बिहार के लिए यह भी गौरव का विषय है की स्वतंत्र भारत में बिहार प्रथम प्रदेश है, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा बनायी। उन्होंने कहा कि बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के स्वर में पहली बार बिहार ही हिन्दी को देश की राष्ट्रभाषा बनाने का संघर्ष आरंभ किया है, जिसे पूरे देश का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर डा सुलभ ने न्यायमूर्ति श्री रवि रंजन को सम्मेलन की उच्च मानद उपाधि विद्या वारिधि से विभूषित किया। महात्मा गांधी द्वारा स्थापित राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा (महाराष्ट्र) के अध्यक्ष और विश्रुत विद्वान प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित को सम्मेलन की सर्वोच्च मानद उपाधि विद्यावाचस्पति प्रदान की गयी। उद्घाटन-समारोह में पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत सम्मेलंके वरीय उपाध्यक्ष जियालाल आर्य ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के ९२ वर्षीय विद्वान प्रधानमंत्री डा शिव वंश पाण्डेय ने किया। मंच-संचालन डा शंकर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित कथाकार अम्बरीष कांत के उपन्यास ख़त मिला नहीं , युवा-लेखिका पुनीता कुमारी श्रीवास्तव के उपन्यास सिद्धार्थ की सारंगी, वरिष्ठ लेखिका किरण सिंह की पुस्तक लय की लहरों पर तथा सम्मेलन की पत्रिका सम्मेलन साहित्य के महाधिवेशन विशेषांक का लोकार्पण भी किया गया। इस सत्र के संयोजक थे कुमार अनुपम ।

उद्घाटन-समारोह के बाद प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित की अध्यक्षता में, महाधिवेशन का प्रथम वैचारिक सत्र आरंभ हुआ, जिसका विषय भारत की राष्ट्रभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं पर इसका प्रभाव रखा गया था। सत्र के मुख्य वक्ता और मेरठ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रवींद्र कुमार ने कहा कि हिन्दी भारतीय दर्शन और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली भाषा है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने धर्म-सुधार आंदोलन में इसी भाषा को अपनाया था। सरदार वल्लभ भाई पटेल, लोकमान्य तिलक, सुभाष चंद्र बोस जैसे अहिंदी भाषी महापुरुषों ने भी इस भाषा के महत्त्व को समझा था और उसके प्रचार पर बल दिया। हिन्दी को रोज़गार से जोड़ा जाना चाहिए।

सत्राध्यक्ष प्रो दीक्षित ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने से देश की अनय किसी भी भाषा पर कोई दुष्प्रभाव नही होगा। देश में कई अनय भाषाएँ हैं, जिनका नाम सविधान की अष्टम अनुसूची नहीं हाई, फिर भी उनका अस्तित्व पूर्व की भाँति बना हुआ है और अनेक विकसित भी हो रही है। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन स्वागत समिति के उपाध्यक्ष पद्मश्री विमल जैन ने किया। सत्र का संचालन सम्मेलन के प्रचार मंत्री डा ध्रुव कुमार ने किया। इस सत्र के संयोजक थे डा मनोज गोवर्द्धनपुरी। भोजनावकाश के पश्चात दूसरा सत्र आरंभ हुआ, जिसका विषय था महाप्राण निराला की काव्य-दृष्टि। कोलकाता के विद्वान हिन्दी-सेवी और पत्रकार कुँवर वीर सिंह मार्तण्ड की अध्यक्षता में आहूत हुए इस सत्र के मुख्य वक्ता और अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो कलानाथ मिश्र ने कहा कि महाप्राण निराला की रचनाओं में दिव्य-चेतना है। राम की शक्ति पूजा में व्यक्तिगत अनुभूति को समष्टिगत अनुभूति से जोड़ने का प्रयास किया गया है। निराला के काव्य में विद्रोह के स्वर भी हैं, किंतु वे आम आदमी और साहित्य के कल्याण की थाती हैं। नव नालंदा महाविहार, नालंदा के आचार्य डा अनुराग शर्मा ने कहा कि नाम के अनुरूप ही निराला का व्यक्तित्व निराला था। क्रांति और विद्रोह से वह समाज में व्याप्त असमानता को दूर करना चाहते हैं। मंच का संचालन डा अर्चना त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन स्वागत समिति के उपाध्यक्ष पारिजात सौरभ ने किया। सत्र की संयोजिका थी डा सुषमा कुमारी।

तीसरा वैचारिक सत्र, जिसका विषय रामवृक्ष बेनीपुरी की भाव-भाषा था, बेनीपुरी जी के अनेक उज्ज्वल-पक्ष को सामने लेकर आया। सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा शिव वंश पाण्डेय की अध्यक्षता में आहूत इस सत्र के मुख्य वक्ता और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी बच्चा ठाकुर ने कहा कि भाव-भावनाओं के विपुल ऊर्जावान बेनीपुरी जी ने कई क्षेत्रों मेन महत्त्वपूर्ण अवदान कर्ते हुए एक वरेण्य साहित्यकार हो गए। उन्होंने अपनी महान कृति गेहूं और गुलाब के माध्यम से पाठकों पर गहरा प्रभाव डाला। पूर्णिया की वरिष्ठ साहित्यकार डा निरुपमा राय, डा सुमेधा पाठक तथा सागरिका राय ने भी विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने, धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री ई अशोक कुमार ने तथा मंच संचालन सम्मेलन की संगठन मंत्री डा शालिनी पाण्डेय ने किया। इस सत्र के संयोजक थे स्वागत समिति के उपाध्यक्ष डा आर प्रवेश। तीनों वैचारिक सत्रों के बाद संध्या में, सम्मेलन के कला-विभाग द्वारा, अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के सम्मान में एक भव्य सांस्कृतिक-कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सबसे पहले निराला की चर्चित काव्य-रचना राम की शक्ति पूजा पर नृत्य-नाटिका का प्रदर्शन किया गया, जिसका निर्देशन सम्मेलन की कलामंत्री डा पल्लवी विश्वास ने किया था। इसके पश्चात हमन है इश्क़ मस्ताना शीर्षक से डा शंकर प्रसाद का गायन हुआ। तीसरी प्रस्तुति सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के नाटक हवालात के रूप में हुई, जिसका निर्देशन अमित राज ने तथा मार्ग-दर्शन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अभय सिन्हा ने किया। अंतिम प्रस्तुति बिहार की पारंपरिक लोक-नृत्य कजरी और मुखौटा नृत्य के रूप में हुई, जिनका नृत्य-निर्देशन सोमा आनद ने किया। इन प्रस्तुतियों ने सभी प्रतिनिधियों के मन का पर्याप्त रंजन किया। सभागार बारंबार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। दूसरे दिन समारोह उद्घाटनकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डा सी पी ठाकुर तथा मुख्य अतिथि बिहार के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने ७३ हिन्दी सेवियों को विविध अलंकरणों से सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के विश्रुत विद्वान प्रो महेंद्र मधुकर को सम्मेलन की सर्वोच्च मानद उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लेखक डा ओम् प्रकाश पाण्डेय की पुस्तक भारतीय संस्कृति के विविध आयाम तथा लेखिका डा नम्रता कुमारी की पुस्तक थारु जनजाति की धार्मिक मान्यताएँ का लोकार्पण भी किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा बनायी जाए, इसलिए उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्रियों को भी पत्र लिखे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्र प्राप्ति की पुष्टि भी हुई है और यह भी बताया गया है कि यह प्रस्ताव सकारात्मक है। किंतु इसे कब तक लागु किया जाएगा, इस संबंध में कोई सूचना अभी तक नहीं दी गयी है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हिन्दी शीघ्र देश की राष्ट्रभाषा घोषित होगी। डा सुलभ ने सभा में यह प्रस्ताव रखा की जब तक हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा घोषित नहीं होती, तबतक यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। पूरी सभा ने करतल-ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया। ख्यातिलब्ध गीतकार पं बुद्धिनाथ मिश्र, मेरठ विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रवींद्र कुमार, चंडीगढ़ के विद्वान साहित्यकार डा जसबीर चावला, अयोध्या के सुविखात साहित्यकार विजय रंजन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन डा मधु वर्मा ने किया। मंच का संचालन अनुपमा सिंह ने किया।

दूसरे दिन का आरंभ चौथे सत्र का विषय था- विश्व बंधुत्व की अवधारणा और भारत। इस सत्र का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अध्यक्ष प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि जाति, संप्रदाय, वर्ण, लिंग, क्षेत्रीयता आदि संकीर्ण विचारों से विश्व-बंधुत्व की भारतीय अवधारणा खंडित होती है। सभी अपनी आस्थाओं, उपासना-पद्धतियों, मान्यताओं और विचारों के अनुसार चलें यह उचित है, किंतु इससे किसी अन्य की स्वतंत्रता पर आघात नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम विश्व-बोध से जुड़े हुए हैं। हिन्दी में यह यह भावना समग्र विश्व में प्रकट हुई है। सत्र के मुख्य वक्ता डा जसबीर चावला ने कहा कि १०वें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने कहा- "मानस की जात सभै एक ही पहचानबो। यह भारत के विश्व-बंधुत्व की प्राचीन अवधारणा की ही अभिव्यक्ति है। हमारी इस धारणा में मानवता और मानव-प्रेम ही मुख्य स्वर है।

विशिष्ट वक्ता डा विपिन कुमार ने कहा कि बिहार ने ही संसार को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया। भारत से ही विश्व को शांति का पाठ और ज्ञान प्राप्त हुआ। इसीलिए संसार भारत को विश्व-गुरु मानता है।

सत्राध्यक्ष प्रो महेंद्र मधुकर ने कहा कि भारत चाहता है कि वह संपूर्ण विश्व में व्याप्त हो। यह मेरा है, यह तेरा है की समझ एक संकीर्ण भावना है। यह भारतीय दृष्टि नहीं है। हिन्दी संतों और सिद्धों की भाषा है। जबलपुर के साहित्यकार अमरेन्द्र नारायण के आलेख का पाठ डा पुष्पा जमुआर ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रो सुशील कुमार झा ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सत्र का संयोजन डा रेखा भारती ने किया। अंतिम और वैचारिक सत्र का विषय था साहित्य के नए प्रश्न, जिसकी अध्यक्षता बिहार सरकार में विशेष सचिव रहे साहित्यकार डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने किया।

# अंगिका साहित्य को समृद्ध करने में सार्थक सिद्ध होगा अंगिका रामचरित मानस

**कुमार कृष्णन**

तुलसीदास भक्तिकाल की राम काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि है। तुलसी ने रामचरितमानस के ज़रिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुँचाया।तुलसीदास भक्तिकाल की राम काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि है। तुलसी ने रामचरितमानस के ज़रिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुँचाया।हिन्दुओं के सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथों में एक रामचरितमानस का कई मुसलमान शासकों ने उर्दू-फारसी में अनुवाद करवाया है। राम वो नाम है जो हिन्दी, संस्कृत और उर्दू का भी भेद मिटा देते हैं।उर्दू, फारसी के अलावा कई भाषाओं रामचरित मानस का अनुवाद किया गया।

गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरित मानस का अनुवाद अफ़्रीकेंस, असमिया, अवधी, भोजपुरी, गोंयची कोंकणी, गुजराती, कन्नड़, मैथिली, मराठी, नेपाली,मुंडारी, संथाली, भीली भाषा के बाद अंगिका में किया गया है।

मुंडारी भाषा में इसका अनुवाद मझिया मुंडा (अब स्वर्गीय) ने किया है। अनुवाद में छत्रपाल सिंह मुंडा ने उनका सहयोग किया। मझिया मुंडा ने पुस्तक में लिखा है कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती से प्रेरणा पाकर उन्होंने रामचरितमानस का मुंडारी भाषा में अनुवाद का बीड़ा उठाया था। उन्होंने अनुवाद की शुरुआत मार्च 1974 में की थी. एक साल बाद इसे पूरा किया। इस पुस्तक का प्रथम संस्करण 1988 में आया था। पुस्तक का संपादन साहित्यकार श्रवण कुमार गोस्वामी और दुलायचंद्र मुंडा (दोनों स्वर्गीय) ने किया है। इस पुस्तक का प्रकाशक स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती देश धर्म सेवा संस्थान कोलकाता है।पुस्तक में मूल्य की जगह लिखा हुआ है- वनवासी भाईयों की सेवा। अर्थात यह पुस्तक निःशुल्क वितरण के लिए प्रकाशित की गयी थी।भानुशंकर गेहलोत ने वर्ष 2009 में भीली भाषा में रामायण लिखी थी। आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल ने श्रीरामचरित मानस का भीली भावार्थ के साथ प्रकाशन किया गया था। हालांकि गेहलोत अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 7 वर्ष के अथक परिश्रम के बाद श्री रामचरित मानस के हिंदी भावार्थ का भीली बोली में अनुवाद किया। यह इसलिए प्रासंगिक है कि इसके श्रवण करने से जनजातीय समुदाय को श्रीरामजी के चरित्र को भलीभांति समझने में मदद मिल सके। जनजातीय समुदाय के आराध्य देव प्रभु श्रीराम की लीलाओं को जानने के लिए उनका अभिनव प्रयास रहा।

इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में अब अंगिका भाषा में भी रामचरित मानस उपलब्ध है। अंगिका बिहार-झारखंड के कई जिलों की भाषा है। इस भाषा में पहली बार रामचरितमानस का लेखन किया गया है। सनातन-धर्म के स्तंभ,विश्वब्यापी विशाल ग्रंथ गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित मानस को आधार स्वरूप मानकर अनुवाद और ब्याख्या के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यह "अंगिका रामचरित मानस" भारतीय संस्कृति, आचार-विचार, सभ्यता का एक सुंदर धरोहर है । गोस्वामी तुलसीदास कृत "रामचरित मानस" का यह अनुवाद है, भक्ति ज्ञान और कर्म का समन्वय है । साथ ही इसमें रचयिता ने कुमारी रुपा ने अपने ब्यक्तिगत विचार भी प्रस्तुत किये हैं— ढोल, गंवार, शूद्र पशु, नारी " जैसे कुछ विवादित विषय का बिल्कुल सही सटीक अर्थ भी प्रस्तुत किया है । यह मानस जन-मानस को धर्म और सांसारिक-कर्म से जोड़ने की अद्भुत कड़ी है । यह सहज जीवन से लेकर कठिन त्याग का अपूर्व संगम है। इसके अंतर्गत तुलसीदासजी के विचारों को अंगिका भाषा में प्रस्तुत करते हुए, उनके सारे आयामों को यथावत रखते हुए ,पाठ की लयबद्धता, पाठ के दौरान के विश्राम, सबको यथावत रखा गया है। रचयिता का अंगिका साहित्य में यह विशाल ग्रंथ तुलसीदास के मानस के आधार पर हू-ब-हू प्रस्तुत करने का प्रथम प्रयास है ,जो निश्चय ही अंगिका साहित्य को भी समृद्ध बनाने में पुर्ण सक्षम होगा । यह हर घर, जन-जन के लिए वंदनीय है,पूजनीय है, ग्राह्य है। लेखिका कुमारी रूपा के अनुसार रामायण भक्ति प्रेम आदर त्याग और उदारता का ग्रंथ है। उनकी मां ने बचपन में ही इस रामायण का बीज उनके अंदर बोया था; जो उर्वर हुआ गोरई की पवित्र धरती पर। उनके श्वसुरजी जमीन बेच कर रामायण पाठ कराते थे। उनके पति जीवन भर, मंगलवार को पाँच लड्डू भोग लगाकर सुंदर कांड का पाठ करने के बाद ही मुंह मे अन्न रखते थे । वही सब आज मेरे 'अंगिका रामायण' के रूप में फलित हुआ है। अंगिका बिहार के भागलपुर, बांका, मुंगेर और आस-पास के जिलों की भाषा है। साथ ही झारखंड के कुछ भागों में भी अंगिका बोली जाती है। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में अंगिका की पढ़ाई स्नातकोत्तर स्नातकोत्तर स्तर पर होती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या और अंग देश के राजा रोम पद की पत्नी रानी वर्षिणी दोनों सगी बहनें थीं। श्री राम के जन्म से पहले कौशल्या ने एक पुत्री को जन्म दिया था, जिसे रानी कौशल्या ने अपनी बहन वर्षिणी को सौंप दिया।इस पुत्री का नाम शांता था, जो अंग देश की राजकुमारी बनीं। कहा जाता है कि कौशल्या ने अपनी बहन को वचन दिया था कि वो अपनी पहली संतान को उन्हें सौंप देंगी क्योंकि उनकी बहन वर्षिणी निसंतान थीं। इसके बाद जैसे ही शांता हुईं।राजा दशरथ ने अपने दिए वचन के अनुसार उन्हें अंग देश के राजा रोमपद को सौंप दिया। शांता का पालन पोषण अंग देश के राजा रोमपद के यहां ही हो रहा था। इस दौरान अंग देश में अकाल पड़ गया।

जिस समय अंग देश में अकाल पड़ा, उस दौरान राजा रोमपद ने श्रृंगी ऋषि को अपने यहां आने का निमंत्रण दिया। ऐसा कहा जाता था कि श्रृंगी ऋषि जहां जाते थे. वहां बारिश होती थी इसलिए अंग देश के राजा ने श्रृंगी ऋषि को अंगदेश आने का निमंत्रण दिया।वहीं, श्रृंगी ऋषि राजकुमारी शांता की तरफ आकर्षित हुए और उनसे विवाह कर अंग देश में ही रहने लगे। अयोध्या नरेश राजा दशरथ चाहते थे कि उनका रघुकुल वंश आगे बढ़े. लेकिन उन्हें संतान प्राप्ति नहीं हो रही थी. उन्होंने पुत्रकामेश्ठि यज्ञ के लिए अंग प्रदेश ऋषि श्रृंगी को निमंत्रण भेजा।ऋषि श्रृंगी ने अपनी पत्नी एवं अंग देश की राजकुमारी शांता के साथ यज्ञ में शामिल होने की इच्छा प्रकट की।इसके बाद ऋषि श्रृंगी एवं राजकुमारी शांता भी राजा दशरथ द्वारा किए गए पुत्रकामेश्ठि यज्ञ में शामिल हुए। इस यज्ञ के बाद अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न का जन्म हुआ।अंगिका रामचरितमानस की लेखिका कुमारी रूपा के अनुसार इसके लेखन की शुरुआत एक मजाक से हुई थी। लेकिन भगवान श्रीराम की कृपा से आज यह महाकाव्य अपने पूर्ण रूप में आ चुका है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले अंगिका भाषी समाज के बीच उन्होंने अंगिका में एक संदेश लिखा था।जिसकी लोगों ने खूब सराहना की थी। इसी दौरान मजाक-मजाक में यह बात हुई कि एक संदेश तो क्या मैं अंगिका में रामायण लिख सकती हूं। फिर कुछ दिनों बाद लोगों की प्रेरणा से उन्होंने अंगिका रामचरितमानस का बीड़ा उठाया और आज यह महाकाव्य पूर्ण रूप में अंगिका भाषियों के लिए उपलब्ध है।

अंगिका रामचरितमानस की लेखिका कुमारी रूपा बिहार के बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र की गोरई जानकीपुर गांव की रहने वाली हैं। हालांकि अब बच्चों के साथ नोएडा में रहती हैं। हम अपने अंग क्षेत्र से भले ही दूर हुए हो लेकिन अब भी दिल में अंगिका जिंदा है। कुमारी रूपा के अनुसार अंगिका बिहार की सबसे पुरानी भाषा है। इसी से बिहार की अन्य भाषाओं का जन्म हुआ है।

कुमारी रूपा इससे पहले भी कई उपन्यास, कविताओं की रचना कर चुकी हैं हालांकि अंगिका भाषा में यह उनकी पहली रचना है। उन्होंने बताया कि अंगिका रामचरितमानस की रचना के दौरान ही उन्होंने अंगिका में कई कविताएं लिखी। जो अंगिकाभाषियों द्वारा काफी पसंद की जा रही है।

नेशन प्रेस द्वारा प्रकाशित अंगिका रामचरितमानस ऑनलाइन मर्चेंट शॉप फ्लिपकार्ड, अमेजन के साथ-साथ नेशनप्रेस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। कुमारी रूपा ने अंगिका रामचरितमानस के कवर पेज पर लिखा है-

अनुज जानकी सहित हे राम, धनुष बाण धरि हाथ

हमरो ह्रदय गगन रो चांद बनी बसों सदा निष्काम किया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दिव्यांग बच्चों की निर्मित दीपावली सामग्रियों की हो रही प्रशंसा



धनबाद, नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर के लिए मंगलवार को दिव्यांग बच्चो द्वारा निर्मित डेकोरेटिव दीए, मोमबती हस्तकला सामग्री,तोरण,वंदनवार बास्केट की प्रदर्शनी और स्टॉल ऑफिस ऑफ़ द डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर (सेंट्रल) जगजीवन नगर में लगाई गई।जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आर. के.कुरारिया, सहायक श्रम आयुक्त, राहुल कुमार सहायक श्रम आयुक्त, प्रभात शंकर, सहायक श्रम आयुक्त, मानस चटर्जी ट्रेड यूनियन नेता, कमलेश कुमार ओ एस, और सभी कर्मचारी सचिव अनिता अग्रवाल,कौशल अग्रवाल उपस्थित थे।दीपावली के अवसर पर धनबाद के विभिन्न जगहों पर प्रदर्शनी लगाए जाने के क्रम में लोगो ने बच्चो द्वारा निर्मित सामग्री को खरीद सभी ने सराहना करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। सचिव अनिता अग्रवाल ने सभी सम्मानित जन से आग्रह किया कि इस साल बच्चो द्वारा निर्मित दीपक से अपने घर को रोशन करें। जिससे इन दिव्यांग बच्चो का मनोबल बढ़े और वे अधिक बेहतर करने के लिए प्रेरित हो।

### रागिनी सिंह ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



झरिया, झरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने मंगलवार की सुबह झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे लगे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।सर्वप्रथम अभियान की शुरुआत बस्ताकोला से किया गया। जहां उन्होंने सर्वप्रथम अंबेडकर चौक पर बाबा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं स्वर्गीय नगीना पासवान, तत्पश्चात कतरास मोड़ स्थित स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह,जय प्रकाश नारायण के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।जिसके बाद लक्ष्मणीया मोड़ स्थित महाराणा प्रताप धर्मशाला मे स्थापित किशुन पहलवान , बाटा मोड़ स्थित गणेश साहू , चिल्ड्रन पार्क स्थित महात्मा गांधी , फ़ुलारीबाग स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी यात्रा जोड़ापोखर थाना समीप शहीद शशिकांत पांडेय चौक पहुंचा। जहां रागिनी सिंह ने शहीद शशिकांत पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसके बाद स्वर्गीय बासुदेव प्रसाद चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावमिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### टाटा स्टील झरिया डिवीजन के कोलियरीज को 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग मिली




जामाडोबा, (धनबाद), टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित "फाइव स्टार रेटिंग" हासिल की। यह सम्मान 21 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित "कोयला एवं लिग्नाइट माइंस के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार" समारोह में प्रदान किया गया।इसमें डिवीज़न की जामाडोबा कोलियरी ने भूमिगत खदानों की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सिजुआ कोलियरी ने "अचीवर प्राइज" हासिल किया। ये पुरस्कार टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया और कौसिक गायेन, हेड (प्लानिंग) को केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी और राज्य कोयला एवं खनन मंत्री, सतीश चंद्र दुबे ने प्रदान किया । इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि झरिया डिवीजन की चार भूमिगत कोलियरी ने इससे पहले 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए भी स्टार रेटिंग मूल्यांकन में कई पुरस्कार जीते थे।ये पुरस्कार झरिया डिवीजन की खनन कार्यों में उत्कृष्टता और सुरक्षित एवं सतत खनन प्रक्रियाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

### 12 सालों से फरार वारंटी को गोपीकांदर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

दुमकाःगोपीकांदर थाना प्रभारी रंजीत मंडल के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने 12 वर्षों से फरार चल रहे एक उपद्रवी स्थायी वारंटी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है।वारंटी की पहचान गोपीकांदर थाना क्षेत्र के धोवाचापड़ गांव के दिनेश देहरी पिता स्वर्ग देबू देहरी के रुप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि 12 साल पहले गुम्मामोड़ के पास उपद्रव करने वाले व विगत 12 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर निजी आवास से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।इस दौरान एएसआई धर्मल मांझी सहित पुलिस जवान शामिल थे।

### 12 सालों से फरार वारंटी को गोपीकांदर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

दुमकाःगोपीकांदर थाना प्रभारी रंजीत मंडल के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने 12 वर्षों से फरार चल रहे एक उपद्रवी स्थायी वारंटी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है।वारंटी की पहचान गोपीकांदर थाना क्षेत्र के धोवाचापड़ गांव के दिनेश देहरी पिता स्वर्ग देबू देहरी के रुप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि 12 साल पहले गुम्मामोड़ के पास उपद्रव करने वाले व विगत 12 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर निजी आवास से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।इस दौरान एएसआई धर्मल मांझी सहित पुलिस जवान शामिल थे।

### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

दुमकाःजिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने बताया कि झारखंड विधानसभा आम चुनाव के निमित दुमका जिला के चारों विधानसभा में 20 नवंबर को मतदान किया जाएगा। यह जागरूकता रथ दुमका जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में रोस्टर अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी।

## ईसीआरकेयू ने किया नोमिनेशन दाखिल

# कर्मचारियों के पेंशन योगदान को लाभांश सहित वापस करवाएंगे तथा सेवा अवधि में भी सुधार करवाएंगे : शिव गोपाल मिश्रा







### हजारों रेलकर्मियों के सैलाब से पट गया मुख्यालय हाजीपुर

धनबाद, हाजीपुर, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा हाजीपुर महाप्रबंधक कार्यालय में मान्यता प्राप्त के लिए 4 से 6 दिसम्बर को होने वाले चुनाव के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया।इस मौके पर मुख्यालय हाजीपुर परिसर में यूनियन द्वारा एक जनसभा का भी आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने सभा में उपस्थित हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी के लिए लागू होने जा रहे यू पी एस की सभी कमियाँ दूर कराई जाएंगी। कर्मचारियों के योगदान की राशि को लाभांश सहित वापस दिलाने का वादा किया। साथ ही,उन्होंने कहा कि पेंशन के लिए सेवा अवधि में भी सुधार निश्चित रूप से करवाया जाएगा। एआईआरएफ ने आपके संघर्ष के बल पर एनपीएस के जगह पर यूपीएस लाने का काम किया है तो यूपीएस को ओपीएस तक ले जाने के संघर्ष के लिए तैयार है। इसके लिए आप सभी को फिर एक बार ईसीआरकेयू को मजबूत करना होगा ताकि फेडरेशन को भी नई ताकत मिल सके। उन्होंने सभास्थल पर उमड़ी जन सैलाब को उत्साहित करते हुए कहा की आपकी उपस्थिति यह साबित कर रही है कि ईसीआरकेयू एकल संगठन के रूप में फिर तीसरी बार मान्यता प्राप्त करने में जरूर सफल होगा। आमसभा की अध्यक्षता करते हुए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष, डी के पांडेय ने युवा रेलकर्मियों को भविष्य के आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। मंच से महामंत्री, एस एन पी श्रीवास्तव ने कहा कि केवल एआईआरएफ का ही संघर्ष और शहादत का इतिहास है। बाकी ने आंदोलन के नाम पर रेलकर्मियों की भावनाओं को छलने काम किया है। आज चुनाव के माहौल में कई संगठन रेलकर्मियों को विभिन्न कटेगरी के आधार पर बांटने का काम कर रहे हैं, जो रेलकर्मियों के आंदोलन को कमजोर कर रहे हैं ।बी के सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए ईसीआर जोन में फिर एकबार ईसीआरकेयू के लाल झंडे को बुलंद करने का आह्वान किया और कहा कि कठिन मांगों को मजबूत सरकार से मनवाने के लिए एक मजबूत संगठन का होना बहुत जरूरी है। इसी प्रेरणा के साथ ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाते हुए फिर एकल यूनियन बनाने का आह्वान किया।इस आमसभा के पूर्व एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा, ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डी के पाण्डेय, महामंत्री, एस एन पी श्रीवास्तव तथा अपर महामंत्री, मो ज़्याऊद्दीन ने महाप्रबंधक, छत्रसाल सिंह से औपचारिक मुलाकात की तथा आमसभा के पश्चात इन नेताओं के अगुवाई में ईसीआरकेयू का एक विशिष्ट प्रतिनिधिमण्डल प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, बी के सिंह को ईसीआरकेयू का नोमिनेशन फाईल सौंपा। इसमें एस एस डी मिश्रा (दानापुर), मो ज़्याऊद्दीन (धनबाद), मिथिलेश कुमार (डी डी यू), मनोज कुमार (समस्तीपुर), बबलू कुमार (सोनपुर), बी बी पासवान ( डी डी यू प्लांट डिपु), मनीष कुमार ( मुख्यालय) तथा जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा सम्मिलित रहे।यूनियन के धनबाद मंडल का मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि धनबाद मंडल के 14 शाखोंओ ने नॉमिनेशन मे अपने शाखा का नेतृत्व करते हुए हाजीपुर पहुंचें । जिसमें शाखा के सचिव, बी के दुबे,सी पी पाण्डेय,जे के साव,सुनील कुमार सिंह,आर एन चौधरी,आर के सिंह,अजीत कुमार,आर एन चौधरी,महेन्द्र प्रसाद महतो,चंदन शुक्ल,आई एम सिंह,पी के सिन्हा,उमेश कुमार सिंह,बृज किशोर साव और बी बी सिंह,आदि ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया ।

# अपने समर्थकों के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री हसीना खातून हुई भाजपा में शामिल

जोड़ापोखर( धनबाद), झरिया विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक पूर्णिमा सिंह को लगा झटका।कई दशको से कांग्रेस का झंडा बुलंद करने वाली वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री हसीना खातून ने पार्टी से अपना नाता तोडा। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह तथा कांग्रेस पार्टी की अनदेखी के कारण मंगलवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह की मौजदगी में वरिष्ट कांग्रेस नेत्री हसीना खातून अपने समर्थको के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई।इस दौरान श्रीमती रागिनी सिंह ने फुल, माला तथा भाजपा का पट्टा पहनाकर श्रीमती हसीना खातून का स्वागत किया। श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा की आज कांग्रेस तथा झरिया विधायक से झरिया की जनता



त्रस्त है। जब कांग्रेस हसीना खातून जैसे अपने वरिष्ट नेत्री का सम्मान नहीं करती सकती है, तो आम जनता का क्या करेगी। जबकि भाजपा अपने कार्यकर्त्ताओ का सम्मान हमेशा करती है। हसीना खातून के आने से झरिया विधानसभा में भाजपा मजबूत होगी। इस बार झरिया की जनता हवा हवाई वादा करने वालो को सबक सिखाएगी। भाजपा में शामिल होने के बाद श्रीमती हसीना खातून ने कहा की पिछले पांच सालो में कांग्रेस पार्टी तथा झरिया विधायक द्वारा अनदेखी की जा रही थी। जिस कारण मैंने पार्टी छोड़ी है। उन्होंने कहा की जिस पार्टी में सम्मान नही उससे दूर रहना ही बेहतर है। झरिया विधायक पर बरसते हुए कहा की झरिया में पहला ऐसा विधायक देखा जिसके पास झरिया की जनता के लिए समय नहीं है। ज्ञात हो की श्रीमती हसीना खातून ददई दुबे के सांसद होने के समय से ही कांग्रेस की दमदार नेत्री रही थी। जिसकी क्षेत्र में अच्छी खासी पकड़ मानी जाती है। पार्टी छोड़ने से झरिया विधानसभा में इसका असर देखने को मिल सकता है। पिछली चुनाव में कांग्रेस को जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

## आस्था एवं विश्वास का महापर्व छठ को धूमधाम से मनाने का निर्णय

दुमका : खूंटाबांध छठ पूजा समिति द्वारा इस वर्ष 2024 को भी आस्था एवं विश्वास का महापर्व छठ को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष खूटाबांध छठ घाट का मुख्य आकर्षण विद्युत सज्जा के साथ ही पंडाल एवं भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। घाट की साफ सफाई पर जोर दिया जाएगा।मंगलवार को खूंटा बांध परिसर में समिति की हुई बैठक में सर्वसम्मति से नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। नये कार्यकारिणी के अनुसार नरेंद्र प्रसाद साह, नवल किशोर साह, वंशीधर पंडित, डॉ सुमन कुमार एवं उमाशंकर चौबे को मुख्य संरक्षक बनाया गया जबकि नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष बिनोद कुमार लाल समिति के अध्यक्ष होंगे।उपाध्यक्ष संजीव कुमार कुमार सिंह, सुमंत यादव, सौरभ संथालिया, रवि कुमार व विकास कुमार वैद्य,सचिव अशोक कुमार राउत,सह सचिव गौतम कुमार, कुणाल झा, जगदीश पासवान, अतुल पंजियारा, रजत भारती संयुक्त सचिव कुणाल झा, जगदीश पासवान, अतुल पंजियारा, विकाश मिश्रा, उमेश झा, राजकुमार मंडल.कोषाध्यक्ष अशोक कुमार साहा ,सह कोषाध्यक्ष संदीप कुमार एवं सुमित झा ,मीडिया प्रभारी राहुल गुप्ता, लक्ष्मण राउत व राजेश चौरसिया,उद्घोषक विद्यापति झा एवं बासुदेव पंडित ,जागरण एवं स्टेज प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह, आनंद कुमार राजू, संजय हाजरा, नवीन कुमार ,पूजा प्रभारी शंभू प्रसाद साह, विनोद गुप्ता, नवल किशोर भगत, विक्की साह ,सुरक्षा प्रबंधक मनोज कुमार लाल मुन्ना, राजकुमार मंडल, भवेश कुमार सिंह, संजय यादव, रंजीत मिश्रा, आशीष कुमार पिंटू, उमेश झा , अरविंद कुमार, मनी केशरी, मनोज साह, अनिल कुमार, पंकज भंडारी, गौरव सिंह, विक्की साह, विकास साह, प्रदीप सिंह है।

## जोड़ापोखर में जुआ अड्डा का हुई शुरुआत

जोड़ापोखर,( संवाददाता) , दीपावली पर्व की शुरुआत होते ही जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के कई जगहों पर जुआ का खेल खोला जा रहा है, जिसमे नौजवान, स्कूली बच्चे, गरीब तबके के लोग पैसे के लालच में फसते जा रहे है। क्षेत्र के डिगवाडीह बूढ़ीबांध, जियलगोरा, शालीमार, नौर्थ जियलगोरा में सुबह से ही 52 पते की बिसात बिछ गई है, जो देर रात तक चलती रहती है। जुआ संचालक खिलाड़ियों के लिए हर तरह की व्यवस्था कर रखा है, ताकि जुआ खेलने में दिक्कत न हो। इन सब के बदले ये जुआ का सरगना पैसे जितने वालो से नल के रूप में कुछ रकम रखते है, जिसकी कमाई रोजाना लाखो में होती है। इसी पैसे से मैनेज का खेल किया जाता है।

### जुआ अड्डा खुल जाने से महिलाओं में रोष व्याप्त

जुआ अड्डा खुल जाने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती हैं। गरीब परिवार के कमाई करने वाले पुरूष जुआ खेलते हुए अपनी पूरी कमाई हार जाते है। पूजा पर्व में बच्चों को कपड़ा, मिठाई एवं



पटाखों के लिए दुसरे से कर्ज लेना पड़ जाता है। महिलाओं ने कहा की जोड़ापोखर पुलिस अगर अविलंब जुआ अड्डा बंद नहीं कराती है तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करने पर बाध्य होगे।

## 29 अक्टूबर को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि




दुमकाःसमाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दूसरे चरण के लिए 10-दुमका अ.ज.जा, 12-जरमुंडी , 07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा, 11-जामा अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।दुमका जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत दिनांक 20.11.24 को मतदान किया जाना है।22.10.2024 को नाम निर्देशन प्रारंभ करने की तिथि है, 29 10.2024 को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि है, 30.10.2024 को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि है, 01.11.24 को नाम वापसी की तिथि है, 20.11.24 को मतदान की तिथि है और 23.11.2024 को मतगणना की तिथि है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक मतदाता अपने मतदान केंद्र जाकर मतदान कर सकेंगे।कहा कि 13 मतदान केंद्रों पर मतदाता सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक मतदान कर सकेंगे।जिनमें शिकारीपाड़ा प्रखंड के 10 एवं गोपीकांदर प्रखंड के 3 मतदान केंद्र हैं।इस दौरान उन्होंने बताया कि दिनांक 22.10.2024 को जिले के सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से किसी भी प्रत्याशियों ने नामांकन नहीं किया है।कहा कि 10-दुमका अ.ज.जा से 4,12-जरमुंडी से 4, 07-शिकारीपाड़ा अ.ज.जा से-3,11-जामा अ.ज.जा से - 5 नाजीर रशीद खरीदा गया है।

## रामगढ़ के लावरती में तनाव के बीच मंगलवार को फिर से हुई मांझी परगना बैसी की बैठक

दुमकाःरामगढ़ में मांझी परगना बैसी की बैठक बुलाकर जमीन विवाद के हल का दावा करने वाली संस्था को पासा उल्टा पड़ गया। सोमवार को बुलाई गई मांझी परगना बैसी की बैठक में स्थानीय ग्राम प्रधान, मांझी,गुडैत तथा संताल समाज के स्थानीय बुद्धिजीवी संस्था की मनमानी के खिलाफ खड़े हो गए। कथित मांझी परगना सरकार के मनमाने निर्णय के विरोध में स्थानीय ग्राम प्रधानों तथा समाज के बुद्धिजीवियों ने द्वितीय पक्ष की सनी टुडू के पति को दस्तावेजों के आधार पर घर जमाई स्वीकार करते हुए सनी टुडू को जमीन का वैध उत्तराधिकारी मानते हुए उसके पक्ष में निर्णय दिया था। साथ ही संस्था के तीन व्यक्तियों को पुलिस के हवाले करने के लिए स्थानीय ग्राम प्रधान को सौंप दिया था। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार की रात में ही दो चार पहिया वाहनों से आए



लोग तीनों व्यक्तियों को ग्राम प्रधान के घर से लेकर चले गए थे।साथ ही मंगलवार को लावरती में सभा बुलाकर इस बात का फैसला करने की बात कही थी। मंगलवार को सोलह चार पहिया वाहनों से दर्जनों लोग लावरती पहुंचे तथा पंचायती प्रारंभ की।इतनी संख्या में बाहरी लोगों की उपस्थिति देखते हुए स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। दुमका दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान संताल परगना से कथित तौर पर जुडे लोग आज की बैठक में भी अपनी संस्था तथा उसके कार्य-कलापों को विधि सम्मत बता रहे थे। स्थानीय बुद्धिजीवियों द्वारा बैठक में संस्था को फर्जी एवं उसकी कार्रवाइयों को अवैध बताने पर संस्था के लोगों की स्थानीय बुद्धिजीवियों के साथ कई बार तीखी बहस हुई। देर शाम तक चली बैठक में स्थानीय बुद्धिजीवी एवं ग्रामीण उक्त संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए थे। अंततः उक्त संस्था के लोगों द्वारा क्षमा मांगने के बाद बैठक समाप्त हुई। बैठक के दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने मीडिया कर्मियों द्वारा तस्वीर खींचने एवं वीडियो बनाने पर रोक लगा दी थी। स्थानीय बुद्धिजीवियों द्वारा इस बात का विरोध किये जाने के बाद मीडिया कर्मियों को तस्वीर लेने दिया गया। दुमका दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान संताल परगना नामक संस्था के प्रतिनिधियों से जब उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया कि वे अपना पक्ष बाद में भेजेंगे। उधर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी घटनाक्रम पर अपनी नजर बनाए हुए था। थाना प्रभारी शशिकांत साहू के नेतृत्व में पुलिस बल बैठक के कुछ दूरी पर तैनात थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कपल ने लाल सागर के 60 फीट नीचे किया निकाह, जल संरक्षण का संदेश

रियाद (ईएमएस)। शादी के लिए युवाओं में खूबसूरत लोकेशन के साथ अजब-अनोखी तरीके तेजी से प्रचलित हो रहे हैं। सऊदी अरब के अबू अल ओला और यास्मीन दफ्तरदार ने निकाह के लिए लाल सागर को चुना। गोताखोरी का शौकीन इस कपल ने समुद्री की खूबसूरती को दर्शाने के साथ ही इसके इकोसिस्टम को बचाने का संदेश दिया। जेद्दा के तट पर कोरल रीफ और समुद्री प्रजातियों के बीच युगल ने निकाह किया।भारत में 2021 में पहली अंडरवाटर शादी हुई थी। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में आइटी इंजीनियर वी. चिन्नादुरई और एस. श्वेता ने समुद्र में करीब 60 फीट नीचे जाकर सात फेरे लिए थे। उन्होंने जल प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए शादी का यह तरीका चुना।अबू अल ओला और दफ्तरदार खुद गोताखोर हैं, इसलिए उनके गोताखोर साथियों के समूह ने अनूठे आयोजन को अंजाम दिया। कैप्टन फैजल फ्लेम्बन के नेतृत्व में इस गोताखोरी दल ने आवश्यक उपकरण और सभी जरूरी साजो सामान की व्यवस्था की। इस आयोजन में दूल्हा-दुल्हन और वहां मौजूद टीम को किसी तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा।ओला और यास्मीन इस असाधारण निकाह से समुद्र के अकूत खजाने की खोज और उसके संरक्षण का संदेश देना चाहते हैं। ओला ने कहा, इससे हम दूरदर्शी नेता प्रिंस बिन सलमान के सपने को साकार करने में योगदान देना चाहते हैं। सलमान समुद्री पर्यटन और इससे पारिस्थितिक तंत्र की हिफाजत के लिए कई अभियान चला चुके हैं।

### पाकिस्तानी नौसेना ने जब्त की करोड़ों की नशीली दवाएं

इस्लामाबाद, (ईएमएस)। पाकिस्तान की नौसेना ने नशीली गोलियों की एक बड़ी खेप सहित बड़ी मात्रा में ड्रग्स को जब्त करने में सफलता हासिल की है। पाकिस्तानी सेना ने सोमवार शाम एक बयान में इसकी जानकारी दी है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन के दौरान दो हजार किलोग्राम हशीश, 370 किलोग्राम बर्फ (क्रिस्टल मेथ) और 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की हैं।सेना ने बताया कि उन्होंने नशीले पदार्थों के अलावा, अवैध गोलियों का एक बड़ा जखीरा भी जब्त किया गया, जो क्षेत्र में नशीली दवाओं की तस्करी की बढ़ती चुनौती को उजागर करता है। आईएसपीआर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में दवाओं का कुल अनुमानित मूल्य लगभग साढ़े चौदह करोड़ अमेरिकी डॉलर है। आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए दवाओं को एंटी-नारकोटिक्स फोर्स को सौंप दिया गया है। आईएसपीआर ने कहा, "पाकिस्तानी नौसेना क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने, क्षेत्र के समुद्री क्षेत्र में सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हमेशा सतर्क और प्रतिबद्ध है।"संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में नशीली दवाओं के आदी लोगों की कुल संख्या 7.6 मिलियन है, जिनमें से 78प्रतिशत पुरुष हैं, जबकि शेष 22प्रतिशत महिलाएँ हैं। इन नशेड़ियों की संख्या प्रति वर्ष 40,000 की दर से बढ़ रही है, जिससे पाकिस्तान दुनिया में सबसे अधिक नशीली दवाओं से प्रभावित देशों में से एक बन गया है।

### हमास सिनवार का उत्तराधिकारी नहीं करेगा नियुक्ति, समिति करेगी समूह का नेतृत्व

यरुशलम,(ईएमएस)। इजराइल के हमले में हमास नेता याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद हमास ने अब नया नेता नहीं चुनने का फैसला किया है। सिनवार के उत्तराधिकारी की बजाय हमास अब एक शासन करने वाली समिति समूह की गतिविधियों का संचालन करेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमास के दो सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी गई है कि हमास नेतृत्व का नजरिया मारे गए नेता याह्या सिनवार के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं करेगा।सूत्र ने बताया कि तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद गठित की गई पांच सदस्यीय समिति समूह का नेतृत्व संभालेगी। समिति का गठन गाजा में सिनवार की मौत से पहले उनके साथ संवाद करने में कठिनाई को देखते हुए फैसला लेने में सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया था। 31 जुलाई को सुबह तड़के इस्माइल हानिया की हत्या के बाद सिनवार को हमास का नेता बनाया गय था। इसके पहले उसे 2017 में समूह का गाजा प्रमुख नामित किया गया था। सूत्र ने बताया कि हमास की शासन करने वाली समिति में दो फिलिस्तीनी क्षेत्रों और समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हैं।हमास की शासन समिति में गाजा के लिए खलील अल-हय्या, पश्चिमी तट (वेस्ट बैंक) के लिए जहर जबरीन और विदेश में फिलिस्तीनियों के लिए खालिद मशाल को शामिल किया है। इसके साथ ही हमास की शूरा सलाहकार परिषद के प्रमुख मोहम्मद दरवेश और राजनीतिक ब्यूरो के सचिव भी शामिल हैं, जिनकी पहचान सुरक्षा कारणों से कभी सार्वजनिक नहीं होती। हमास का संचालन करने वाली समिति के सभी मौजूदा सदस्य कतर में हैं। सूत्र के मुताबिक समिति को युद्ध और असाधारण परिस्थितियों के दौरान आंदोलन को नियंत्रित करने, साथ ही साथ इसकी भविष्य की योजनाओं का काम सौंपा गया है। समिति को रणनीतिक फैसला लेने का अधिकार है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि याह्या सिनवार ने भी इसी तरह की इच्छा जाहिर की थी, जिसमें उसकी मौत के बाद समूह का नेता चुनने की बजाय कमेटी के जरिए इसे संचालित किया जाए।

### यूक्रेन युद्ध में सैनिकों की तैनाती पर अनिश्चितता

सियोल(ईएमएस)। हाल ही में रूस ने स्पष्ट किया कि वह उत्तर कोरिया के साथ अपने सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियानों में उत्तर कोरियाई सैनिकों के इस्तेमाल के आरोपों पर टिप्पणी करने से इनकार किया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से कहा, इसमें बहुत सारी विरोधाभासी जानकारी है, और उन्होंने इन सवालों को रूस के रक्षा मंत्रालय से पूछने का सुझाव दिया। इस बयान के बाद, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में रूस का समर्थन करने के लिए लगभग 12,000 सैनिकों को भेजने का निर्णय लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले ही करीब 1,500 सैनिकों को रूसी नौसैनिक जहाजों के माध्यम से रूस के सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक में भेजा जा चुका है। इस पर अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि वे इस सेना की तैनाती की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन अगर यह सच है, तो यह स्थिति चिंताजनक होगी।

# भारत ने एर्दोगान को कश्मीर मुददे पर कराया चुप, मोदी की कूटनीति के दीवाने हुए पाकिस्तानी जानकार



इस्लामाबाद (ईएमएस)। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगान ने जब पिछले माह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में संबोधन के दौरान कश्मीर मुद्दे पर चुप्पी साधी रही। इससे पाकिस्तान हैरान रह गया था। 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने के मोदी सरकार के फैसले के बाद से पहली बार था, जब एर्दोगान ने कश्मीर पर चुप्पी साधे रही थी। कश्मीर पर एर्दोगान के चुप बैठने के बाद अब भारत ने भी तुर्की को लेकर रुख नरम किया है। कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और एर्दोगान में मुलाकात हो सकती है। एर्दोगान के इस बदले रुख पर पाकिस्तानी जानकार भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देख रहे हैं।पाकिस्तानी विशेषज्ञ कमर चीमा ने तुर्की के राष्ट्रपति के बदले अंदाज को पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया के लिए कश्मीर का मसला पीछे हो गया है। वर्तमान में कश्मीर के मामले पर पाकिस्तान का समर्थन कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोई भी इस्लामिक देश आज कश्मीर पर चर्चा नहीं कर रहा है। वहीं, भारत की स्थिति बहुत साफ होती जा रही है।एर्दोगान की कश्मीर पर चुप्पी की वजह बताकर चीमा कहते हैं कि तुर्की भी ब्रिक्स की सदस्यता चाहता है। भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है। चीमा ने बताया कि अब सुनने में आ रहा है कि नरेंद्र मोदी और एर्दोगान की मुलाकात हो सकती है। इस दौरान संभावना है कि वह भारत से अनुरोध करें, कि वह तुर्की को भी ब्रिक्स में शामिल करे। चीमा ने कहा कि इस मुदे पर एर्दोगान के लिए कश्मीर का मुद्दा नहीं रह जाता है।चीमा ने कहा कि एर्दोगान को एक चीज समझ आ गई है कि उन्हें भारत के साथ मिलकर काम करना है। चीमा ने भारत के बारे में कहा कि वह एक तरफ एससीओ और ब्रिक्स का सदस्य है, जबकि वह अमेरिकी नेतूत्व वाली क्वॉड में भी शामिल है। इसके साथ ही वह जी7 में भी अतिथि भूमिका में बुलाया जाता रहा है। चीमा ने भारत की कूटनीति का जिक्र करते हुए कहा कि भारत जब पश्चिम की तरफ जाता है, तब कहता है कि हम ब्रिक्स का हिस्सा हैं, जो गैर पश्चिमी गुट है। चीमा ने कहा कि भारत ने जैसे तुर्की को कंट्रोल किया है और चुप कराया है,उसी तरह वह आगे भी दूसरे मुल्कों के साथ करना चाहेगा।

### नारोवाल में बावली साहिब मंदिर का शुरू हुआ निर्माण

पाकिस्तान : पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित नारोवाल जिले में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसी के साथ इस मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू होगा। मीडिया में आई एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गई कि यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। मंदिर जर्जर होने के चलते अब तक नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए थे। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था 'इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) ने नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया। नारोवाल जिले में फिलहाल कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट व लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है।

# हिजबुल्लाह के आतंकवादी ठिकानों का इजरायल ने किया खुलासा

### हिजबुल्लाह के पास कितने कैश-गोल्ड, कहां ठिकाना?

गाजा (ईएमएस)। इजरायली सेना, आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के आतंकवादी ठिकानों पर एक बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार लेबनान के अल साहेल अस्पताल के नीचे हिजबुल्लाह का एक बंकर है, जिसमें 50 करोड़ डॉलर से अधिक का सोना और नकद रखा गया है। इस बंकर को हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह का ठिकाना माना जा रहा है। आईडीएफ ने दावा किया है कि यह सीक्रेट बंकर दक्षिण बेरूत में स्थित है और यहाँ अरबों के सोने और नकद का भंडार है। भारतीय मुद्रा में इस खजाने की कीमत लगभग 4194 करोड़ रुपए है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि इजरायली वायु सेना ने हिजबुल्लाह के इन वित्तीय ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिसका उद्देश्य इस आतंकवादी संगठन की फंडिंग क्षमताओं को कमजोर करना था। हगारी ने बताया कि इस बंकर में लाखों डॉलर की नकदी और सोना है, जिसका उपयोग हिजबुल्लाह इजरायल पर हमलों के लिए करता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि हमले में यह धन पूरी तरह से नष्ट हुआ या नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे अनुमान के मुताबिक इस बंकर में कम से कम 50 करोड़ डॉलर की नकदी और सोना रखा हुआ है। यह पैसा लेबनान के पुनर्निर्माण के लिए उपयोग किया जा सकता था। उन्होंने एक नक्शा भी पेश किया, जिसमें बंकर के स्थान को दिखाया गया है। इजरायल ने लेबनानी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपील की है कि वे हिजबुल्लाह को आतंक के लिए और इजरायल पर हमले के लिए फंडिंग करने से रोकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजरायल आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध कर रहा है, न कि लेबनानी लोगों के खिलाफ। यह भी कहा गया कि आईडीएफ अस्पताल पर हमला नहीं करेगा, लेकिन हिजबुल्लाह से जुड़े अन्य ठिकानों पर निगरानी रखी जाएगी। इससे पहले इजरायल ने एक बैंक पर हमला किया था, जिसका संबंध हिजबुल्लाह से था, जो इस संगठन की वित्तीय गतिविधियों पर नकेल कसने के इजरायल के प्रयासों का हिस्सा था।

# लगातार आफतों से जूझता बांग्लादेश

### बाढ़ ने मचाई तबाही, चावल के एक एक दाने को हुआ मोहताज



ढाका(ईएमएस)। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में भारी मानसूनी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी ने पूर्वी और उत्तरी बांग्लादेश में बाढ़ का गंभीर संकट पैदा किया। इस प्राकृतिक आपदा में लगभग 75 लोगों की मौत हो चुकी है, और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे चावल की पैदावार में लगभग 11 लाख टन की कमी आई है। अब हालात कुछ इस तरह के दिखाई दे रहे हैं कि आने वाले समय में बांग्लादेश चावल के एक एक दाने को मोहताज हो जाएगा।बांग्लादेश कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चावल की इस कमी के कारण खाने-पीने की वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे हैं। इस संकट को संभालने के लिए यूनुस सरकार चावल के आयात पर जोर दे रही है, लेकिन बांग्लादेश अब पूरी तरह से भारत पर निर्भर हो गया है। भारत, दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक, बांग्लादेश की इस आवश्यकता को पूरा करने में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। हाल ही में, भारत ने उबले हुए चावल के निर्यात पर शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया था, जिससे बांग्लादेश के लिए आयात करना थोड़ा आसान हो सकता है।सरकारी सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश सरकार ने 5 लाख टन चावल आयात करने की योजना बनाई है, और निजी क्षेत्र को भी जल्द ही आयात की अनुमति दी जा सकती है। देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं, क्योंकि हाल के महीनों में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण, बांग्लादेश को अपने कृषि उत्पादन में बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाढ़ ने 2 लाख टन से अधिक सब्जियों और अन्य कृषि उत्पादों को भी नुकसान पहुंचाया है। इस आपदा के कारण कुल कृषि क्षति का अनुमान लगभग 45 अरब टका (38 करोड़ डॉलर) है। चावल की उत्पादन कमी के साथ-साथ अन्य फसलों के नुकसान ने बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है, और इस संकट से उबरने के लिए उसे बड़े पैमाने पर आयात का सहारा लेना पड़ रहा है।

### विस्फोट के संदिग्ध रिपुदमन सिंह की हत्या में दो लोग दोषी करार

ओटावा : साल 1985 के एयर इंडिया बम विस्फोट मामले में बरी किए गए संदिग्ध रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को कनाडा की अदालत ने दोषी करार दिया है। टैनर फोक्स और जोस लोपेज को ब्रिटिश कोलंबिया की अदालत ने रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के मामले में दूसरी डिग्री की हत्या का दोषी करार दिया। रिपुमदन को 14 जुलाई 2022 को सरे में उनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान के बाहर कई गोलियां मारी गईं थी। साल 1985 के एयर इंडिया विमान विस्फोट मामले में रिपुदमन सिंह और अजैब सिंह बागरी को साल 2005 में बरी कर दिया गया था। एयर इंडिया कनिष्क विस्फोट मामले में 329 लोग मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदालत ने माना कि दोनों दोषियों को मलिक की हत्या के लिए पैसे दिए गए थे। सुनवाई के दौरान दोषियों को वकील ने दोनों की युवावस्था को देखते हुए कम कड़ी सजा देने की अपील की। अब अदालत 31 अक्तूबर को मामले पर फिर सुनवाई करेगी, जिसमें दोनों दोषियों की सजा का एलान किया जाएगा। वहीं रिपुदमन सिंह के परिवार ने दोषियों को सजा मिलने पर खुशी जताई और कहा कि 'हम आभारी हैं कि शूटर्स को न्याय के कटघरे में लाया गया है, लेकिन परिवार के सदस्य को खोने का दर्द कोई नहीं मिटा सकता।'

# भारत के बाद चीन ने भी माना, सीमा विवाद सुलझा, हम 2020 वाली स्थिति पर पहुंच गए



बीजिंग (ईएमएस)। करीब चार साल के गतिरोध को दूर कर चीन ने पुष्टि की है कि पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए भारत के साथ एक समझौता हो गया है। चीनी मीडिया के अनुसार, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बताया कि समझौते के तहत सीमा गश्त पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि चीन और भारत ने सीमा से संबंधित मुद्दों पर कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संवाद बनाए रखा है। जियान ने कहा, वर्तमान में, दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंचे हैं, इस चीन सकारात्मक रूप से देखता है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में, चीन इस समाधान योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करेगा।वहीं भारत ने सोमवार को कहा कि वह चीन के साथ ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर गतिरोध वाले बाकी बिंदुओं पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुआ है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया, पिछले कई हफ्तों से भारतीय और चीनी राजनयिक तथा सैन्य वार्ताकार कई प्लेटफार्मों पर एक-दूसरे के साथ निकट संपर्क में रहे हैं। इस चर्चा के परिणामस्वरूप भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में एलएसी पर गश्त को लेकर सहमति बनी है।सूत्रों के अनुसार, सहमति इस पर बनी है कि देपसांग और डेमचॉक क्षेत्र में जहां गश्त में बाधा थी, वहां सैनिक पीछे हटने और गश्त फिर से शुरू होगी। दोनों देशों की सेनाएं अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में लौट जाएगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, हम 2020 वाली स्थिति पर पहुंच गए हैं। यह समझौता भारत-चीन के बीच वर्षों से चले आ रहे सीमा विवाद को सुलझाने में महत्वपूर्ण कदम है और इससे दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की संभावनाएं बढ़ती हैं।

### ब्रिटेन में मशरूम को तोड़ना, जड़ से उखाड़ना है अपराध

कॉर्नवॉल (ईएमएस)। आपने मशरूम तो खाया ही होगा। स्वादिष्ट लगने वाले इस फंगस की कई प्राजतियां होती हैं जो जहरीली भी होती हैं। पर एक प्रजाति ऐसी है जो इंसानी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है और कैंसर को भी खत्म कर सकती है। इसके इतने फायदे हैं कि लोग इसे पिंजड़े में बंद कर के रखते हैं। ब्रिटेन में मशरूम को तोड़ना, जड़ से उखाड़ना अपराध है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में इंग्लैंड के कॉर्नवॉल स्थित लॉस्ट गार्डेन ऑफ हेलिगन में एक शख्स को बियर्डेड टूथ मशरूम नजर आया। उसने जब गार्डेन प्रशासन को इसकी जानकारी दी तो तुरंत ही देश के मशरूम एक्सपट्र्स को बुलाया गया जिन्होंने उसे टेस्ट किया।फुटबॉल के आकार के इस मशरूम का साइज इतना बड़ा हो गया है कि उन्होंने सलाह दी कि इसे पिंजड़े में बंद कर के रखा जाए और इसकी देखरेख की जाए। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस मशरूम के अंदर बीमारियों को ठीक करने की चमत्कारी शक्तियां हैं। यही कारण है कि लोग इसे काटकर ले जा सकते हैं या फिर इसकी तस्करी कर सकते हैं।गार्डेन के वाइल्डलाइफ कोर्डिनेटर टॉबी का कहना है कि ये फंगस घने जंगलों में होते हैं। पार्क में ये एक गिरे हुए पेड़ के तने पर हुआ है। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में ऐसे सिर्फ 4 ही प्रजाति के फंगस हैं जिन्हें इतनी सुरक्षा मिलती है। इसका कारण ये है कि ये कैंसर और डिमेंशिया जैसी बीमारी का भी इलाज कर देते हैं। 10 में से 9 लोगों को पता ही नहीं होगा कि ये आखिर क्या है, पर फिर भी पिंजड़ा लगा दिया गया है जिससे लोग उसे जरा भी ना छेड़ें। ब्रिटेन के वाइल्डलाइफ एंड कंट्रीसाइड एक्ट के शेड्यूल 8 के तहत इस मशरूम को तोड़ना, जड़ से उखाड़ना और नष्ट करना कानून अपराध है और ऐसा करने वाले को जेल की सजा भी हो सकती है।

### न्यूजीलैंड में एयरपोर्ट पर लोगों को मिलने का समय किया तय

डुनेडिन,(ईएमएस)। न्यूजीलैंड के डुनेडिन एयरपोर्ट पर ड्रॉप-ऑफ जोन में किसी को गले लगाने का समय सिर्फ तीन मिनट तक सीमित कर दिया गया है। यह नियम उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपने परिजनों, दोस्तों या करीबी लोगों को एयरपोर्ट पर विदा करने जाते हैं और भावुक होकर उन्हें गले लगाते हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बोर्ड साफ तौर पर लिख दिया है कि प्यार वाली विदाई के लिए एयरपोर्ट की पार्किंग का इस्तेमाल करें, जहां 15 मिनट तक आप स्टे कर सकते हैं।इस नियम को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। लोगों ने इसे भावनाओं के साथ अनुचित हस्तक्षेप बताया है। वहीं, डुनेडिन एयरपोर्ट के सीईओ ने इस विवाद पर सफाई दी है और कहा कि एयरपोर्ट को भावनाओं का केंद्र माना जाता है, लेकिन तीन मिनट का समय गले लगाने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि 20 सेकंड का गले लगना ऑक्सीटोसिन जैसे लव हार्मोन को रिलीज करने के लिए काफी है।

### लाहौर दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर, वायु गुणवत्ता 400 के करीब

पाकिस्तान : पाकिस्तान का लाहौर शहर दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर है, जानकारी के अनुसार शहर की वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के करीब (अभी 394) है। हालांकि पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। इस मामले में पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बोखारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कल लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया था। हमने इस मामले को सुलझाने के लिए कई पहल की हैं और अब हम शहर में कृत्रिम बारिश की योजना बना रहे हैं। वहीं मरियम नवाज की पंजाब सरकार ने 'एंटी-स्मॉग स्क्वॉड' भी लॉन्च किया है, जो स्मॉग प्रभावित इलाकों का दौरा करेगा। ये दस्ते किसानों को फसल अवशेषों को जलाने के खतरों के बारे में शिक्षित करेंगे, सुपर सीडर के उपयोग को बढ़ावा देंगे और अवशेषों के निपटान के लिए वैकल्पिक तरीके सुझाएंगे।

# चोरी के बाद घर की साफ-सफाई करने वाला चोर धराया




न्यूपोर्ट (ईएमएस) । न्यूपोर्ट शहर में एक चोर ने न केवल घर में घुसकर चोरी की, बल्कि घर को साफ-सुथरा भी करके गया। जानकारी के मुताबिक इस अनोखे चोर का नाम डैमियान वोज्निलोविक्ज़ है, जिसकी उम्र 36 साल बताई जा रही है। डैमियान के खिलाफ दो घरों में चोरी के आरोप लगे हैं, और पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है।उसने जो किया, वो आम चोरों से बिलकुल अलग था। सामान्य तौर पर, जब कोई चोर घर में घुसता है तो घर में तबाही मचा देता है और कीमती सामान चुरा लेता है। लेकिन डैमियान का तरीका बिल्कुल अलग था, वह घर को साफ-सुथरा करके छोड़ जाता था। पहली घटना पिछली गर्मियों में हुई जब डैमियान एक अकेली महिला के घर में घुसा, जब वह घर पर नहीं थी। डैमियान ने उस घर में सफाई की, झाड़ू लगाई, कपड़े धोए और सबकुछ व्यवस्थित कर दिया। जब महिला घर लौटी, तो उसे अपना घर चमकता हुआ मिला और वह डरकर अपने दोस्त के घर भाग गई, यह सोचते हुए कि कुछ अजीब हो रहा है। दूसरी घटना इसके दो हफ्ते बाद घटी। इस बार डैमियान एक ऐसे घर में घुसा, जिसमें सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। घर में दाखिल होने के बाद उसने पहले वाइन का ग्लास लिया, फिर कपड़े धोए और यहां तक कि खुद भी नहाया। जब घर के मालिक को सीसीटीवी से जानकारी मिली कि कोई उनके घर में घुसा है, तो उन्होंने अपने दामाद को भेजा। इसी दौरान डैमियान को पकड़ लिया गया। इस अनोखी चोरी के लिए डैमियान को 22 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।

# ईरान के खात्में के लिए इजराइल का प्लान तैयार

### बहुत जल्द होगा काउंटर अटैक



यरुशलम,(ईएमएस)। इजराइल ने ईरान को जवाब देने का प्लान तैयार कर लिया है और जल्द ही हमला करने की तैयारी में है। इसकी पुष्टि करते हुए इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि बहुत जल्द ईरान पर काउंटर अटैक किया जाएगा।इजराइल -हमास युद्ध के बीच ईरान की एंट्री ने जंग को नया रूप दे दिया है। हाल ही में इजराइल ने हमास चीफ याह्या सिनवार को रास्ते से अलग किया है। वहीं अब सोमवार को इजराइल की सरकार ने बताया कि इजराइल जल्द ही ईरान के खिलाफ काउंटर अटैक करेगा। इस को लेकर नेतन्याहू की सरकार ने पुख्ता इंतज़ाम भी कर लिए है। यह जानकारी इजराइल की राष्ट्रीय मीडिया की और से जारी की गई है। बता दें कि ईरान ने तेहरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानियेह और बेरुत में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की हत्या का बदला लेने के लिए 1 अक्टूबर को इजरायल पर 180 बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान पर हमले को लेकर तैयारी तेज़ कर चुके है. इसी के साथ यह उम्मीद की जा रही है की अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले इजराइल ईरान पर जवाबी हमला कर सकता है।अमेरिका इस पूरे मामले में परोक्ष रूप से फलीस्तीनी समूह को सपोर्ट कर रहा है। वही इजराइल रूस के सगे सम्बन्धी की भूमिका में बैठा है। बहरहाल इजराइल जहां ईरान पर हमले को लेकर तैयारियां तेज़ कर रहा है। वहीं बीते दिनों प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हुए हमले ने इस मुद्दे को और भड़का दिया है, जिसे लेकर अब इजराइल जल्द ही ईरान पर हमला बोल सकता है। यह जानकारी सोमवार को मीटिंग के कई घंटों बाद तब सामने आई जब अमेरिकी लॉयड ऑस्टिन ने अमेरिकी अग्रिम पंक्ति के एयर डिफेंस सिस्टम थाड को इजरायल में डिप्लॉय करने की घोषणा की। इस टर्मिनल हाई एयर डिफेंस (थाड) सिस्टम के साथ अतिरिक्त 100 सैनिकों की तैनाती भी की गई है, जो इसका संचालन करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने ईरान के परमाणु ठिकानों और ऊर्जा के बुनियादी ढांचों पर हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए, मध्य पूर्व क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाने से बचने के लिए इजरायल से संयम बरतने का आग्रह भी किया था।हालाँकि वर्तमान समय में ईरान हमले को लेकर इजराइल दो गुटों में बंटा हुआ है, जिसमे एक गुट मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और दूसरा गुट पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट का है। कुछ नेता मानते हैं कि इजराइल को ईरान की न्यूक्लियर साइटों पर हमला करना चाहिए। वहीं नेतन्याहू संयम बरतने की बात कह रहे हैं। पूर्व पीएम नफ्ताली बेनेट समेत कई अन्य नेता कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु फैसिलिटी पर हमला करके इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।

# भारतीय क्रिकेट टीम ने इमर्जिंग एशिया कप में लगातार जीत से सेमीफाइनल में बनाई जगह

अल अमरात (ईएमएस) । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सितारों ने इमर्जिंग टीम एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले पाकिस्तान को हराने के बाद, भारत ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सात विकेट से मात दी और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस मैच में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ ओपनर अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी ने टीम को जीत दिलाई। अभिषेक ने महज 24 गेंदों में 58 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। उनकी इस आक्रामक पारी की बदौलत भारत ने 108 रन के लक्ष्य को 55 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। आयुष बडोनी ने भी एक छक्का और एक चौका लगाते हुए टीम की जीत को और आसान बना दिया। कप्तान तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को मजबूती प्रदान की।



इससे पहले, यूएई की टीम बल्लेबाजी करने उतरी और 16.5 ओवर में 107 रन पर ऑल आउट हो गई। यूएई ने शुरुआत में ही अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों को खो दिया, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई। तेज गेंदबाज रसिख सलाम ने अपने पहले ओवर में तीन बल्लेबाजों को आउट किया और यूएई का स्कोर पावरप्ले में 40 रन पर पांच विकेट कर दिया। सलाम ने 15 रन देकर तीन विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। रमनदीप सिंह ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए सात रन देकर दो विकेट झटके। भारत फिलहाल ग्रुप बी में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है और अब उनकी नजरें बुधवार को होने वाले अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान ओमान पर होंगी। टीम की लगातार बढ़ती हुई लय से दर्शकों में उत्साह है, और भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को अपने युवा सितारों से अगली प्रदर्शन की उम्मीद है।

## आईसीसी करने जा रहीं है नियमों में बड़े बदलाव!

### टेस्ट और वनडे फॉर्मेट को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें

नई दिल्ली (ईएमएस) । इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की क्रिकेट कमिटी ने टेस्ट और वनडे फॉर्मेट के महत्व को बढ़ाने के लिए नई सिफारिशें प्रस्तुत की हैं। हाल ही में दुबई में हुई एक बोर्ड बैठक में, समिति ने सुझाव दिया कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) श्रृंखला में कम से कम तीन टेस्ट मैच होने चाहिए। इसके अलावा, वनडे मैचों के पहले 25 ओवरों में केवल दो नई गेंदों का उपयोग किया जाना चाहिए, जिसके बाद एक ही गेंद का उपयोग होगा। समिति का मानना है कि पिछले एक दशक में दो गेंदों के प्रयोग से गेंदबाजों का खेल से बाहर होना चिंता का विषय है। इससे रिवर्स स्विंग और फिंगर स्पिनरों के खेलने के अवसर भी कम हो गए हैं। समिति ने घरेलू सीजन के लिए शेड्यूल बनाते समय मेजबान देशों को अधिक से अधिक डे-नाइट टेस्ट मैचों को शामिल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका जैसे कुछ देश सामान्यतः केवल दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला ही खेलते हैं, जबकि भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ही लंबे टेस्ट सीरीज का आयोजन करते हैं। इससे डब्ल्यूटीसी में पॉइंट्स के वितरण में असमानता उत्पन्न होती है। इसके अतिरिक्त, आईसीसी चेयरमैन के कार्यकाल को दो से बढ़ाकर तीन साल करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इससे बीसीसीआई के निवृत्तमान सचिव जय शाह, जो 1 दिसंबर से आईसीसी अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगे, अब तीन-तीन साल के दो कार्यकाल पूरे करते हुए कुल छह साल तक इस पद पर बने रह सकेंगे।
आईसीसी क्रिकेट समिति की अध्यक्षता पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली कर रहे हैं, जिसमें पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने, वीवीएस लक्ष्मण, शॉन पोलक, डैनियल विटोरी और रोजर हार्पर शामिल हैं। डे-नाइट टेस्ट के संदर्भ में, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकमात्र ऐसा बोर्ड है जो नियमित रूप से अपने घरेलू सीजन में गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच आयोजित करता है। जबकि, बीसीसीआई ने पिछले दो सालों में एक भी पिंक बॉल टेस्ट मैच की मेजबानी नहीं की है। इन सिफारिशों का उद्देश्य क्रिकेट की पारंपरिक फॉर्मेट्स को फिर से जीवित करना और उन्हें नई दिशा में ले जाना है, ताकि खेल का रोमांच बना रहे और सभी फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा बढ़े।

## भारत बनाम न्यूज़ीलैंडः पुणे टेस्ट में वापसी की उम्मीदें



नई दिल्ली (ईएमएस) । न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के बाद भारतीय टीम के लिए अब पुणे में होने वाला दूसरा टेस्ट मैच करो या मरो का हो गया है। 24 अक्टूबर से होने वाले इस मैच में मेज़बान टीम को हर हाल में जीत हासिल करनी होगी, ताकि सीरीज जीतने की उम्मीदें जीवित रहें और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में बने रहें। इस बार भारत ने काली मिट्टी की पिच तैयार कराई है, जिस पर घास का नामोनिशान नहीं है। यह पिच न केवल ज्यादा टर्न देने वाली है, बल्कि उछाल भी कम होगी। ऐसे में स्पिनर अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को नचाने का पूरा अवसर पाएंगे। यह बदलाव बेंगलुरू में मिली हार के मद्देनजर किया गया है, जहां भारत महज 46 रन पर ढेर हो गया था और न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।
पहले मैच में हार के बाद, भारतीय टीम ने अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया है। अब यह संभावना है कि भारत पुणे टेस्ट में तीन स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा। बेंगलुरू टेस्ट में भारत ने तीन तेज और दो स्पिनरों का संयोजन अपनाया था, लेकिन इस बार स्पिन गेंदबाजी को प्राथमिकता दी जा रही है। भारतीय टीम के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी पुरानी ताकत, यानी स्पिनरों की क्षमता, एक बार फिर देखने को मिलेगी। अगर भारत इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो यह न केवल सीरीज में वापसी का एक अवसर होगा, बल्कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी उनकी संभावनाएं कायम रखेगा। इस प्रकार, पुणे टेस्ट मैच में भारतीय टीम की रणनीति स्पष्ट हैः अपनी स्पिन गेंदबाजी का लाभ उठाकर विरोधी बल्लेबाजों को दबाव में डालना और जीत के साथ सीरीज में अपनी स्थिति मजबूत करना।

## महिला पहलवान साक्षी ने अपनी किताब में बृजभूषण के काले कारनामों का किया खुलासा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। रियो ओलंपिक-2016 में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने बृजभूषण शरण सिंह द्वारा किए अत्याचार की कहानी को बयां किया है। साक्षी ने अपनी किताब में वह किस्सा शेयर किया है जब बृजभूषण ने उनको गलत तरीके से छुआ था। इतना ही नहीं।
साक्षी ने किताब में बताया कि बचपन में भी उन्हें ट्यूशन टीचर की गलत हरकतों का शिकार होना पड़ा था। साक्षी ने कितान में अपने माता-पिता के समर्थन की तारीफ भी की है। पिछले साल की शुरुआत में साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया था। इन सभी के आरोप थे कि बृजभूषण महिला खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न करता है। साक्षी ने अपनी किताब में बताया कि बृजभूषण ने उन्हें बहुत परेशान किया था। साक्षी ने किताब में साल 2012 में कजाकिस्तान के अलमाती में हुई एशियन जूनियर चैंपियनशिप का जिक्र किया। साक्षी ने बताया है कि वह बृजभूषण के कमरे में फोन से अपने माता-पिता से बात करने गई थीं तभी बृजभूषण ने उन्हें गलत तरह से छूने का प्रयास किया था।
साक्षी ने बताया कि बृजभूषण ने मेरे माता-पिता



से बात करवाई। इसमें कोई परेशानी नहीं थी। जब मैं अपने माता-पिता से बात कर रही थी तब तक मुझे कुछ भी असुरक्षित नहीं लगा लेकिन जैसे ही मेरी बात खत्म हुई। मैं उनके बेड पर बैठी थी और उन्होंने मुझे गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया। मैंने उन्हें धक्का दिया और रोने लगी। वह पीछे हटे। मुझे लगता है कि उन्हें अपनी गलती का एहसास हो गया था। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्होंने मेरे पापा की तरह कंधे पर हाथ रखा लेकिन मैं जानती थी कि ऐसा नहीं था। मैं वहां से रोती हुई अपने कमरे में चली गई।
साक्षी ने बताया है कि बचपन में ट्यूशन टीचर ने भी उनका शोषण किया था। उन्होंने कितान में लिखा कि मेरा बचपन में भी शोषण हुआ है लेकिन लंबे समय तक मैंने अपने परिवार को यह बात नहीं बताई। मेरे ट्यूशन टीचर मुझे हैरस करते थे। वह मुझे अलग समय पर अपने घर बुलाते थे और मुझे छूने की कोशिश करते थे। मैं ट्यूशन जाने में डरती थी लेकिन मैंने कभी अपनी मां से नहीं कहा। ये लंबे समय तक चलता रहा। मैं शांत रही। साक्षी ने लिखा- मेरी मां ने मेरा साथ दिया। सिर्फ ट्यूशन टीचर वाले केस में नहीं बल्कि बृजभूषण वाले केस में भी। मेरे माता-पिता ने कहा कि मैं सबकुछ भूलकर अपनी ट्रेनिंग पर ध्यान दूं।

## हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

### 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की पदक उम्मीदों को झटका




लंदन (ईएमएस) । ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की पदक की उम्मीदों को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि आयोजकों ने हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस को आगामी संस्करण के खेल कार्यक्रम से हटा दिया है। ये खेल भारत के लिए महत्वपूर्ण थे, खासकर पिछले संस्करण 2022 में बर्मिंघम में जहां भारत ने कुल 61 पदक जीते थे, जिनमें 22 स्वर्ण शामिल थे। भारत ने कुश्ती में 12, मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में 7-7, बैडमिंटन में 6, हॉकी और स्क्वैश में 2-2, और क्रिकेट में 1 पदक जीता था। इस तरह, इन खेलों से हटने के कारण भारत की पदक की संभावना कम हो गई है।राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने पुष्टि की है कि 23वां राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक स्कॉटलैंड में आयोजित किया जाएगा। यह खेल 2014 के सफल राष्ट्रमंडल खेलों के 12 साल बाद ग्लासगो में वापस आएंगे। आयोजन का फोकस आठ मील के गलियारे में चार स्थानों पर होगा, जो प्रत्येक दिन एक एक्शन से भरपूर कार्यक्रम सुनिश्चित करेगा। इस संस्करण में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स, और 3गुणा3 बास्केटबॉल शामिल होंगे।राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सैडलेयर ने कहा, हमें खुशी है कि 2026 राष्ट्रमंडल खेल मेजबान शहर ग्लासगो में होंगे। यह खेल एक शानदार उत्सव और विविधता का उत्सव होने का वादा करते हैं। प्रतियोगिता चार प्रमुख स्थानों पर होगीः स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल स्विमिंग सेंटर, एमिरेट्स एरिना (जिसमें सर क्रिस होय वेलोड्रोम शामिल है) और स्कॉटिश इवेंट कैंपस। इसमें लगभग 3,000 एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 74 राष्ट्रमंडल देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे। पैरा खेलों को एक बार फिर प्राथमिकता दी जाएगी, जिसमें छह पैरा खेल कार्यक्रम शामिल होंगे। आयोजकों का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ये खेल एक उत्सव का माहौल प्रदान करें, जो सभी दर्शकों और एथलीटों के लिए आकर्षक हो।

## पुजारा टीम में होते तो शायद स्थिति कुछ और होती



नई दिल्ली (ईएमएस) । भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया की हालत देखकर फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि अगर चेतेश्वर पुजारा टीम में होते तो शायद भारत की स्थिति कुछ और होती। हालांकि, पुजारा इस मैच का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उन्होंने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके अपनी काबिलियत को साबित किया। बता दें कि भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट के पहले दिन जब टीम इंडिया 46 रन पर सिमट गई। वहीं 16 अक्टूबर को पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ दोहरा शतक जमाया। उन्होंने सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए 23 रन की शानदार पारी खेली, जो फैंस के लिए उम्मीदों की किरण बनी। हालांकि, इस बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद सौराष्ट्र को मैच में जीत नहीं मिल पाई। छत्तीसगढ़ ने 578 रन बनाकर पारी घोषित की, और सौराष्ट्र ने 478 रन के साथ मैच बराबरी पर खत्म किया। पुजारा के साथ-साथ श्रेयस अय्यर ने भी रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने मुंबई की ओर से खेलते हुए महाराष्ट्र के खिलाफ 142 रन बनाए। हालांकि, इस समय टीम इंडिया में दोनों के लिए वापसी की राह आसान नहीं दिख रही। पुजारा, जो कि नंबर 3 पर लंबे समय से टीम इंडिया के अहम खिलाड़ी रहे हैं, अब शुभमन गिल के अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में जगह बनाने में मुश्किल का सामना कर रहे हैं।
इसी तरह, श्रेयस अय्यर के लिए भी टीम में वापसी मुश्किल है। उन्हें अक्सर 5 या 6 नंबर पर खेलने का मौका मिला है, लेकिन इन नंबरों पर सरफराज खान और केएल राहुल के अच्छे प्रदर्शन के कारण अय्यर के लिए टीम में स्थान बनाना चुनौतीपूर्ण है। सरफराज खान ने हाल ही में एक मैच की दूसरी पारी में 150 रन बनाकर अपनी स्थिति को मजबूत किया। जब भारत 46 रन पर सिमट गया था, तब पूर्व क्रिकेटरों जैसे अजय जडेजा, आकाश चोपड़ा, और पार्थिव पटेल ने पुजारा के खेल को याद किया। उन्होंने कहा कि पुजारा ऐसी स्थितियों में टीम को संभालने के लिए हमेशा तैयार रहते थे।

## रबाडा ने एक और बड़ी उपलब्धि किया हासिल

ढाका (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने सोमवार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 300 टेस्ट विकेट पूरे कर 12,000 से कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले सबसे तेज गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। रबाडा ने यह उपलब्धि मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में प्राप्त की।
रबाडा ने दिन के पहले सत्र में मुशफिकुर रहीम को आउट कर वकार यूनिस (12,602 गेंद) और डेल स्टेन (12,605 गेंद) को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। रबाडा दक्षिण अफ्रीका के ऐसे छठे गेंदबाज बन गए हैं जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे किए हैं। इस सूची में उनका नाम स्टेन, शॉन पोलक, मखाया एंटिनी, एलन डोनाल्ड और



मोर्ने मोर्कल के साथ शामिल हो गया है। भारत के रविचंद्रन अश्विन ने सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जिन्होंने 54 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी, लेकिन रबाडा ने गेंदों के लिहाज से यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनके पास अब तक का 39.3 का स्ट्राइक रेट है, जो 300 या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है।
इस शानदार उपलब्धि के बाद रबाडा ने मैच में 3-26 के आंकड़े के साथ जबरदस्त वापसी की। उनके साथ वियान मुल्डर और केशव महाराज ने भी तीन-तीन विकेट लेकर बांग्लादेश को पहली पारी में केवल 106 रन पर समेट दिया। इससे पहले, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन डेन पीट और मुल्डर ने शुरुआती झटके देकर बांग्लादेश के फैसले को गलत साबित कर दिया। टीम शुरुआती झटकों से उबरने में नाकाम रही और महज 41 ओवर में ही पूरी टीम ऑल आउट हो गई।

## केन विलियमसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर



वेलिंग्टन (ईएमएस) । न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन कमर की मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिस कारण वह भारत के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भी खेल नहीं पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को इस बात की घोषणा की। बेंगलुरु में पहले टेस्ट को आठ विकेट से जीतने के बाद, न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट गुरुवार से पुणे में खेला जाएगा।विलियमसन हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चोटिल हुए थे और वह अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की प्रगति अच्छी है, लेकिन वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। स्टीड ने कहा, हम केन की प्रगति पर नजर रखे हुए हैं, और वह सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आगामी दिनों में और सुधार होगा, जिससे वह तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रह सकें। उन्होंने आगे कहा कि टीम उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए जितना संभव हो सके समय देगी, लेकिन इस मामले में सतर्कता बरकरार रखी जाएगी। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच एक नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

## बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति के चलते शकीब देश छोड़ने पर मजबूर

नई दिल्ली (ईएमएस)। शाकिब अल हसन के लिए यह समय व्यक्तिगत और राजनीतिक समस्याओं से घिरा हुआ है। बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति बेहद अस्थिर है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को जनता के विरोध का सामना करने के बाद देश छोड़ना पड़ा, और शाकिब भी, जो हसीना की पार्टी अवामी लीग से सांसद थे, अब बांग्लादेश से बाहर हैं और उन पर हत्या का केस चल रहा है।शाकिब ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह घरेलू टेस्ट मैचों में खेलने की स्थिति में रहे तो ठीक, वरना वह इस फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में, जो 21 अक्टूबर से शुरू हुई, शाकिब पहले मैच में नहीं खेल पाए। शाकिब पर लगे हत्या के आरोप और उनके खिलाफ दर्ज केस के कारण वह बांग्लादेश नहीं लौट सके हैं।
शाकिब पर लगे हत्या के आरोप का मामला



बांग्लादेश की एक कपड़ा फैक्ट्री से जुड़ा है, जहां रुबेल नामक व्यक्ति के पिता रफीकुल इस्लाम ने शाकिब समेत 140 से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। देश की राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शाकिब, जो बांग्लादेश की राजनीति में भी सक्रिय थे, को देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। विराट कोहली द्वारा गिफ्ट किया गया बल्ला शाकिब के प्रति विराट के सम्मान और दोस्ती का प्रतीक है, लेकिन यह देखना दुखद है कि शाकिब अपने देश की जटिल परिस्थितियों में उलझे हुए हैं।
भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने साथ खेले हर खिलाड़ी का सम्मान करने के लिए जाने जाते हैं। चाहे वह अपने देश के खिलाड़ी हों या विरोधी टीम के सदस्य, विराट का रवैया सभी के प्रति प्यार और सम्मानपूर्ण रहता है। गौरतलब है कि जब बांग्लादेश की टीम भारत में टेस्ट सीरीज खेलने आई थी, तो विराट ने बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपना बल्ला उपहार स्वरूप दिया था। इस इशारे ने क्रिकेट प्रेमियों के बीच विराट की खेल भावना को और भी सराहा।



बीजिंग में विश्व टेबिल टेनिस में खेलती हुई फ्रांस की चार्लोट लुटज और कैमिला लुटज।

## रुतुराज गायकवाड़ को इंडिया ए की कप्तानी, ईशान किशन को टीम में जगह

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है, क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। सोमवार को चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसकी कप्तानी युवा सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के हाथों में सौंपी गई है। गायकवाड़ ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ शानदार 145 रन की पारी खेली थी, जिससे उनकी फॉर्म और नेतृत्व क्षमता का संकेत मिला।ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी गई यह इंडिया ए टीम मैके और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो फर्स्टक्लास मैच खेलेगी। इसके अलावा, टीम सीनियर भारतीय टीम के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी हिस्सा लेगी। इस दौरे का मकसद युवा खिलाड़ियों को टेस्ट प्रारूप में अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देना है, साथ ही भारतीय सीनियर टीम के लिए संभावित विकल्पों की पहचान करना है। गायकवाड़ के अलावा, टीम में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन जैसे प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज भी शामिल हैं। ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है, सुदर्शन को अपनी लगातार बढ़िया फॉर्म का इनाम मिला है। टीम में ईशान किशन और अभिषेक पोरेल दो विकेटकीपर के रूप में शामिल किए गए हैं।



किशन, जिन्हें इस साल की शुरुआत में बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था, अब इस दौरे पर अपनी वापसी को और मजबूती देने का प्रयास करेंगे।तेज गेंदबाजी विभाग में मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल, और नवदीप सैनी को जगह दी गई है, जबकि स्पिन विभाग में मानव सुथार और तनुश कोटियन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इस दौरे के जरिए भारत को टेस्ट टीम के लिए रिजर्व सलामी बल्लेबाज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के विकल्पों पर विचार करने का मौका मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### करवा चौथ पर देरी से घर पहुंचा पति, पहले हुआ विवाद फिर दोनों ने कर ली आत्महत्या

जयपुर(ईएमएस)। करवाचौथ के दिन पत्नी ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा था। पति देर से घर पहुंचा। इस पर पत्नी नाराज हो गई। दोनों में कहासुनी हुई और पत्नी ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। जबकि पति ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, घरेलू झगड़े के बाद मोनिका रात करीब 12.30 बजे गुस्से में घर से निकली और घनश्याम भी उसके पीछे चला गया। इसके कुछ देर बाद महिला चलती ट्रेन के आगे कूद गई और उसकी मौत से सदमे में पति घर लौटा और उसने भी फांसी लगा ली, जबकि उसके दोनों बच्चे अलग कमरे में सो रहे थे। खुदकुशी करने से पहले घनश्याम ने अपने भाई को वॉट्सएप पर पत्नी की आत्महत्या की सूचना देते हुए संदेश भेजा। लिखा, भाई, मैं हार गया सॉरी! मेरी पत्नी ट्रेन के सामने कट गई। भाई मैसेज रिसीव करने के बाद जब तक कुछ कर पाता, तब तक घनश्याम ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार, घनश्याम नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी में काम करता था और करवा चौथ पर घर देरी से पहुंचा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हो गई और दोनों ने सुसाइड कर लिया। दरअसल, रविवार-सोमवार की रात करीब 2 बजे पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक महिला के सुसाइड की सूचना मिली थी। इस पर हरमाड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तभी दूसरी ओर पुलिस को महिला के पति की आत्महत्या की खबर मिली। इसके बाद पुलिस ने दोनों जगहों से पत्नी और पत्नी के शवों को कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को हरमाड़ा इलाके में हुई, जब प्राइवेट नौकरी करने वाला घनश्याम बुनकर (38) देर से घर आया और उसकी पत्नी मोनिका (35) से कहासुनी हो गई।

### मोगा में लॉरेंस गैंग के 3 शूटर्स समेत चार गैंगस्टर पकड़े

चंडीगढ़(ईएमएस)। मोगा जिले में पुलिस कुल चार गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन लॉरेंस विश्नोई गैंग के शूटर्स हैं जबकि एक का संबंध लक्की पटियाला गैंग से हैं। गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से छह पिस्टल और बारह राउंड कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने जानकारी दी है कि ये गैंग मोगा जिले में कई लोगों से फिरौती मांगने के मामले में संलिप्त रहे हैं और वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, जिसे पुलिस ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। मोगा के एसएसपी अजय गांधी ने बताया कि सीआइए स्टाफ को एक विश्वसनीय सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी मोगा जिले के निवासी हैं। इनमें से एक, अर्शदीप सिंह है, जिसका संबंध लक्की पटियाला गैंग से है। अर्शदीप पर पहले से छह अलग-अलग धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य तीन आरोपी, गुरप्रीत सिंह, गोबिंद सिंह और रामजोत सिंह, झंडेआना, फतेहगढ़ कोरोटाना और बीड राउके के निवासी हैं। इन तीनों पर भी पांच आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि वे इन सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी, ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके। एसएसपी अजय गांधी ने कहा कि पुलिस इस मामले में और भी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है ताकि इनके संगठनों के बारे में और तथ्य सामने आ सकें। पुलिस के मुताबिक, इनके कई और साथी भी इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त हो सकते हैं, जिसे देखते हुए पुलिस इन आरोपियों से कई पहलुओं पर गहन पूछताछ करेगी।

### प्रदर्शन कर रहे छात्रों का दावा- दो दिनी पीसीएस परीक्षा में बढ़ेगी धांधली

प्रयागराज,(ईएमएस)। प्रयागराज को आईएएस और पीसीएस की तैयारियों का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां हर साल लाखों छात्र सरकारी सेवाओं में करियर बनाने के लिए मेहनत करते हैं। छात्रों का कहना है कि यूपीपीएससी ने पीसीएस परीक्षा की तारीखों को लेकर स्पष्टता नहीं दी है, जिससे उनमें असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना था कि यदि पीसीएस परीक्षा दो दिनों में आयोजित की गई, तो इससे परीक्षा की निष्पक्षता और गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। छात्रों ने यूपीपीएससी के सचिव के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और मांग की कि परीक्षा की तिथियों को एक ही दिन में निर्धारित किया जाए। इस मांग को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्र पवन गुप्ता ने कहा, यदि पीसीएस परीक्षा दो दिन आयोजित होती है, तो इससे भ्रष्टाचार के दरवाजे खुलेंगे। अभी तो आयोग सही तरीके से परीक्षा नहीं करवा पा रहा है, आगे कैसे नॉर्मलाइजेशन के जरिए भ्रष्टाचार को रोकेगा? इससे पहले, पीसीएस की परीक्षा 17 मार्च 2024 को होने वाली थी, लेकिन इससे पहले हुई भर्ती में पेपर लीक के कारण इसे स्थगित किया गया था। छात्रों ने अब आयोग से स्पष्टता की मांग की है, ताकि वे अपनी तैयारी को सही दिशा में आगे बढ़ा सकें। छात्र अशोक कुमार पांडे ने कहा, अगर पीसीएस जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को दो दिनों में किया गया, तो इसकी मौलिकता ही समाप्त हो जाएगी। आयोग ने परीक्षा को लेकर 17 मार्च से ही टालमटोल किया है, जिससे छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने आयोग के अधिकारियों से अपील की कि वे जल्दी से निर्णय लें और छात्रों के हित में कोई ठोस कदम उठाएं। छात्रों ने अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की और आयोग के प्रतिनिधियों से बातचीत की। यूपीपीएससी के सचिव अशोक कुमार ने छात्रों को आश्वासन दिया कि तीन दिनों के भीतर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और परीक्षा के संबंध में उचित निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा, जो छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूद था।

### पहले सलमान को धमकाया अब माफी मांग रहा

मुंबई(ईएमएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान से लॉरेंस बिश्नोई गैंग की 'दुश्मनी' खत्म करने के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग करने वाले शख्स ने माफी मांगते हुए दावा किया है कि उससे गलती हो गई है। ये संदेश मुंबई की ट्रैफिक पुलिस के पास उसी नंबर से आया है जिस नंबर से धमकी भरा मैसेज मिला था। इस नए मैसेज में व्यक्ति ने अपनी गलती को स्वीकार किया और माफी मांगी, यह कहते हुए कि यह मैसेज गलती से भेजा गया था। मुंबई पुलिस ने उनकी सुरक्षा के तहत चेहरे की पहचान तकनीक से लैस एआई-संचालित हाई-रिज़ॉल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। सिद्दीकी की दशहरे की शाम मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे के कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से सलमान खान की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क है, क्योंकि यह धमकी सिद्दीकी की हत्या के बाद आई थी। पुलिस जांच के अनुसार, धमकी देने वाले शख्स की लोकेशन झारखंड की बताई जा रही है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम इलाके में सक्रिय है। पहले मिले धमकी भरे मैसेज में इस व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का करीबी सहयोगी बताया था और दावा किया था कि वह सलमान खान और बिश्नोई गिरोह के बीच समझौता करा सकता है। यह मामला 18 अक्टूबर को उस वक्त शुरू हुआ, जब मुंबई ट्रैफिक पुलिस को व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि यह रकम नहीं दी गई, तो सलमान खान का हश्र एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। इस धमकी के बाद से सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### रविशंकर प्रसाद का केजरीवाल पर तंज, कटटर ईमानदार नेता अब माफी एक्सपर्ट बन गए

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करने के बाद उन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि देश को बदलने का ख्वाब लेकर आए केजरीवाल अब माफी एक्सपर्ट बन गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपशब्दों का प्रयोग किया है और एक समय में उनके शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए थे। भाजपा नेता प्रसाद ने कहा, जब पीएम की डिग्री को लेकर केजरीवाल जागरूक थे, तब उन्होंने आरटीआई तक लगाई थी। अब, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर माफी ही मांगनी थी तब पहले मांगते। प्रसाद ने दावा किया कि केजरीवाल अब तक अलग-अलग मामलों में 10 बार माफी मांग चुके हैं।

# एमवीए में सीट शेयरिंग को लेकर नहीं थम रहा घमासान

#### हो सकते हैं अलग-अलग रास्ते



मुंबई(ईएमएस)। एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी में इन दिनों घमासान मचा हुआ है। विवाद की जड़ सिर्फ इतनी है कि सभी को ज्यादा से ज्यादा सीटें चाहिए। इसके अलावा दूसरे विवाद का कारण है कि 36 सीटों पर ऐसा पेंच फंसा है जहां कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना आमने-सामने हैं। दोनो ही दल इन सीटों को अपना गढ़ मानकर चल रहे हैं। हालांकि आज मंगलवार को एमवीए की बैठक होने जा रही है जिसमें समाधान निकालने के प्रयास होंगे। फिर भी संभावना ये भी है कि यदि कोई रास्ता नहीं निकला तो अलग अलग रास्तों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि सारी लड़ाई ज्यादा से ज्यादा सीटों पर लड़ने की है, जिससे ये संदेश जाए कि गठबंधन में बड़ा भाई हम ही हैं। जबकि एक फैक्ट यह है कि एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन के पुराने सहयोगी रहे हैं। इस अलायंस में कांग्रेस हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रही है। लेकिन जब एमवीए की सरकार बनी तो शिवसेना सबसे बड़ी पार्टी थी। इसी को आधार बनाकर उद्धव पहले मुख्यमंत्री बने और अब विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका चाहते हैं। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने हैं। 20 नवंबर को एक ही चरण में वोटिंग होनी है। 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र विकास अघाड़ी में तीन प्रमुख दल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) हैं। विधानसभा चुनाव में पहली बार तीनों दल मिलकर उतर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और उद्धव सेना में सीटों को लेकर पेच फंसा है। माना जा रहा है कि विदर्भ की सात सीटों पर उद्धव की पार्टी और कांग्रेस अपना-अपना दावा कर रही है।दरअसल, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जबरदस्त बढ़त हासिल की है। यही वजह है कि पार्टी अब विधानसभा चुनाव में भी पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। इस बार कांग्रेस विधानसभा चुनाव में कम से कम 110 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रही है। जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी 100 से ज्यादा सीटों पर दावेदारी ठोक रही है।

#### कुछ इस तरह फंसा है सियासी पेंच

चूंकि, कांग्रेस 110 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। उद्धव भी 100 से ज्यादा सीटें मांग रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि फिर एनसीपी के लिए क्या बचेगा? वो कितनी सीटों पर चुनाव में उम्मीदवार उतार पाएगी। क्योंकि कुछ सीटों छोटे सहयोगी दलों को भी देनी होंगी। समाजवादी पाटी ने 12 सीटें की डिमांड रखी है। खुद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया ब्लॉक को प्रस्ताव भेजा है।

इसके अलावा, मुंबई की जिन सीटों पर पेच फंसा है, वहां अब तक कांग्रेस-शिवसेना की फाइट रही है। इन सीटों पर दोनों दलों की दावेदारी है। इसी तरह, उद्धव ठाकरे विदर्भ की सीटें भी मांग रहे हैं, जहां कांग्रेस-बीजेपी की फाइट रही है। उद्धव की पार्टी का आधार भी इन सीटों पर नहीं है। हालांकि, उद्धव की पार्टी का तर्क है कि विदर्भ की कुछ सीटों पर पिछले कुछ चुनावों में कांग्रेस लगातार बीजेपी से हारती आई है। वही, कांग्रेस का कहना है कि विदर्भ उसका गढ़ रहा है। आज वो फिर मजबूत हो चुकी है।

## लॉरेंस बिश्नोई को मारने वाले को एक करोड़ से ज्यादा का इनाम?

### क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की केंद्र सरकार से एनकाउंडर की मांग




अहमदाबाद,(ईएमएस)। यदि कोई पुलिसकर्मी लॉरेंश बिश्नोई का एनकाउंटर करता है तो उसे एक करोड़ 11 लाख, 11 हजार, एक सौ 11 रुपए का इनाम दिया जाएगा। यह ऐलान क्षत्रिय करणी सेना ने किया है। इन दिनों सुर्खियों में चल रहे गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर गोगामेड़ी की हत्या का आरोप लगाते हुए क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह ऐलान किया है। गुजरात के रहने वाले रणनी सेना अध्यक्ष का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने पर इनाम की घोषणा कर रहे हैं। वह कहते हैं, मुझे सिर्फ इतना पता है कि हमारे धरोहर, परम आदरणीय अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी की हत्या लॉरेंस बिश्नोई ने कराई थी। जो पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा उसे यह इनाम की राशि करणी सेना द्वारा दी जाएगी। हमें और देशवासियों को भयभीत नहीं, भयमुक्त भारतवर्ष की जरुरत है। शेखावत ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि क्षत्रिय करणी सेना ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करें। पिछले साल करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। 5 दिसंबर 2023 को राजस्थान के जयपुर में हमलावर उनके घर मुलाकात के बहाने से आए और फायरिंग करके गोगामेड़ी की हत्या कर दी थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। लॉरेंस गैंग के अहम सदस्य गोल्डी बराड़ ने एक टीवी चैनल को बताया था कि गोगामेड़ी उनके कामकाज में टांग अड़ा रहा था। 2-3 बार गोगामेड़ी को चेतावनी दी गई थी, लेकिन नहीं माना तो उसे मारना पड़ा। रोहित राठौड़ और नितिन फौजी नाम के दो शूटर्स ने गोगामेड़ी की हत्या की थी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## गुजरात में नकली कोर्ट नकली जज और नकली वकील, फैसला असली

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात के गांधीनगर में एक नकली कोर्ट, नकली जज और नकली वकील का मामला उजागर हुआ है। इस नकली कोर्ट के माध्यम से सेकड़ों करोड़ों रुपए की जमीन का घोटाला किया गया है। 100 एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन को आदेश जारी करके यह जलसाजी की गई है। यह मामला तब खुला,जब सिटी सिविल के रजिस्ट्रार ने नकली कोर्ट की रिपोर्ट अहमदाबाद के करंज थाने में दर्ज कराई। नकली जज के खिलाफ सिविल कोर्ट में 10 मामले पहले से ही लंबित हैं। नकली जज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

गुजरात के गांधीनगर में मारिस सैमुअल को हिरासत में लिया गया है। यह गांधीनगर के सेक्टर 24 में नकली अदालत बनाकर, स्वयं आर्बिट्रेटर जज बनकर करोड़ रुपयों की जमीन के मामलों का फैसला कर रहा था। इसने 100 एकड़ सरकारी जमीन अपने नाम पर करने के आर्डर पास कर दिए। इस कोर्ट के आदेश से सरकारी दस्तावेजों में इस व्यक्ति का नाम भी चढ़ गया। इसने जमीन भी बेचकर भारी कमाई की। गांधीनगर में जो कोर्ट रूम इसने बनाया था। इसमें नकली वकील भी थे। जैसे न्यायालय में सुनवाई होती है। वैसे ही सुनवाईं करता था। जैसे न्यायालय से आदेश पास होते हैं। वैसे ही यह आर्बिट्रेटर जज के रूप में आदेश पारित करता था। 11 से अधिक मामलों में इसने आदेश पारित करके अरबों रुपए का घोटाला किया है। देश में यह अपने तरीके की धोखाधड़ी और जलसाजी का पहला मामला है। विवादित जमीनों के मामले में इसी तरह के आदेश पारित करके जमीनों को हड़पने का काम करता था।

## लद्दाख को लेकर वांगचुक का अनशन खत्म गृह मंत्रालय ने बातचीत के लिए बुलाया

जम्मू,(ईएमएस)। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक का 16 दिनों से चला आ रहा अनशन सोमवार को खत्म कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय से बातचीत का न्यौता मिलने के बाद उन्होंने अनशन खत्म करने का फैसला किया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तीन दिसंबर को वांगचुक से बातचीत करेंगे।

गृह राज्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की बैठक होगी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संयुक्त सचिव ने अनशन पर बैठे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें गृह मंत्रालय का पत्र सौंपा। लद्दाख बुद्धिस्ट संगठन के प्रधान ने कहा कि हम अपने चार सूत्रीय एजेंडा से पीछे नहीं हट रहे हैं। चार सूत्रीय एजेंडा पर ही बातचीत करेंगे। ना तो इसमें कोई मुद्दा शामिल होगा ना बाहर होगा। मांगों में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और दो लोकसभा की सीटें व एक राज्यसभा की सीट बनाना शामिल है। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने और कई मांगों को लेकर सोनम वांगचुक ने लद्दाखियों के साथ एक सितंबर से लेह से पदयात्रा शुरू की थी। देश के कई हिस्सों से होते हुए 30 सितंबर को सोनम वांगचुक की यात्रा दिल्ली पहुंची। दिल्ली बॉर्डर पर उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। बाद में दिल्ली पुलिस ने उन्हें दो अक्टूबर को रिहा कर दिया था। रिहा करते समय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि लद्दाख के मुद्दों को लेकर दिल्ली में उनकी पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह के साथ बैठक होगी। इस आश्वासन पर जब बाद में उचित कार्रवाई न हुई तो उन्होंने दिल्ली में अनशन शुरू कर दिया था। वांगचुक को दिल्ली के जंतर मंतर पर अनशन करने की अनुमति नहीं मिली थी। इस पर उन्होंने कहा था कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी में कोई ऐसी जगह नहीं है, यहां पर लोग अपनी बात को उठा सकें। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि महात्मा गांधी के देश में उनके पदिचन्हों पर चलना इतना मुश्किल क्यों है।

## यमुना नदी के ऊपर बादलों की तरह छाया जहरीला झाग, स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

### वीडियो वायरल, यूजर्स बोले- समुद्र का पानी साफ हो सकता है तो यमुना का क्यों नहीं?

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली में यमुना नदी में जहरीले झाग की सफेद चादर सुर्खियां बनी हुई है। इसे अंतरिक्ष से सैटेलाइट इमेजरी में भी कैद किया गया है। तस्वीरों में दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला इलाके में करीब तीन किमी दूरी पर स्थित दो बैराजों के पास यमुना नदी में झाग बहता दिखाई दे रहा है। इन दिनों सोशल मीडिया पर इसकी वीडियोज खूब वायरल हो रही है, जिनमें नदी के बड़े हिस्से में झाग दिखाई दे रहा था, जो पानी के ऊपर बादलों जैसा नजर आ रहा था। यूजर्स कह रहे हैं कि जब समंदर का पानी साफ हो सकता है तो यमुना का क्यों नहीं? एक्सपट्र्स का कहना है कि यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, खासकर त्योहारों के मौसम के आने पर। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि शहर की स्थिति पर सरकार नजर रख रही है।

पार्टी ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने इस समस्या से निपटने के लिए पहले ही डिफोमर्स का छिड़काव करवा दिया है और सरकार स्थिति को संभालने और हल करने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रही है। मीडिया रिपोर्ट में साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल के एसोसिएट कोऑर्डिनेटर ने बताया कि आमतौर पर यमुना के ऊपरी हिस्से में बाढ़ की स्थिति बनी रहती है, लेकिन इस साल हाल ही में खत्म हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून में ऐसी कोई स्थिति नहीं बन पाई है।

पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक, इस झाग में अमोनिया और फॉस्फेट की उच्च मात्रा होती है, जो श्वसन और त्वचा संबंधी समस्याओं सहित गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। इस तरह का झाग तब बनता है, जब सड़ते हुए पौधों और प्रदूषकों से निकलने वाली चर्बी पानी में मिल जाती है, लेकिन मानसून के दौरान इसकी मौजूदगी चौकाने वाली है।

कोऑर्डिनेटर ने कहा कि यह असामान्य है क्योंकि नदी में हर साल इस सेगमेंट में कम से कम दो बार कम या मध्यम बाढ़ आती है।

# आईएएस अधिकारी के बयान के समर्थन में कांग्रेस बोली, सवाल सही

### मंदिरों के लाउडस्पीकर और डीजे की तेज आवाज से बढ़ता ध्वनि प्रदूषण



भोपाल,(ईएमएस)। मध्य प्रदेश में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने मंदिरों में लगे लाउडस्पीकर को लेकर बड़ा बयान दिया है। आईएएस अधिकारी शैलबाला मार्टिन ने सोशल मीडिया पर मंदिरों में लगे लाउडस्पीकर पर सवाल उठाते हुए लिखा कि इससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है जिससे कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक हिंदू संगठन ने अधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। वहीं कांग्रेस का कहना है कि अधिकारी का सवाल बिल्कुल सही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले हफ्ते भोपाल में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक 13 साल के किशोर की मौत हो जाने के बाद लाउडस्पीकर से ध्वनि प्रदूषण को लेकर बहस शुरू हो गई है। यह किशोर तेज बज रहे डीजे की धुन पर नाच रहा था और अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मध्य प्रदेश पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की। वहीं इस घटना ने लाउस्पीकर को लेकर बहस भी शुरू हो गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पत्रकार ने मस्जिदों में लाउडस्पीकर सिस्टम के इस्तेमाल और सार्वजनिक स्थानों के बाहर तेज संगीत बजाने वाले डीजे के चलन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानून में असमानता पर सवाल उठाया। पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आईएएस शैलबाला मार्टिन ने कहा कि मंदिरों में लगे लाउडस्पीकर की वजह से ध्वनि प्रदूषण ज्यादा होता है। उन्होंने सवाल उठाया कि इससे निकलने वाली तेज आवाज बहुत दूर तक सुनाई देती और देर रात तक आती रहती है। इसे अक्सर अनदेखा क्यों किया जाता है।

हालांकि, आईएएस मार्टिन का ट्वीट राइटविंग संगठन संस्कृति बचाओ मंच के प्रमुख को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कि वे अधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसी बीच कांग्रेस प्रवक्ता ने भी कहा कि आईएएस अधिकारी शैलबाला मार्टिन ने जो सवाल उठाया है वह सही है। एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने लाउडस्पीकर के खिलाफ बीजेपी सरकार की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

## ज्ञानवापी से जुड़े सभी मामले इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग

वाराणसी(ईएमएस)। पिछले कई महीनों से ज्ञानवापी मामले की सुनवाई अलग अलग अदालतों में चल रही है। इससे विवाद को सुलझाने में काफी वक्त लग रहा है।

चार महिलाओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर वाराणसी की जिला और सिविल जज की अदालतों में लंबित 15 मुकदमों को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से गुहार लगाई है कि इन सभी मुकदमों को एकसाथ एक ही अदालत में चलाया जाए, ताकि विवादों का त्वरित समाधान हो सके।

ज्ञानवापी परिसर से जुड़े कुल 15 मुकदमे फिलहाल वाराणसी की निचली अदालतों में लंबित हैं, जिनमें से 9 मामले जिला अदालत में और 6 मामले सिविल जज की अदालत में हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सभी मामलों का एक साथ निपटारा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया जाना चाहिए। इस याचिका के चलते ज्ञानवापी विवाद पर नए सिरे से चर्चा शुरू हो गई है, और यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस पर क्या फैसला सुनाता है। याचिकाकर्ता महिलाओं की मांग है कि उन्हें ज्ञानवापी परिसर में पूजा और दर्शन का अधिकार मिलना चाहिए, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में आगे की सुनवाई महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ज्ञानवापी परिसर में दर्शन और पूजा के अधिकार को लेकर कई मुकदमे वाराणसी की अदालतों में लंबित हैं, जिन्हें उच्च अदालत में ट्रांसफर किया जाना चाहिए। याचिका दाखिल करने वाली लक्ष्मी देवी और तीन अन्य महिलाओं का दावा है कि ज्ञानवापी परिसर में स्थित विवादित स्थल भगवान विश्वेश्वर का मूल मंदिर है। इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि वे दर्शन और पूजा के उनके अधिकार को सुनिश्चित करें।

#### कई महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे शामिल

वकील विष्णु शंकर जैन के माध्यम से दाखिल की गई इस याचिका में कहा गया है कि सिविल जज और जिला जज की अदालतों में लंबित मुकदमों में कई महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे शामिल हैं, जिन्हें केवल बड़ी अदालत द्वारा हल किया जाना चाहिए। यह विवाद अक्टूबर 1991 से चला आ रहा है, जब वाराणसी सिविल जज के समक्ष भगवान विश्वेश्वर और पांच अन्य की ओर से एक याचिका दायर की गई थी।

# विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव की अधिसूचना की जारी

## 24 अक्टूबर तक लाइसेंसी हथियार जमा कराने का दिया निर्देश





### सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक नामांकन करने का समय निर्धारित

### अभी तक 52 लाख रुपए नगद व 650 लिटर शराब बरामद

धनबाद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन कर विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की।

उन्होंने मीडिया को बताया कि सभी 6 विधानसभा के नामांकन की तैयारी जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट में पूरी कर ली है। कलेक्ट्रेट के सामने विधानसभा वार हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जहां से अभ्यर्थी जमानत की राशि जमा कर नामांकन पत्र ले सकते हैं। नामांकन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जमानत की राशि 10 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जमानत की राशि 5000 रुपए है। वहीं प्रत्येक फ्लोर पर विधानसभा वार अभ्यर्थी के लिए वोटिंग रूम भी बनाए गए है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 है। रविवार को नामांकन नहीं किया जाएगा। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 20 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का समय निर्धारित है। 23 नवंबर 2024 को मतों की गिनती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि 38 सिंदरी विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 4 में निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार तथा 39 निरसा विधानसभा के लिए कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 24 में निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई, जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। 40 धनबाद विधानसभा के लिए अभ्यर्थी प्रथम फ्लोर पर कमरा नंबर 116 में निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के लिए कमरा नंबर 108 में निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा तथा 42 टुंडी विधानसभा के लिए कमरा नंबर 112 में निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी, दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जबकि 43 बाघमारा विधानसभा के लिए अभ्यर्थी तृतीय फ्लोर पर कमरा नंबर 303 में निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की तरह ही इस बार भी नामांकन के दौरान सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मेमको मोड़ पर वाहनों को रोक दिया जाएगा। केवल अभ्यर्थी के तीन वाहन को कलेक्ट्रेट के मेन गेट तक आने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ जिले के सभी इंटरस्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक नाका कार्यरत है। वहीं मंगलवार से 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम कार्यरत हो चुकी है। चुनाव को धन-बल या अन्य माध्यम से प्रभावित करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।

पत्रकार वार्ता में वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा होने के बाद से अब तक फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने 22 लाख एवं विभिन्न चेक नाका पर 30 लख रुपए जब्त किए गए हैं। वहीं 650 लिटर शराब भी बरामद की गई है।

एसएसपी ने बताया कि जिले में 1224 लोगों को आर्म्स लाइसेंस निर्गत है। जिसमें से 496 लोगों ने अपने हथियार जमा करा दिए है। उन्होंने कहा कि शेष लोगों को 24 अक्टूबर 2024 तक अपने संबंधित थाना में हथियार जमा करने का निर्देश दिया है। उस तिथि तक हथियार जमा नहीं करने वालों का आर्म्स लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। पत्रकार वार्ता के समापन से पूर्व उपायुक्त एवं एसएसपी ने जिले के सभी मतदाताओं से, विशेष कर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से, लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की।

## विधानसभा चुनाव 2024 के तहत प्रथम दिन 23 अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन पत्र



धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024, को विधानसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना जारी करने के बाद नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हुई। प्रथम दिन 23 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

प्रथम दिन 38 सिंदरी विधानसभा के लिए सामान्य वर्ग के 4, 39 निरसा के लिए सामान्य वर्ग के 3, 40 धनबाद के लिए सामान्य वर्ग के 5 व अनुसूचित जाति, जनजाति का 1, 41 झरिया विधानसभा के लिए सामान्य वर्ग में 4, 42 टुंडी के लिए सामान्य वर्ग में 4 तथा 43 बाघमारा विधानसभा के लिए सामान्य वर्ग में 2 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया को कराया एमसीएमसी के नियमों से अवगत

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने मंगलवार को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव के दौरान मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी,एमसीएमसी, प्री-सर्टिफिकेशन के नियमों से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के नामांकन करने की तिथि से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के पेड न्यूज़, फेक न्यूज पर एमसीएमसी की चौबीसों घंटे नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के फेक न्यूज एवं पेड न्यूज को लेकर आयोग सख्त है। सभी मीडियाकर्मी संतुलित रिपोर्टिंग करें। सभी चरणों का मतदान संपन्न होने तक एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल पर प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, पंपलेट इत्यादि पर प्रिंटर एवं पब्लिशर का पूरा नाम, पता होना अनिवार्य है।

# लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान





### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने हस्ताक्षर कर की अभियान की शुरुआत

धनबाद, धनबाद जिला अंतर्गत लोकतंत्र को मजबूत बनाने, विधानसभा चुनाव के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओ के द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत समाहरणालय परिसर से की गई। जिसकी शुरूआत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, एच.पी.जनार्दनन ने मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया।

इस दौरान उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने कहा की पूरे जिले मे स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओ को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता अपने घर से निकले एवं अपने मत का प्रयोग करें। मतदाताओं की जागरूकता से लोकतंत्र का भविष्य निर्धारित होता है। प्रत्येक मतदाता को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए।

मौके पर उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कालीदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर डीपीएम जेएसएलपीएस, शैलेश रंजन, एपीआरओ, आलोक मिश्रा, एसएमपीओ, विनीता कुमारी, समेत कई अन्य पदाधिकारी, पत्रकार बंधु एवं आम नागरिकों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी, वर्चुअल रियलिटी वैन रवाना

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### VR वैन, वर्चुअल रियालिटी के माध्यम से वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को चुनाव संबंधी दी जायेगी जानकारी



धनबाद, आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर धनबाद जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त, सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी,वर्चुअल रियलिटी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 6 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर जानकारी दी जाएगी,

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, माधवी मिश्रा ने बताया कि जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो 6 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

इस दौरान अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था, पीयूष सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप शुक्ला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, आलोक कुमार मिश्रा एवं अन्य उपस्थित थे।

## धनबाद में भुजाली से हमले में जख्मी पुटकी के नौशाद की रिम्स में मौत

धनबाद(ईएमएस)।भुजाली से हमले में गंभीर रूप से जख्मी पुटकी निवासी नौशाद की रांची के रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई।वहीं, हमले में घायल मुख्य आरोपी उज्ज्वला महतो का इलाज रिम्स में ही चल रहा है।उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।सोमवार को नौशाद पर हमला करने के आरोपी उज्ज्वला के रिश्तेदार विक्रम को पुटकी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ज्ञात हो कि पुटकी की श्रीनगर कॉलोनी में एक विवाहित महिला के चक्कर में दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हो गई थी।वारदात में नौशाद व उज्ज्वला दोनों घायल हो गए। दोनों को एसएनममसीएच, धनबाद में भर्ती कराया गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बाद में दोनों को रिम्स, रांची रेफर कर दिया था।जहां इलाज के दौरान नौशाद की मौत हो गई। ज्ञात हो कि घटना के बाद से ही नौशाद कोमा में था। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी।

## नक्सल प्रभावित गांव और सुदूरवर्ती इलाकों में बीएसएफ जवानों के साथ एसएसपी ने किया पैदल मार्च



धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देशानुसार हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी गिरधर गोपाल के नेतृत्व में सशस्त्र बल के साथ गिरिडीह जिला पारसनाथ पहाड़ी से सटे हुए इलाकों एवं नक्सल प्रभावित गांव एवं सुदूर बरती इलाकों में बीएसएफ जवानों के साथ एरिया डोमिनेंस के तहत पैदल मार्च किया गया। सुरक्षाबलों ने इलाके के वोटरों से सम्पर्क करते हुए आगामी चुनाव में निर्भीक होकर भयमुक्त वातावरण में अधिकतम संख्या में वोट करने की अपील की।

# पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान के दौरान तीन अपराधी पकड़े गए




धनबाद, धनबाद ग्रामीण एस पी ने अपने सभागार कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया । प्रेस वार्ता का दौरान उन्होंने बतलाया की दिनांक, 21.10.2024 को पुलिस को सूचना मिली की कुछ अपराधकर्मी बरोरा थाना की ओर से कतरास थाना आकर छिनतई लूट की घटना को अंजाम देने वाले है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कतरास थाना, थाना प्रभारी तेतुलमारी थाना, ओ०पी० प्रभारी ईस्ट बसुरिया और थाना, ओ०पी० में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों की एक टीम का गठन किया गया और कतरास थाना की सीमा में ग्राम मानसिह कोरवा,कोलमुड़ना में लेडीडुमर पुल के पास सघन जाँच प्रारंभ किया गया। इसी जाँच के क्रम में रात्रि में ही तीन अपराधकर्मियों को एक मोटरसाईकिल, तीन अवैध देशी कट्टा, तीन 315 बोर का जिन्दा राउण्ड, मोटरसाईकिल का अतिरिक्त नम्बर प्लेट एवं चार मोबाईल के साथ गिरफ्तारी की गई। पकड़े गये अपराधकर्मियों द्वारा अपना नाम, मो0 अख्तर उर्फ दानिश, पिता स्व० मो० अनवर, ग्राम जारंगडीह, थाना बोकारो थर्मल, भोला कुमार दास उर्फ छोटु उर्फ भोरु, पिता - स्व० मोहन दास, ग्राम अजाद नगर शिवनडीह, थाना माराफारी, रिजवान अंसारी, पिता समरुद्दीन अंसारी उर्फ समीम, ग्राम नवाबांध साइम, ओ०पी० तेनुघाट गोमिया, तीनो जिला बोकारो, बताया । इस संबंध में कतरास थाना काण्ड सं0- 277/24 दिनांक 22.10.2024 धारा - 25(1-b)a/26/35 आर्मस एक्ट अंकित किया गया है। तीनों अपराधकर्मियों द्वारा कतरास थाना अन्तर्गत लूट की 5 घटना जोगता थाना अन्तर्गत लूट की 2 घटना, ईस्ट बसुरिया ओ०पी० अन्तर्गत लूट की एक घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की गई। इन अभियुक्तों द्वारा बोकारों जिला के गाँधी नगर थाना, तेनुघाट ओ०पी० एवं अन्य थानों में की गई लूट की घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की गई है। अभियुक्तों के स्वीकारोक्ती बायन के आधार पर अपराधी मो० अख्तर उर्फ दानिश के घर से लूट की एक मोटरसाईकिल एवं कुछ लूटे गये आई०डी० इत्यादि कि बरामदगी कि गई है।

ज्ञात हो की गिरफ्तार किये अभियुक्त मो०, अख्तर उर्फ दानिश पर करीब तीन दर्जन अपराधिक घटना में संलिप्त रहें है। साथ ही इनके विरुद्ध स्थाई वारंट भी निर्गत था। काफी लम्बे समय से फरार चल रहा था। तीनों अभियुक्तों द्वारा अपने कुछ साथियों का नाम बताया गया जिनके संबंध में पुलिस आगे कार्रवाई कर रही है ळ जब्त किये सामानो में,हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल -01 रजिस्ट्रेशन नं0- JH02H 2921, देशी कट्टा - 03, 315 बोर का जिन्दा राउण्ड - 03, स्मार्ट फोन - 03, कीपैड फोन - 01, नगद 150रु, कतरास थाना काण्ड सं0-266/24 दिनांक-06.10.24 में लूटी गई एक होण्डा साईन मोटरसाईकिल - 01, लूटे गये कुछ आई0डी0 कार्ड शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर

## धनबाद में सुगम यातायात हेतु निम्नांकित यातायात व्यवस्था किये गये है




धनबाद। मेमको मोड से निरंकारी चौक के रास्ते में नामांकन के दिन सुबह 10 से शाम 4 तक किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन नहीं होगा, सिर्फ जिनका घर, प्रतिशठान उस मार्ग पर पड़ता है एवं नामांकन हेतू जाने वाले वाहनो को छोड़कर।नामांकन करने आये उम्मीदवार के साथ आये वाहनों में से मात्र 3 वाहन ही मेमको मोड़ से समाहरणालय गेट तक जाएंगे। शेष वाहन मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग के तरफ जाने वाले 8 लेन, सर्विस लेन में पार्किंग करेंगे। किसान चौक से मेमकों मोड़ के तरफ आने वाले वाहन को निरंकारी चौंक से कुरमीडीह चौक होते हुए मेमको मोड़ आ सकेंगे। उम्मीदवार के साथ आने वाले वाहनों को मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग के तरफ सर्वीस लेन में, मेमको मोड़ से कुर्मीडीह तरफ सर्विस लेन में एवं निरंकारी चौक से कुर्सीडीह चौक के किनारे खाली जगह पर पार्क करेंगे।

# धनबाद नगर एसपी अजीत कुमार ने बरवाअड्डा और पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण






धनबाद। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार ने बरवाअड्डा एवं पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, इसी क्रम में एसपी ने बरवाअड्डा थाना अंतर्गत हरिहरपुर, मरीचो, पंजनिया, धरमपुर, छोटा जमुआ एवं तिलैया स्थित पिकेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मतदान केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई समेत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एस पी ने सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।एसपी अजित कुमार ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, लिहाजा उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को ग्रामीणों से सम्पर्क स्थापित कर अधिक संख्या में मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश भी किया ।सुदूर ग्रामीण इलाकों में निरीक्षण के दौरान एसपी ने मतदाताओं से मुलाक़ात कर आगामी विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने को कहा। साथ ही उन्होंने ने वोटरों से किसी भी तरह के प्रलोभन को अस्वीकार करने एवं चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की।

सी दौरान एसपी ने पूर्वी टुंडी क्षेत्र का भी दौरा किया। उन्होंने इलाके में करमदहा स्थित अंतर जिला चेक पोस्ट का भी जायजा लिया। चेक पोस्ट पर तैनात पदाधिकारी व सुरक्षा कर्मियों को चुनाव आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने हेतु निर्देश देते हुए वहाँ उपलब्ध पंजी का भी अवलोकन किया गया। एसपी ने सभी गाड़ियों की सघन जांच करने व अन्य गतिविधियों पर भी नज़र रखने को कहा। ताकी चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका को विफल किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान एसपी, अजीत कुमार के साथ बरवाअड्डा थाना प्रभारी, सुनील रवि, पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी, तारिक़ वसीम समेत अन्य पदाधिकारी व सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।

## डाक मतपत्र कोषांग के पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग सत्र का किया गया आयोजन



धनबाद, उप विकास आयुक्त सह प्रशिक्षण कोषांग तथा कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी, सादात अनवर की अध्यक्षता में मंगलवार को डाक मतपत्र कोषांग के पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग - सह- प्रशिक्षण सत्र का आयोजन न्यू टाउन हॉल में किया गया।

इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि बुधवार से मतदान पदाधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण आरंभ होगा। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने निर्धारित प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंचकर प्रातः 9.30 बजे से प्रशिक्षण प्रारंभ कर देंगे। वहीं पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म 12 की प्रति मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षण केंद्रों पर ही उपस्थित कंप्यूटर ऑपरेटर से निर्धारित सॉफ्टवेयर में इसकी प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उन्होंने त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए अन्य दिशा निर्देश दिए।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।